

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- जमीनी स्तर की योजनाओं से मिलती हैं बड़ी उपलब्धियां - 12



- अमेरिकी शुल्क के बावजूद भारत का निर्याति स्थर भारतीय बाजारों में विविधता से मिली मजबूती - 12



- बांग्लादेश सरकार का दावा-उस्मान हादी के दो संदिग्ध हत्यारे भारत भागे - 13



- नया साल भारतीय महिला हॉकी के लिए नई उम्मीद लेकर आएगा : ड्रैग फ्लिकर दीपिका - 14


आज का मौसम
19.0° अधिकतम तापमान
08.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.04
सूर्यास्त 05.25

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष नवमी 10:12 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 29 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 35, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## 10 हजार रन बनाने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनीं मंधाना

- भारतीय उपकप्तान ने 281 पारियों में हासिल की यह उपलब्धि

तिरुवनंतपुर, एजेंसी

उपकप्तान स्मृति मंधाना रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी20 मैच के दौरान महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली भारत की दूसरी व दुनिया की कुल चौथी बल्लेबाज बनीं।

स्मृति ने यहां ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में निमाशा मीपागे की गेंद पर जैसे ही 27वां रन बनाया स्टेडियम तालियों से गूंज पड़ा। भारत की मिताली राज, इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स उनके पहले यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। स्मृति ने हालांकि सबसे कम पारियों



में 10 हजार रन पूरा करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 281 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। मिताली इस सूची में 291 पारियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चार्लोट और सूजी ने क्रमशः 308 और 314 पारियों में इस आंकड़े को छुआ था। (विस्तृत खेल पेज पर)

# 40 जिलों में छाया घना कोहरा, जारी रहेगा सर्दी का सितम

- यूपी के कई जिलों में घने कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त
- पूर्वांचल के अलावा तराई बेल्ट के जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का कहर बढ़ता जा रहा है। रविवार को 40 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में सर्दी का सितम जारी रहेगा।

आने वाले तीन दिनों 29 से 31 दिसंबर को और कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ सकता है। दिन में उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से कोल्ड-डे की स्थिति बनी रहेगी।



**न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से. पहुंचा:** यूपी के कई जिलों में न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। इनमें बाराबंकी, कानपुर समेत कई जिले हैं। वहीं, इटावा सबसे ठंडा जिला रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था, जो की सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं, अधिकतम तापमान झांसी जिले में 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो की सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 19 व न्यूनतम 10 डिग्री से. रहने की संभावना है। बाराबंकी में 7, सोनभद्र में 7, फतेहपुर में 7, आगरा में 7 डिग्री से. न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

**110 से ज्यादा ट्रेनें लेट:** खराब मौसम के चलते 110 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं तो कई डाइवर्ट-रीशेड्यूल्ड की गईं हैं। डायवर्ट टेनों में 16032 अंडमान एक्सप्रेस, 11078 झेलम एक्सप्रेस, 12751 जम्मू तवी हमसफर एक्सप्रेस हैं। कई घंटे लेट चल रहीं ट्रेनों में 12417 प्रयागराज एक्सप्रेस, 12427 रीवा-आनंद विहार एक्सप्रेस, 12309 न्यू दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस, 15658 ब्रह्मपुत्र मेल,14117 कालिंदी एक्सप्रेस के साथ अन्य ट्रेनें शामिल रहीं।

### ट्रेनें घंटों लेट, 20 से ज्यादा फ्लाइटें हुईं कैंसिल

घने कोहरे के कारण तेजस समेत कई ट्रेनें घंटों लेट चल रही हैं। विमान सेवा पर भी मौसम का असर पड़ा है। बस सेवाओं भी प्रभावित हो रहीं हैं। लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या से आने व जाने वाली लगभग 20 से अधिक उड़ाने घंटो लेट रहीं। कुछ उड़ानों को निरस्त भी कर दिया गया। ऐसे में स्पाइसजेट, एयर इंडिया और इंडिगो के साथ-साथ लखनऊ, दिल्ली एयरपोर्ट ने भी ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली, अमृतसर, जम्मू, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, चंडीगढ़, दरभंगा, पटना, हिंडन, रांची, गुवाहाटी, बागडोगरा की उड़ानें प्रभावित हैं।

### सभी विद्यालय 1 जनवरी तक बंद करने के निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश में चल रही शीतलहर व हांड़ कंपा देनी वाली सर्दी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राज्य में 12वीं तक के सभी स्कूलों को एक जनवरी तक बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। इस क्रम में आईसीएससी, सीबीएससी और यूपी बोर्ड के सभी स्कूलों को एक जनवरी तक बंद करने की हिदायत दी गई है। सीएम ने स्पष्ट किया है कि शीतलहर के दौरान बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखपुर में रैन बसेरों के निरीक्षण, वहां कंबल और भोजन वितरण किया। सीएम ने कहा कि धुंध और कोहरे को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें।

## ब्रीफ न्यूज

### दवा संयंत्र में विस्फोट मामले में सिगाची इंडस्ट्रीज का सीईओ गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सिगाची इंडस्ट्रीज के दवा संयंत्र में इस साल जून में हुए विस्फोट के सिलसिले में कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में 54 लोगों की मौत हो गयी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के मामले में आरोपी नंबर दो के रूप में नामजद सिगाची इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित राज सिन्हा को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जो सभी दवा कंपनी से जुड़े हैं। 30 जून को संगारेड्डी जिले में सिगाची के विनिर्माण संयंत्र में विस्फोट हुआ था।

### संपत्ति दिलाने के नाम पर 12 करोड़ की ठगी पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुग्राम के डीएलएफ कैमेलियास में ऐसी संपत्ति बेचने के नाम पर 12 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है। इन गिरफ्तारियों से एक संगठित प्रॉपर्टी धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है जो पीड़ितों को ठगने के लिए फर्जी बैंक नीलामी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। गिरोह बैंकों द्वारा नीलाम की गई प्रीमियम संपत्तियों पर तुरंत कब्जा दिलाने का झूठा दावा करके कई राज्यों में 200 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर चुका है।

# युवा शक्ति के कारण दुनिया भारत की ओर बड़ी उम्मीदों से देख रही है : मोदी

## मन की बात में प्रधानमंत्री बोले- हमारे विज्ञान और तकनीक ने सभी को प्रभावित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी के विस्तार के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने दुनिया भर के देशों को बहुत प्रभावित किया है और युवा शक्ति के कारण पूरी दुनिया देश की ओर बड़ी उम्मीदों से देख रही है। मोदी ने अपने मासिक मन की बात संबोधन में कहा, आज दुनिया भारत को बहुत आशा के साथ देख रही है। भारत से उम्मीद की सबसे बड़ी वजह है, हमारी युवा शक्ति।

मोदी ने कहा, भारत के युवाओं में हमेशा कुछ नया करने का जुनून है और वो उतने ही जागरूक भी हैं। मेरे युवा साथी कई बार मुझसे यह पूछते हैं कि राष्ट्र निर्माण में वो अपना योगदान और कैसे बढ़ाएं, वो कैसे अपने विचार साझा कर सकते हैं। कई साथी पूछते हैं कि मेरे सामने वो अपने विचार को कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि हमारे युवा साथियों की इस जिज्ञासा का समाधान है विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग। उन्होंने कहा कि पिछले साल इसका पहला संस्करण आयोजित हुआ था और अब कुछ दिन बाद उसका दूसरा संस्करण आयोजित होने वाला है। अगले महीने की 12 तारीख को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर



'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया जाएगा। इसी दिन 'यंग लीडर्स डायलॉग' का भी आयोजन होगा और मैं भी इसमें जरूर शामिल होऊंगा। इसमें हमारे युवा नवोन्मेष, फिटनेस, स्टार्टअप और कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। मैं इस कार्यक्रम को लेकर बहुत ही उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे बहुत से मंच विकसित हो रहे हैं, जहां युवा अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। ऐसा ही एक मंच है स्मार्ट इंडिया हैकथॉन, जहां आईडिया, एक्शन' में बदलते हैं। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का समापन इसी महीने हुआ है। इस हैकथॉन के दौरान 80 से अधिक सरकारी विभागों की 270 से ज्यादा समस्याओं पर छात्रों ने काम किया।

### देश के लिए 2025 गौरवपूर्ण उपलब्धियों का वर्ष रहा

**नई दिल्ली।** मोदी ने कहा कि 2025 भारत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धियों का वर्ष रहा है। इस साल ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। दुनिया ने साफ देखा आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश के कोने-कोने से मां भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आई। 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे हुए। मैंने आपसे आग्रह किया था कि 'हैशटैग वंदे मातरम् 150' के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजें। हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती और महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप अपने नाम किया।

### संस्कृति और भाषाओं के वैश्विक प्रसार की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने फिजी में नई पीढ़ी को तमिल भाषा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने दुबई में रहने वाले कन्नड़ परिवारों द्वारा अपने बच्चों को कन्नड़ भाषा सिखाने के लिए 'कन्नड़ पाठशाला' शुरू करने के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, अब मैं आपसे भारत से हजारों किलोमीटर दूर, एक ऐसे प्रयास की बात करना चाहता हूं, जो दिल को छू लेने वाला है। फिजी में भारतीय भाषा और संस्कृति के प्रसार के लिए एक सराहनीय पहल हो रही है। वहां की नई पीढ़ी को तमिल भाषा से जोड़ने के लिए कई स्तरों पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले महीने फिजी के राकी-राकी इलाके के एक स्कूल में पहली बार तमिल दिवस मनाया गया।

### एंटीबायोटिक के अंधाधुंध इस्तेमाल के खिलाफ चेताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने एंटीबायोटिक प्रतिरोध के मुद्दे को उठाते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे डॉक्टर से परामर्श किए बिना ऐसी दवाएं न लें। कहा कि आईसीएमआर ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कहा गया है कि निमोनिया और यूटीआई जैसी कई बीमारियों के खिलाफ एंटीबायोटिक अप्रभावी साबित हो रही हैं। यह सभी के लिए चिंता का विषय है। इसका एक बड़ा कारण लोगों द्वारा बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन है। कहा, आजकल लोग ये मानने लगे हैं कि बस एक गोली ले लो, हर तकलीफ दूर हो जाएगी। यही वजह है कि बीमारियां और संक्रमण इन एंटीबायोटिक दवाओं पर भारी पड़ रहे हैं।

# धर्मान्तरण रैकेट को एआई के हथियार से करें नेस्तनाबूद : योगी

- बोले, धार्मिक उन्माद व जातीय विद्वेष फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस करे सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने 'पुलिस मंथन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025', के दूसरे दिन रविवार को समापन अवसर पर प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं नेपाल से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से हो रही आतंकवादी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी के नए आयामों का गहन विश्लेषण करते हुए सीमा निगरानी को अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया।

उन्होंने विदेशी फंडिंग से संचालित गो-तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। खासकर धर्मान्तरण रैकेट की रोकथाम के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वित्तीय ट्रेल, तकनीकी विश्लेषण एवं आधुनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग को और मजबूत करने के निर्देश दिए। योगी ने वरिष्ठ अधिकारियों को सोशल मीडिया और साइबर क्राइम पर सख्त निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, डीपफेक, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं इंटेलिजेंस तंत्र को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। योगी ने धार्मिक कन्वर्जन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं।



### आपने काल का ध्यान रखा तो महाकाल भी सहयोग करेगा

योगी ने सख्त लहजे में कहा कि अक्सर होता है कि कोई व्यक्ति काल का शिकार क्यों होता है? क्योंकि वह काल का ध्यान नहीं देता है। लेकिन यहां पर मुझे लगता है कि आपने काल का ध्यान रखा है तो महाकाल भी आपका सहयोग करेगा।

### पुलिस अधिकारी सम्मानित

योगी ने पदक अलंकरण समारोह में अधिकारियों व कार्मिकों को सम्मानित किया और सभी 11 सत्र की चर्चा की। इस दौरान पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, निदेशक एसपीजी आलोक शर्मा, पुलिस महानिदेशक (कारागार) पीसी मीणा आदि मौजूद रहे।



कर्नाटक के कारवार तट पर पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में सवार होतीं राष्ट्रपति मुर्मू। ● एजेंसी

# पनडुब्बी में सवार हो समुद्र की गहराइयों तक पहुंचीं महामहिम

- आईएनएस वाघशीर पर हुईं सवार, यात्रा करने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति
- 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने आईएनएस सिंधु रक्षक में की थी यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर सवार होकर समुद्री यात्रा की। मुर्मू पनडुब्बी पर सवार होकर यात्रा करने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले फरवरी 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस सिंधु रक्षक से समुद्री यात्रा की थी।

अधिकारियों ने बताया कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी पर राष्ट्रपति के सवार होने के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी उनके साथ मौजूद थे। मुर्मू ने नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में प्रवेश करने से पहले नौसेना कर्मियों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया। उन्होंने आईएनएस वाघशीर के चालक दल से बातचीत की और उनकी समर्पण भावना की सराहना की, साथ ही देशी पनडुब्बी को भारतीय नौसेना की पेशेवर उत्कृष्टता और युद्ध तैयारियों का चमकता उदाहरण बताया।

### आईएनएस वाघशीर की खासियत

यह एक स्कॉर्पीन-क्लास पनडुब्बी है, जो अत्याधुनिक हथियारों और प्रणालियों से सुसज्जित है, जिससे यह समुद्र में गुप्त संचालन करने में सक्षम है। वाघशीर की लंबाई 68 मीटर और वजन लगभग 1,550 टन है। यह पनडुब्बी गुप्त संचालन के लिए डिजाइन की गई है। इसमें उन्नत सोनार सिस्टम भी लगाया गया है, जो इसकी निगरानी क्षमताओं को बढ़ाता है।

# वंदे मातरम न बोलने वाले देश हितैषी नहीं

**बदायूं।** कोहरे के चलते रविवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विलंब से बदायूं पहुंचे और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 66वें अधिवेशन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सपा पर जमकर निशाना साधा और विद्यार्थी परिषद की अब तक की उपलब्धियों के बारे में बताया। छात्रसंघ के चुनाव कराने की बात पर सबसे ज्यादा तालियां बजीं।

उपमुख्यमंत्री के आगमन पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। वह दोपहर 12 बजे पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे और डायट स्थित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्र भावना को जागृत किया और युवाओं में जोश भरा। कहा कि जो लोग वंदे मातरम नहीं बोल सकते वह देश हितैषी नहीं हो सकते। मुहर लगाई कि वह छात्रसंघ चुनाव कराने के पक्ष में हैं। छात्र राजनीति को अलग पहचान देते हैं। उन्हें भी छात्रसंघ ने प्लेटफॉर्म दिया था। छात्र शक्ति युवाओं को अलग दिशा देती है। राजनीति की ऊंचाईयों पर पहुंचने के लिए छात्रसंघ चुनाव जरूरी हैं जिससे मानवाधिकार की सुरक्षा होती है। लोकतांत्रिक मूल्यों का अनुपालन विद्यार्थियों का पहला कर्तव्य है।



- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के अधिवेशन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कहा- मैं छात्र संघ चुनाव का हूं पक्षधर

# लेखपाल भर्ती में ओबीसी के 717 पद बढ़े

- उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने किया पदों का पुनर्वर्गीकरण, सामान्य वर्ग के 960 पदों में कटौती

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने 7,994 पदों पर होने वाली लेखपाल भर्ती में बड़ा निर्णय लिया है। उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने राजस्व लेखपाल भर्ती-2026 के लिए संशोधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस रिवाइज्ड नोटिफिकेशन में आरक्षित पदों की संख्या बढ़ा दी गयी है, जबकि भर्ती की योग्यता, आवेदन प्रक्रिया और शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

आयोग द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार, ओबीसी वर्ग के पदों की संख्या में 717 की बढ़ोतरी की गई है, वहीं जनरल कैटेगरी के पदों में 960 की कटौती की गई है। लंबे समय से ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी पदों की संख्या बढ़ाने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद आयोग ने कैटेगरी वाइज समीक्षा करते हुए यह फैसला लिया है।आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस भर्ती के तहत कुल 7,994 पदों पर नियुक्ति की जानी है। कुल पदों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है, केवल आरक्षण श्रेणियों के तहत पदों का पुनर्विन्यास किया गया है।

### संशोधित पदों का विवरण

- सामान्य वर्ग (सामान्य) – 3,205 पद
- अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) – 2,158 पद
- अनुसूचित जाति (एससी) – 1,679 पद
- अनुसूचित जनजाति (एसटी) – 160 पद
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) – 792 पद

**बदलाव** | यूपी देश के अग्रणी निवेश गंतव्यों में शामिल, 12वें से दूसरे स्थान तक का तय किया सफर

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश ने लगाई बड़ी छलांग

- आवेदन निस्तारण दर 97 प्रतिशत से अधिक, 20 लाख से ज्यादा डिजिटल स्वीकृतियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2025 में व्यापार में सुगमता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। प्रशासनिक और डिजिटल सुधारों ने प्रदेश को निवेश के लिए भरोसेमंद राज्य के रूप में स्थापित किया। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत वर्ष 2017-18 में जहां यूपी 12वें स्थान पर था, वहीं वर्ष 2019 में प्रदेश ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2022 और 2024 में उत्तर प्रदेश को 'टॉप अचीवर' की श्रेणी में स्थान मिला।

साथ ही वर्ष 2022, 2023 और 2024 की लॉजिस्टिक्स रैंकिंग में भी राज्य को



'अचीवर्स' के रूप में मान्यता मिली। वर्ष 2021 के गुड गवर्नेंस इंडेक्स में वाणिज्य एवं उद्योग श्रेणी में प्रदेश शीर्ष पर रहा। दरअसल, योगी सरकार ने मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस, के सिद्धांत पर चलते हुए व्यापार और निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर विशेष जोर दिया। समग्र सुधारों, डिजिटल पहलों और निवेशक-अनुकूल नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस में तेज प्रगति की। डिजिटल सिस्टम, पारदर्शी प्रक्रियाएं और बड़े पैमाने पर सुधारों ने प्रदेश को देश के सबसे निवेशक-अनुकूल राज्यों में शामिल कर दिया है। बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान-2024 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को उद्यम स्थापना, श्रम नियमों के सरलीकरण और भूमि प्रशासन जैसे तीन प्रमुख क्षेत्रों में 'टॉप अचीवर' घोषित किया गया। रिफार्म एक्शन प्लान के तहत 2024 के बाद सरकार ने 24 क्षेत्रों में 426 अहम सुधार किए। इनमें उद्यम स्थापना, निवेश सुविधा, भूमि सुधार, श्रम पंजीकरण, पर्यावरण अनुमति, सिंगल विंडो सिस्टम और निर्माण अनुमति जैसी प्रक्रियाएं शामिल हैं।

### निवेश मित्र बना कारोबार का भरोसेमंद प्लेटफॉर्म

सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है डिजिटल सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र। इस पोर्टल के माध्यम से 45 विभागों की 525 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 20 लाख से अधिक स्वीकृतियां डिजिटल रूप से जारी की जा चुकी हैं और 97 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निस्तारण हो चुका है। पोर्टल के अनुसार 96 प्रतिशत से अधिक उपयोगकर्ता निवेश मित्र की सेवाओं से संतुष्ट हैं।

### सरकार कर रही अगले संस्करण की तैयारी

सरकार निवेश मित्र के अगले संस्करण 'निवेश मित्र 3 .0' की तैयारी कर रही है। यह पोर्टल राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम के साथ एकीकृत होगा और एकीकृत शिकायत निस्तारण प्रणाली, निवेश सारथी, आनलाइन इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम, इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक और मुख्यमंत्री दर्पण जैसी प्रणालियों से जुड़ेगा। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट डैशबोर्ड, रियल-टाइम डेटा एनालिसि जैसी सुविधा होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### केवाईसी के नाम पर ठगी, दी तहरीर

**खुटार, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव गुरघिया निवासी सुरजीत कुमार ने पुलिस को बताया कि शनिवार को उसके पास एक फोन आया था और कहा कि बैंक से बोल रहे हैं। तुम्हारा खाता बंद हो जाएगा। इसके लिए केवाईसी कराओ, तब शुरू होगा। इसके बाद पीड़ित ने पूछताछ करने पर खाते से संबंधित डिटेल बता दी। बाद में खाते से दो बार में 3900 और 98 रुपये निकाल लिए। रविवार को पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### तीन भाइयों पर जानलेवा हमला

**निगोही, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा मिश्र निवासी सतीश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है। बताया कि शनिवार की सुबह गांव के नन्हे सिंह का फोन आया कि अपने भाई अटल सिंह व सुरेंद्र सिंह के साथ शंभू सिंह की दुकान पर आ जाओ। वह अपने भाइयों को लेकर बाइक से दुकान पर गया। वहां पर पहले से विश्राम, सोनू सिंह, मोनू सिंह, अर्जुन आदि मौजूद थे। आरोप है कि आरोपियों ने तीनों भाइयों पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सफाई कर्मचारियों को वितरित कीं जैकेट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : वार्ड नंबर 8 ब्रिज बिहार के पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने सफाई कर्मचारियों को गरम जैकेट वितरित कर उनके कार्य की सराहना की। महिला सफाई कर्मियों ने बताया कि 20 वर्षों में पहली बार किसी पार्षद ने ऐसा सम्मान किया है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप पांडे ने इस पहल को प्रेरक बताया। सफाई नायक राजकुमार ने कहा कि पार्षद कर्मचारियों की जरूरतों का पूरा ध्यान रखते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रेश पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बस अड्डे के कायाकल्प की उम्मीद बढ़ी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : अल्हागंज बस स्टेशन की बदहाली दूर करने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी और जिला सचिव प्रभाशंकर गुप्ता ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से लखनऊ में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बस स्टेशन परिसर और दोनों मुख्य द्वारों पर अतिक्रमण, यात्रियों की असुविधा और बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय ने क्षेत्रीय प्रबंधक हरदोई को जिलाधिकारी से समन्वय कर अतिक्रमण हटवाने और पुनर्निर्माण प्रस्ताव प्राथमिकता से देने के निर्देश जारी किए।

### जेवर नकदी वापस करने से किया इनकार

कलान, बदायूं जनपद के थाना उसहैत के ग्राम की रहने वाली एक महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि की कलान थाना क्षेत्र के ग्राम मलिखान नगला निवासी अखिलेश यादव का उसके घर में आना-जाना था। महिला को अखिलेश यादव ने इतना विश्वास में ले लिया कि उसके कानों के झाले एवं 20 हजार रुपए नगद एवं धेवते का एक सोने का ओम ढाई माह पहले ले लिया था। उसने बताया है कि जब उससे अपने रुपए सोने की गहनों देने को कहा तो वह मना करने लगा। पीड़िता ने थाना प्रभारी से रुपए एवं सोने के गहने दिलाए जाने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

# तेंदुए ने दो बार श्रमिकों पर बोला हमला, बाल-बाल बचे

## मंगलवार और शनिवार को गांव प्रतापपुर में दिखा था तेंदुआ, ग्रामीणों ने जताया रोष तब मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

- मजदूरों पर हमले के बाद प्रतापपुर में रखवाया गया पिजड़ा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार** : खुटार क्षेत्र में तेंदुए का आतंक कायम है। डर के कारण किसानों और मजदूरों का खेतों पर जाना बंद हो गया है। शनिवार को तेंदुंए ने दो श्रमिकों पर हमला कर दिया। तब शिकायत के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने सुध ली और पिजड़ा रखवाया। वन कर्मियों ने खेतों में कांबिंग की और लोगों को सचेत किया। आसपास के इलाके के लोग रातों को गांव में पहरा दे रहे हैं।

खुटार के गांव प्रतापपुर निवासी बालक राम के खेत में गन्ना छिलाई का काम चल रहा था। शनिवार को कई श्रमिक खेत में गन्ने की छिलाई कर रहे थे। तभी दोपहर दो बजे के करीब गन्ने के खेत से तेंदुआ निकल आया। श्रमिकों को देखकर तेंदुआ गुर्राने लगा, इससे उनके होश उड़ गए। किसान और मजूदर शोर मचाते हुए वहां से भाग गए। शोर सुनकर तेंदुआ दोबारा खेत में घुस गया। इससे पहले 23 दिसंबर को गांव के ही बालक राम के गन्ने में तेंदुआ छिपा बैठा था। इसी दौरान गन्ने की छिलाई कर रहे अरुण शर्मा और मोहित सिंह पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। किसी तरह शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इससे दोनों की जान बच सकी।


प्रतापपुर में रखवाए गए पिंजड़े के पास खड़े वनकर्मी। ● अमृत विचार

### लोगों के आक्रोश के बाद रखा पिजड़ा

उस वक्त किसानों ने वन कर्मियों को सूचित किया था, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद तेंदुआ लगातार क्षेत्र में देखा जाने लगा। किसानों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया, इससे फसलों का भी नुकसान होने लगा। तब किसानों ने रोष जताते हुए दोबारा शिकायत की। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने रविवार को प्रतापपुर पहुंचकर बालकराम के खेत में पिजड़ा रखवाया और वन कर्मियों ने क्षेत्र में कांबिंग की। तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाई है।

### महेशपुर में खेत में मिले बाघ के पगचिन्ह

खुटार के गांव महेशपुर में रहने वाले राजू वर्मा के गेंहू खेत में बाघ के पगमार्क मिले है। राजू वर्मा रविवार सुबह खेत पर पहुंचे तो मामले की जानकारी हो पाई। लोगों ने बताया कि बाघ की चहलकदमी से खेतों में काम करने से लोग कतरा रहे है। इससे परेशानी हो रही है। जबकि क्षेत्र में बाघ, तेंदुआ ने लगातार देखे जा रहे है। फिर भी वन विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। जंगली जानवरों को जंगल में खदेड़ने या फिर पकड़वाने की मांग की है।

## गाय को गन्ने में घसीट ले गया बाघ

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार**: खुटार इलाके में बाघ और तेंदुआ ने दहशत फैला रखी है। इससे कई गांव के लोग आने जाने वाले रास्तों से होकर निकलने में घबरा रहे है। रविवार सुबह तड़के गांव रुजहां खुर्द से एक किमी दूर पर गेंहू खेत में बाघ ने पीछे से निराश्रित गाय पर हमला कर उसे गन्ने के खेत में घसीट ले गया। किसानों के पहुंचने पर घटना की जानकारी हो पाई। सुबह सूचना देने के तीन घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। बाद में टीम ने गाय का अधखाया शव को गन्ने से बरामद कर पोस्टमार्टम कराया व गड्ढा खोदकर दफनवा दिया। इसके अलावा गांव किनारे तक बाघ की चहलकदमी से लोग डरे सहमे हुए हैं। वनकर्मियों ने ग्रामीणों को सुबह जल्दी खेत में नहीं जाने व रात होने से पहले ही घर लौट आने की अपील की है। खुटार के गांव रुजहां खुर्द निवासी कामता वर्मा का खेत गांव के पूर्व दिशा में है। उन्होंने बताया कि फसलों को बचाव के लिए खेत के चारों ओर तार लगा रखा है।


तेंदुआ दिखने की सूचना पर पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

- रुजहां खुर्द के किनारे तक बाघ की चहलकदमी ने बढ़ाई दहशत खेतों पर नहीं जा रहे किसान
- वनकर्मियों ने पगमार्क ट्रेस कर गाय के शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाया

इससे आवारा पशु खेतों में जा न सके। रविवार सुबह करीब नौ बजे वह खेत पर फसल देखने गए थे। तभी तार टूटे मिले और गेंहू खेत में जंगली जानवर के पगचिन्ह दिखाई दिए। बाद में कुछ दूर पर उमेश वर्मा के गन्ने के खेत में अधखाया हुआ गाय का शव मिला। तो बाघ गन्ने में बैठा होने की आशंका से वह वापस लौट गए। बाद में तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और सूचना वन विभाग को दी। तीन घंटे बीत जाने के बाद वन दरोगा रोहित पांडेय, वन रक्षक संतोष गौड़ टीम के बाद पहुंच कर खेत में मिले पगचिन्हों को ट्रेस किया। साथ ही गाय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ ने गाय पर पीछे से हमला कर शिकार किया है। बाघ आसपास खेतों में बैठा हुआ है। जो गांव के किनारे तज दस्तक दे सकता है। इसके अलावा वन विभाग की टीम ने जांच कर लोगों को जागरूक किया है।

### बाघ देखकर जान बचाकर भागा युवक

**खुटार, अमृत विचार** : गांव सिल्हुआ से कुछ दूर पहले चार सौ मीटर दूर पर बाग के पास बाइक सवार को बाघ बैठा दिखाई दिया। दहाड़ने पर बाइब सवार गांव की ओर भाग गए। सूचना पर रविवार को वन विभाग की टीम गांव पहुंची और जांच की। गांव सिल्हुआ निवासी रामशंकर मिश्रा ने बताया कि शनिवार की शाम गांव के रामनिवास अपने बेटे मोहित के साथ बाइक से खुटार के नखासा बाजार से लौट रहे थे। पीछे से गांव के राजेंद्र साइकिल से आ रहे थे। तभी गांव से कुछ ही दूर बाग के पास बाघ बैठा दिखाई पड़ा। बाद में बाघ प्रधान तरुण दीक्षित के खेत में चला गया। इससे पूर्व 21 दिसंबर को सिल्हुआ मोड़ पर कोल्ड स्टोर के पास गांव के रहने वाले सुशील कुमार पांडेय ने जंगली जानवर को खड़ा देखा था। शुक्रवार को भी फिर से बाघ उसी स्थान पर देखा गया था। गांव के ज्ञानेश चन्द्र पांडेय खुटार से बाइक लेकर घर लौट रहे थे। तभी गांव से पहले कोल्ड स्टोर के पास रामप्रेम दीक्षित के गन्ने के खेत में बैठा जंगली जानवर दहाड़ पड़ा। इससे वह घबरा गए और किसी तरह जान बचाकर वह घर पहुंचे थे। करीब पंद्रह दिनों से ज्यादा समय से तेंदुआ, बाघ दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद वन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। उधर, रविवार को वनकर्मी गांव पहुंचे और जांच की।

## विधायक ने वितरित किए कंबल

**तिलहर, अमृत विचार**: कड़ाके की सर्दी पड़ने पर शासन की ओर से नायब तहसीलदार पूनम मधुकर के साथ विधायक सलोना कुशवाहा ने रविवार को कम्बल वितरित किए। विधायक गांव चितीभोझी पहुंचीं। नायब तहसीलदार पूनम मधुकर व लेखपाल प्रवीन कुमार के साथ उन्होंने जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। गांव सभा आजमावाद बिहारीपुर जाकर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए।


जरूरतमंदों को कंबल वितरित करतीं विधायक सलोना कुशवाहा। ● अमृत विचार



### रेलवे स्टेशन पर चाय संग बांटे कंबल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : जिले की समाजसेवी संस्था सहयोग की ओर से रेलवे स्टेशन परिसर में चाय वितरण शिविर का आयोजन किया गया। राहगीरों को चाय पिलाई गई, वहीं जरूरतमंदों को कंबलों का भी वितरण किया गया। संस्था की डायरेक्टर तराना जमाल ने बताया कि सर्द मौसम को देखते हुए सहयोग संस्था की ओर से चाय वितरण के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए जा रहे हैं। संस्था के संस्थापक शाहनवाज खान एडवोकेट ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सैयद अनवर मियां, विकास सक्सेना, महेंद्र दुबे, नुजहत अंजुम, संगीता गुप्ता, ममता यादव, सुमन गुप्ता, रिफा अनवर, संतोष सक्सेना, महेंद्र वर्मा ,सवाब समेत बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अधिक कीमत में शराब बेचने का विरोध करने पर पीटा

**खुटार, अमृत विचार**: नगर के मोहल्ला रायटोला निवासी ओमवीर ने पुलिस को बताया कि 27 दिसंबर की रात करीब नौ बजे वह पुवायां रोड पर स्थित अंग्रेजी बियर शराब की दुकान पर 120 रुपये वाली कीमत का ट्रेटरा पैक लेने गया था।

आरोप है कि दुकान पर मौजूद सेल्समैन ने एक वहीं टेटरा पैक150 रुपये में दिया। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो सेल्समैन ने जातिसूचक गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर सेल्समैन ने उसे लात-घुसो से मारा पीटा। वहां मौजूद अन्य लोगों ने आकर उसे बचाया। इसके बाद ओमवीर ने यूपी 112 डायल पुलिस को सूचना दी। तो उक्त सेल्समैन मौके से चला गया। रात की पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## गली मोहल्ले की सड़कें बनी अवैध पार्किंग स्थल, लोग हो रहे परेशान

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : महानगर में संकरी गलियों में रात दिन चौपहिया वाहन खड़े रहते हैं। गलियों व सड़कों पर अवैध कार पार्किंग बना दी गई है। वाहन स्वामियों से आपत्ति करने पर झगड़े और मारपीट तक की नौबत आ जाती है। इस संबंध में लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायतें भी कीं, मगर समस्या का हल नहीं निकला।

शहर में कई मोहल्लों में गलियां संकरी होने के बाद भी कार स्वामी अपने वाहन खड़े कर देते हैं। ऐसे में राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिकायत होने पर अभियान चलाने की बात कही गई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। वहीं इसी तरह के हालात फुटपाथों के हैं। लोगों ने फुटपाथों को भी अवैध रूप से पार्किंग स्थल बना लिया है। जिससे दिक्कत होती है।


गली-मोहल्लों में सड़क किनारे खड़े चौपहिया वाहन। ● अमृत विचार

- संकरी गलियों में वाहन खड़े होने से राहगीरों को हो रही दिक्कत
- शिकायत के बाद भी नहीं चला अभियान, अफसर बने अंजान

ऐसी समस्याओं का समाधान करने के लिए नगर निगम ने सख्त कदम उठाने की बात पर अभी अमल नहीं किया गया है। गली-मोहल्ले में या नो पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने पर पांच सौ रुपये का जुर्माना लगता है। लेकिन कार्रवाई न होने से वाहन स्वामी बेफिक्र हैं। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने बताया कि मोहल्लों में अवैध पार्किंग और सड़क किनारे रात दिन चौपहिया वाहन खड़े करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए कमेटी बनाई गई है।

## रोजा पावर में 84 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान


रक्तदान के बाद हाथ दिखाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**: रिलायंस समूह के संस्थापक धीरुभाई अंबानी के जन्मदिन के अवसर पर रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में अधिकारियों, उनके परिवार के सदस्यों और कामगारों ने 84 यूनिट रक्तदान किया। शुभारंभ स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर और एचआर हेड धर्मेंद्र सिंह बैस ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉक्टर सानिया ने आयोजन के लिए आभार जताया।

## स्थापना दिवस पर प्रस्तुत किया लेखा-जेखा

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार**: कस्बा के सरस्वती विद्या मंदिर में परशुराम सर्व कल्याण समिति का 17वां स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति द्वारा वर्ष भर किए गए गरीब कल्याण से जुड़े कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सामूहिक तहरी भोज का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बताया कि परशुराम सर्व कल्याण समिति का उद्देश्य सदैव गरीबों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करना है।

- सामूहिक तहरी भोज का आयोजन, गरीब कन्याओं व बीमार लोगों को दिया सहयोग
- सहायता प्रदान के बाद भी समिति के खाते में बचे हैं 8.12 लाख रुपये, जिनसे होंगें जनहित कार्य

समिति द्वारा इस वर्ष गरीब कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहयोग किया गया, वहीं आधा दर्जन बीमार लोगों को भी सहायता प्रदान की गई। सामाजिक कार्यों के अंतर्गत इस वर्ष कुल एक लाख 38 हजार रुपए व्यय किए गए, जबकि समिति के खाते में आठ लाख 12 हजार रुपए शेष हैं। कार्यक्रम के अंत में समिति के प्रबंधक राजीव द्विवेदी, उपाध्यक्ष सर्वेश दीक्षित, अमित सिंह, रामू मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।


कार्यक्रम में पदाधिकारी और प्रतिभागी।

## सलमान ने पेश की इंसानियत की मिसाल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**: गाय को लेकर चल रही राजनीति के बीच शाहजहांपुर के एक मुस्लिम युवक ने इंसानियत और गौसेवा की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी सलमान सर्द रातों में साइकिल लेकर शहर की सड़कों पर निकल पड़ते हैं। उनका मकसद सिर्फ एक है, ठंड से कांप रही बेसहारा गायों को बचाना। जहां भी सड़क किनारे या मोहल्लों में गाय बैठी मिलती है, वहीं रुककर वह बोरे निकालते हैं और गाय के शरीर पर ओढ़ाकर सिल देते हैं, ताकि ठंडी हवा और कोहरे से बचाया जा सके। सलमान का कहना है कि जब लोग घरों में आराम से सो रहे होते हैं, तब ये जानवर सड़कों पर ठंड सहते हैं, इसी वजह से वह सेवा के लिए निकलते हैं।


बछड़े को बोरा ओढ़ाते सलमान।

## पीडब्ल्यूडी की सड़क एक सप्ताह में उखड़ी, लोगों में रोष

**जलालाबाद, अमृत विचार** :क्षेत्र के कुम्हरुआ गांव को जाने वाले रास्ते पर बनाई गई सड़क पर कमीशन का घुन लगा मिला। ये ही वजह रही कि सड़क एक सप्ताह में ही उखड़ने लगी। इस पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए शिकायत की है।

गांव के लोगों ने बताया कि उनके गांव में एक सप्ताह पहले सड़क बनकर तैयार हुई थी। सात दिन भी नहीं बीते कि सड़क उखड़ने लगी। एक सप्ताह में सड़क खराब होने से बुजुर्गों, बच्चों और रोगियों को सफर करना मुश्किल हो रहा है। गांव के लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। ठेकेदार और संबंधित लोगों ने सड़क निर्माण में जमकर कमीशन का खेल किया है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से जांच कराकर दोषी अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई तथा मानक के अनुरूप पुनर्निर्माण की मांग की है।


सड़क के विषय में बताते ग्रामीण।

- गांव के लोगों ने कहा कि डीएम से करेंगे मामले की शिकायत

## बड़ागांव में सफाई व्यवस्था चौपट, गंदगी से परेशान लोगों में आक्रोश

- गांव ओडीएफ घोषित, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार**: पुवायां की ग्रामसभा व तिलहर विधानसभा का अंतिम गांव बड़ागांव भले ही सरकारी रिकॉर्ड में ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) घोषित हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। गांव में जलनिकासी की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, जिससे बरसात या गंदा पानी सड़कों पर भर रहा है और ग्रामीणों का जीवन नारकीय बन गया है।

ग्रामीणों के अनुसार पानी के निकास के लिए बना तालाब पाट दिया गया, वहीं दूसरी ओर पुलिया के सामने दीवार खड़ी कर दी गई, जिससे पानी का प्राकृतिक बहाव रुक गया है। नतीजा यह है कि गलियों और सड़कों पर गंदा पानी जमा रहता है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्वच्छता व्यवस्था भी केवल दिखावे तक सीमित है। इतने बड़े गांव में केवल दो सफाई कर्मी तैनात हैं, जिनमें से एक दिव्यांग है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मी सुबह लगभग 11 बजे आते हैं, फोटो खिंचवाते हैं और बिना सफाई किए लौट जाते हैं। वास्तविक सफाई कार्य लगभग शून्य है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही जनप्रतिनिधि। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही जलनिकासी और सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तालाब और जलनिकासी की व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए, अवैध दीवार हटाकर पानी का रास्ता खोला जाए, सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए, नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। अब सवाल यह है कि क्या बड़ागांव को सिर्फ फाइलों में ही स्वच्छ रखा जाएगा या ज़मीनी हकीकत भी बदलेगी? लोगों ने कहा कि यदि सफाई नहीं हुई तो वे लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।


गांव में पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार


गांव में भरा कीचड़। ● अमृत विचार

### क्या बोले ग्रामीण


गांव के पश्चिम गलियों में जलभराव की समस्या बेहद गंभीर है, जिससे ग्रामीणों को खासी समस्या हो रही है। - **गोवर्धन**, ग्रामीण


जब वह खेतों के लिए निकलते हैं तो कीचड़ भरे रास्तों को पार कर जाना उनके लिए कठिन होता है वहीं बच्चे और महिलाएं फिसलकर गिर भी जाते हैं। - **रविंद्र कुमार**, ग्रामीण


सफाई कर्मियों की संख्या काफी कम है जबकि गांव का क्षेत्रफल और आबादी अधिक। - **अनीश कुमार**, ग्रामीण


कीचड़ भरे रास्तों से गुजरकर बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है, वहीं अन्य लोग भी परेशान हो रहे हैं। - **कमलेश कुमार**, ग्रामीण

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में भूलेख निरीक्षक घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कलान तहसील के भूलेख निरीक्षक अनुराग शर्मा रविवार को बाइक से खुदागंज जा रहे थे। कटरा-खुदागंज मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे भूलेख निरीक्षक घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गया। कटरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को खुदागंज सीएचसी पर भेजा गया। डाक्टर ने घायल निरीक्षक को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां हालत गंभीर है।

### दो बाइकों की टक्कर में छह लोग घायल

**मदनापुर, अमृत विचार** : कटरा-जलालाबाद मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी, जिससे बाइक पर सवार छह लोग घायल हो गए। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव हीरानगर निवासी रमाकांत सुबह अपनी बाइक से गुरुद्वारा में मत्था टेकने के बाद अकबरपुर तिरिया झाला पर जा रहे थे। उनकी बाइक पर सुखदीप सिंह, फतेह सिंह, गुरजीत सिंह बैठै हुए थे। कटरा-जलालाबाद मार्ग पर बेहटा पाठक मोड़ पर दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दूसरी बाइक पर सवार कांट थाना क्षेत्र के गांव हथेल निवासी राजीव, रामबाबू घायल हो गए। दोनों लोग हथेल गांव से ढुकरी जा रहे थे।

### बाइक की टक्कर से युवक का जबड़ा टूटा

**तिलहर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर शनिवार देर रात अज्ञात बाइक ने साइकिल सवार ग्रामीण को टक्कर मार दी। हादसे में बिलहरा निवासी राजू पुत्र रोशन लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर राजू को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वहां से उसे बरेली भेज दिया गया है। बताया जाता है कि राजू की हालत गंभीर है।

### घर के बाहर से बाइक ले गए चोर, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कांट थाना क्षेत्र के गांव सरथौली निवासी अनुराग श्रीवास्तव ने चौक कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि बरेली मोड़ पर स्थित आवास विकास कालोनी में किराए के मकान में रहता है। चार दीन पूर्व उनकी बाइक घर के बाहर सुबह नौ बजे खड़ी थी। वह दो घंटे बाद घर के बाहर आए तो उनकी बाइक गायब मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### संपत्ति के लालच में दिव्यांग को पीटा

**कलान, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लानगर मिल्किया निवासी दिव्यांग हरीश यादव ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी संपत्ति को पिता व भाई छीनने पर अमादा हैं। 23 दिसंबर को खरीदी उसकी 58 हजार रुपए की भैंस को भाइयों एवं पिता ने छीन कर शनिवार को बेच दिया। शिकायत करने पर आरोपियों ने हमला कर दियाय, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### पुरानी मजार के रंग-रोगन की पुष्टि

**तिलहर, अमृत विचार** : नगर की आबादी में सड़क किनारे नई मजार बनाए जाने की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में पता चला कि मौजमपुर पुलिस चौकी के पास अस्पताल रोड स्थित पुरानी मजार पर कोई नया निर्माण नहीं किया गया था, बल्कि रंग-रोगन कराया गया है। पुलिस ने बताया कि विवाद नहीं है।

# दोनों समुदायों की सहमति से अफसरों की मौजूदगी में ढहाया गया निर्माण

## पुवायां थाना क्षेत्र के गांव मरेना में धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर था विवाद

संवाददाता, पुवायां/ शाहजहांपुर


गांव पहुंचे हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

> दोनों पक्षों की सहमति के बाद पुलिस प्रशासन की निगरानी में अवैध निर्माण हटाया गया है। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है और वर्तमान में किसी प्रकार की तनावपूर्ण स्थिति नहीं है। - **राजेश द्विवेदी**, एसपी

- जेसीबी से ढहाया गया एक वर्ष पुराना निर्माण
- गांव में पुलिस तैनात, शांति व्यवस्था कायम
- धर्मस्थल को लेकर बीते वर्ष सामने आ गए थे दो पक्ष

**अमृत विचार:** पुवायां थाना क्षेत्र के मरेना गांव में रविवार को धार्मिक स्थल पर किए गए अवैध निर्माण को दोनों पक्षों की सहमति से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कराई गई। बीते दिनों निर्माण को लेकर उत्पन्न हुए विवाद के बाद प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मौके पर कार्रवाई का निर्णय लिया।

मरेना गांव में एक मजार पर करीब एक वर्ष पूर्व दीवारें उठाकर लिंटर डाला गया था। उस समय विरोध के बाद निर्माण कार्य रुकवा दिया गया था। हाल ही में दोबारा लिंटर खोलकर निर्माण शुरू करने के प्रयास की सूचना मिली, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनने लगी। मामले की जानकारी पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर पहुंचे और विरोध दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस-प्रशासन सक्रिय हो गया। तनाव की आशंका को देखते हुए रविवार सुबह से ही प्रशासनिक अमला गांव पहुंच गया।

एसपी ग्रामीण, सीओ पुवायां, एसडीएम पुवायां, तहसीलदार और नायब तहसीलदार दो थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर तैनात रहे। एहतियातन गांव में बाहरी लोगों और मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर रोक लगाई गई। इसके बाद जेसीबी की सहायता से मजार के आसपास बनी अवैध दीवारों और लिंटर को दोनों पक्षों की सहमति से गिरा दिया गया। कार्रवाई के दौरान चबूतरे पर बनी मजार को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया। अवैध निर्माण हटने के बाद गांव में स्थिति सामान्य बनी रही। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। बताया कि कोई विवाद नहीं हुआ।

### तीन दिन के अल्टीमेटम के बाद बढ़ा था विवाद

बीते दिनों धार्मिक स्थल पर दोबारा निर्माण शुरू होने की सूचना पर हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने अवैध निर्माण हटाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था और तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था। इसी दौरान गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया था। किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने दोनों पक्षों से बातचीत कर सहमति बनाई और समय रहते अवैध निर्माण हटवाने की कार्रवाई कराई, जिससे बड़ा विवाद टल गया।

## 30 हजार मतदाताओं को भेजे जाएंगे नोटिस

**पुवायां, अमृत विचार:** एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) के अंतिम चरण में प्रशासन की ओर से करीब 30 हजार मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे, ताकि वे अपने आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय में जमा कर सकें।

इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एसडीएम द्वारा एआरओ की सहायता हेतु लगभग 25 सहायक एआरओ की तैनाती की गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन सहायक एआरओ के माध्यम से बूथवार सुनवाई की तिथियां निर्धारित की जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व लगभग 96 हजार मतदाता सूची से बाहर किए जा चुके हैं। करीब 30 हजार मतदाता जिनका नाम 2003 की सूची में नहीं आ रहा था, इन्हें नोटिस दिया जाएगा। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया के लिए दस दिन का समय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में सभी एआरओ के माध्यम से कार्य पूर्ण कराया जाएगा, जिससे मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन किया जा सके।

# ठेकेदार, सचिव पर छुट्टी के दिन तौल करने के लगे आरोप

पुवायां, संवाददाता

- पुवायां मंडी में छुट्टी के दिन हो गई 300 क्विंटल तौल

**अमृत विचार:** पुवायां मंडी समिति में संचालित धान खरीद केंद्रों पर नियमों की अनदेखी का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि नवाबपुर गंगा किसान समिति के धान खरीद केंद्र पर अवकाश के दिन 300 कुंटल धान की तौल कराई गई, जिसमें ठेकेदार और समिति सचिव की मिलीभगत बताई जा रही है। जिससे मंडी प्रशासन और जिला स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार नवाबपुर गंगा किसान समिति का धान खरीद केंद्र पुवायां मंडी परिसर में स्थापित है। आरोप है कि केंद्र का संचालन समिति सचिव की मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा अपने स्तर से किया जा रहा है। केंद्र प्रभारी की अनुपस्थिति में ठेकेदार ने छुट्टी के दिन 300 कुंटल धान की तौल करवा दी, जबकि नियमों के अनुसार अवकाश के दिन किसी भी प्रकार की खरीद प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए। मामले को लेकर यह भी सवाल उठ रहे हैं कि जब एक केंद्र पर छुट्टी के दिन इतनी बड़ी मात्रा में तौल कराई जा सकती है, तो मंडी में संचालित अन्य धान खरीद केंद्रों पर भी इसी तरह की खरीद कितनी हुई होगी। इससे मंडी प्रशासन के साथ-साथ जिला स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में आ गई है। आरोप है कि शासन स्तर से धान खरीद में पारदर्शिता और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद आदेश कागजों तक सीमित रह जाते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर ठेकेदारों का दबदबा बना हुआ है। वहीं इस संबंध में अब मंडी प्रशासन और उच्च अधिकारियों की ओर से जांच व कार्रवाई को लेकर निगाहें टिकी हुई हैं। इस मामले में एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि अवकाश के दिन खरीद होने के मामले में जांच करवाई जाएगी। साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई भी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी तरह के बिचौलियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। यदि किसी किसान को लगता है कि कहीं घपला हो रहा है तो वह तुरंत शिकायत कर सकता है।

# दुष्कर्म करने वाला झोलाछाप गिरफ्तार

संवाददाता, शाहजहांपुर/सिंधौली

- सीटी स्कैन के बहाने होटल में ले जाकर किया था दुष्कर्म
- नशे की गोलियां खिलाने का महिला ने लगाया आरोप

**अमृत विचार** : झोलाछाप ने सिटी स्कैन कराने के बहाने महिला से होटल में दुष्कर्म किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता का आरोप है कि झोलाछाप ने उसे नशीली दवा खिला दी थी, जिससे वह बोहेश हो गई।

सिंधौली थाना क्षेत्र की एक महिला ने दी गई तहरीर में बताया कि पांच दिन पूर्व उसकी तबीयत खराब हो गयी थी। उसने झोलाछाप को दिखाया। आरोपी ने सिटी स्कैन कराने की सलाह दी। झोलाछाप के कहने पर महिला उसके साथ गई, लेकिन वह अस्पताल न ले जाकर उसे होटल में ले गया। वहां किराए के कमरे में ले गया और नशीली दवा खिला दी। बेहोश होने पर उसके साथ दुष्कर्म किया। धमकी दी कि शिकायत की तो जान से मार देगा। महिला ने परिवार वालों को जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आरोपी नौशाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### बहू के साथ छेड़छाड़ का आरोपी जेठ गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : बहू के साथ छेड़छाड़ करने वाले जेठ को कटरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जुगुल किशोर ने बताया कि ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते है और आए दिन मारपीट किया करते है। उसका आरोप है कि उसके जेठ ने एक कमरे में पकड़ लिया ओर उसके साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस ने आरोपी जेठ को जेल भेज दिया।

### ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : रोजा थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी शिल्पी ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो साल पहले कौशल निवासी गाड़ीपुरा रेती थाना रामचंद्र मिशन के साथ हुई थी। उसकी एक साल की पुत्री है। ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। एक लाख रुपये और बाइक की मांग करने लगे। उसने विरोध किया, इससे नाराज हो कर ससुराल वाले मारने पीटने लगे। एक माह पूर्व ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया।

## बीएलओ पर फर्जी वोट बनाने का आरोप

**मिर्जापुर, अमृत विचार:** पंचायत चुनाव में पारदर्शिता के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बीएलओ की तैनाती के बावजूद फर्जी वोट बनाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत मझारा बढ़ाऊ में नियुक्त बीएलओ अजीत सिंह ने दूसरी ग्राम पंचायत के मतदाताओं के वोट यहां दर्ज कर दिए। मझारा बढ़ाऊ की मतदाता सूची में मुन्नी पत्नी संतकुमार का वोट क्रमांक 391 और रूबी पत्नी विवेक का वोट क्रमांक 394 पर दर्ज किया गया है, जबकि दोनों के नाम पहले से ही ग्राम पंचायत सिंगहा यूसुफपुर की मतदाता सूची में क्रमांक 1443 और 1446 पर दर्ज हैं। बीएलओ अजीत सिंह का कहना है कि उन्हें जैसे फॉर्म भरकर दिए गए, उसी आधार पर वोट बनाए गए और उन्हें फर्जीवाड़े की जानकारी नहीं थी।

# टोल प्लाजा कर्मचारियों ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं की बस पर किया पथराव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मदनापुर टोल प्लाजा पर हुई घटना, बाल-बाल बचे कार्यकर्ता
- कुदैया ग्राम प्रधान पर भी आरोपियों का साथ देने का आरोप

**अमृत विचार:** मदनापुर-जलालाबाद रोड पर स्थित टोल प्लाजा के कर्मचारियों और असामाजिक तत्वों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की बस पर पथराव किया। इस दौरान एक व्यक्ति ने तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। चालक ने किसी प्रकार बस भगाकर कार्यकर्ताओं की जान बचाई। शिकायत पर पुलिस ने टोल प्लाजा पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए। मदनापुर थाना में अज्ञात टोल प्लाजा कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के कस्बा मदनापुर निवासी पंकज त्रिवेदी ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता 66 वें ब्रज प्रांत अधिवेशन बदायूं में भाग लेने के लिए शनिवार रात आठ बजे बस से जा रहे थे। जलालाबाद-मदनापुर रोड पर स्थित टोल प्लाजा पर शराब के नशे में टोलकर्मी और कुछ आसामाजिक तत्वों ने अचानक हमला बोल दिया।

टोल कर्मचारी हाथों में डंडे और लोहे की राड आदि लेकर आ गए। हमलावरों ने बस पर तोड़फोड़ करना शुरु कर दी। विरोध करने पर बस के ऊपर पथराव कर दिया। आरोप है कि बस के बाहर लगा अखिल भारतीय हिन्दू परिषद का झंडा फाड़ दिया। इस दौरान एक व्यक्ति तमंचा लेकर आया ओर लहराते हुए अखिल विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं को जान से मारने की धमकी देने लगा। कार्यकर्ताओं ने डर के कारण बस के दरवाजे और खिड़कियां बंद कर ली। इस दौरान चालक बस लेकर भागा। आरोप है कि मौके पर कुदैया गांव के प्रधान भी हमलावरों के साथ देखा गया है। उन्होंने टोल प्लाजा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मदनापुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर टोल प्लाजा कर्मचारी अज्ञात , असामाजिक तत्व अज्ञात और ग्राम प्रधान कुदैया के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## भाकियू किसान ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**पुवायां, अमृत विचार:** कड़ाके की ठंड को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप ने मानवता का परिचय देते हुए अपने कार्यालय पर जरूरतमंदों एवं बुजुर्ग महिलाओं को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर बुजुर्गों और जरूरतमंद महिलाओं के चेहरों पर राहत और खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर पवन कश्यप ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों की मदद करना सामाजिक दायित्व है। संगठन आगे भी ऐसे कार्य लगातार करता रहेगा ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड से परेशान न हो। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और वितरण कार्य में सहयोग किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया 140 वां स्थापना दिवस, ध्वजारोहण कर दी सलामी

- कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

संवाददाता, शाहजहांपुर


कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण कर सलामी देते पार्टी पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस पर रविवार को पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा आज कांग्रेस के 140 वर्ष पूरे हुए।

भले ही आज जनता ने भाजपा को मौका दिया है, लेकिन सरकार कांग्रेस ने भी चलाई है। कांग्रेस ने हमेशा जनहित और देशहित में कार्य किया। सत्ता में रहकर कभी विपक्षी दलों के खिलाफ बदले की भावना से कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी नफरत की राजनीति नहीं है। जबकि भाजपा नफरत की राजनीति करती है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, अनूप वर्मा, कृष्ण विनोद मिश्रा, दिनेश कुमार, अनिल श्रीवास्तव, फुरकान अहमद कुरैशी, रामजी अवस्थी, अदीब अहमद, अफजाल खान, संजय सक्सेना, सैय्यद रहमान, सुशील प्रकाश शर्मा, सईद अंसारी, महेंद्र त्रिपाठी, नीरज अवस्थी, शकील अहमद, गुलज़ार अंसारी, प्रत्यूष मिश्रा आदि रहे।

## नारकोटिक्स सेल ने एक मैरिज लान पर मारा छापा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** दिल्ली शाखा की नारकोटिक्स सेल अपराध के उप निरीक्षक दीपक सिंह, मोहम्मद इस्माइल, सुल्तान सिंह ने कटरा पुलिस को साथ में लेकर शनिवार की रात क्षेत्र में एक मैरिज लान पर छापा मारा। टीम मैरिज लान स्वामी को लेकर कटरा थाना पर लेकर आयी। टीम ने मादक तस्करी के बारे में पूछताछ की। इसके बाद छोड़कर वापस दिल्ली चली गयी। कटरा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस उनके सहयोग में गयी थी और थाना पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। हालांकि इस प्रकरण की कस्बे में काफी चर्चा रही है। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के कारण कटरा पुलिस का कोई रोल इस प्रकरण से नहीं है। नारकोटिक्स का मामला है।

# कंबल बांटकर सुनीं बुजुर्गों की पीड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मानवता वेलफेयर सोसायटी ने रविवार को ब्लॉक भावलखेड़ा के ग्राम पींग में शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए बुजुर्ग जरूरतमंद विधवा महिलाओं में कंबल वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने महिलाओं की पेंशन, आवास एवं अन्य सामाजिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें प्रशासन तक पहुंचा कर उन्हें सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष विभिन्न पिछड़े एवं उपेक्षित ग्रामों के साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन सायंकाल जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर मानवता का दायित्व निभाया जा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम में नीरा श्रीवास्तव, आकांक्षा मिश्रा, दिव्यांशी, अनुराधा पांडे, शगुन एवं धर्मेंद्र सिंह का सराहनीय सहयोग रहा।

### पुवायां विधायक ने वितरित किए कंबल

**पुवायां, अमृत विचार** : भाजपा विधायक चेतराम ने अपने पुत्र अनुज कुमार के बनगवा, सबली, मुड़िया कुर्मीयात, खजुरिया, बसंतापुर, विक्रमपुर, जलालपुर गांवों में सैकड़ों लोगों को कंबल वितरित किए। विधायक चेतराम ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों की मदद करना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहन मित्तल, अनिल कटियार, विनय कटियार, मझले सिंह, रामसेवक, संजीव मिश्रा आदि रहे।

# महुआ पाठक में विकास कार्यों में घोटाले का आरोप

- ग्रामीणों ने कहा कि निष्पक्ष जांच हो तो खुल सकती है हकीकत

**पुवायां, अमृत विचार:** विकास खंड पुवायां की ग्राम पंचायत महुआ पाठक में कराए गए विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता व भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने खंण्ड विकास अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर जांच कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कई कार्य कागजों में पूरे दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया, जबकि धरातल पर कार्य अधूरे या मानकों के विपरीत हैं। शिकायत के अनुसार पंचायत घर का निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ, इसके बावजूद पूरा भुगतान निकाल लिया गया। इसी तरह गांव में हैंडपंप रिबोर नहीं कराए गए, फिर भी धनराशि आहरित कर ली गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाईवे से लज्जाराम के घर तक, हरीराम के घर से छुन्नालाल के घर तक, राजाराम के घर से रत्तन के घर तक तथा अशोक के घर से राजू के घर तक कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य विधिवत नहीं किए गए। वहीं प्रमोद के मकान से जयवीर के मकान तक केवल 70 फुट इंटरलॉक बिछाई गई, जबकि 100 फुट का भुगतान निकाल लिया गया। इसके अलावा नंदकिशोर के मकान से प्रमोद के मकान तक नाली निर्माण तथा प्रमोद के मकान से सियाराम के मकान तक फर्जी नाली निर्माण दिखाकर धन निकासी का आरोप भी लगाया गया है। पंचायत घर में वॉल पेंटिंग का कार्य न होने के बावजूद भुगतान किए जाने की बात भी शिकायत में कही गई है। इस संबंध में ग्रामीण पवन, योगेंद्र, अमित, अमन, छोटेलाल, शिवम शुक्ला, पप्पू, पुष्कर समेत अन्य लोग रहे।

## पुलिस ने जालसाज से वापस कराए पीड़ित के रुपये

**मदनापुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के कस्बा मदनापुर निवासी अबरार ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि अनजान व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर फोन पे के माध्यम से 2500 रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर करा लिए थे।

उसकी शिकायत को ध्यान में रखते हुए शत प्रतिशत धनराशि साइबर क्राइम थाना ने वापस करायी। अबरार ने बताया कि अनजान व्यक्ति ने उसके रूपये ठग लिए थे। शिकायत के बाद पुलिस ने उसके रुपये वापस कराए। वह उम्मीद छोड़ बैठा था कि रुपये वापस मिल जाएंगे। अबरार ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। उसने पुलिस कर्मियों को दुआएं दी। कहा कि यदि पुलिस नहीं होती तो उसके रुपये नहीं मिलते।

## प्लेटफार्म एक पर जाने वाला रास्ता बंद होने से दिक्कत


प्लेटफॉर्म एक पर जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन ने महिला थाना के पीछे और रेल पथ निरीक्षक कार्यालय के सामने प्लेटफार्म एक पर जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया है। इससे यात्रियों को अधिक दूरी तय करके मुख्यद्वार से जाना पड़ रहा है। इससे दिक्कत हो रही है। पथ निरीक्षक कार्यालय के सामने एक रास्ता था, जो प्लेटफार्म एक पर जाता है। इसी रास्ते के पड़ोस से पुलिस चौकी अशफाकनगर चौराहे की ओर जाने के लिए रेलवे का फुट ओवरब्रिज बना हुआ है। यात्री इस रास्ते से जेटीवीएस से टिकट लेने के बाद प्लेटफार्म एक पर चला जाता था। फुटओवर ब्रिज से आकर लोग ट्रेन पकड़ने के प्लेटफार्म एक पर चले जाते थे।

# सर्राफ के यहां हुई चोरी का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पुलिस हिरासत में चोर। ● अमृत विचार

- पुलिस ने जेवर, नकदी और शराब के पौव्वे किए बरामद

**अमृत विचार** : रोजा पुलिस ने शराब की दुकान और सिंधौली में सर्राफा की दुकान में हुई चोरियों का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया सामान बरामद किया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

सूचना मिलने पर रोजा पुलिस और एसओजी ने मुकरम-उदियापुर मार्ग से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी रविन्द्र निवासी धमौरा थाना भमौरा जिला बरेली, शाहनूर निवासी हथौड़ा बुजुर्ग थाना रोजा और आरिस निवासी हथौड़ा है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से 2100 देशी शराब के पौवे और सिंधौली क्षेत्र में सर्राफ की दुकान से चोरी हुई 12 जोड़ी पायल, सोने का हार, चैन, सोने के कुंडल, तीन जोड़ी वाली, 4500 रुपये नगद बरामद किए है। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि मुकरमपुर में देशी शराब की दुकान में नकब लगाकर और सिंधौली क्षेत्र में सराफा की दुकान का शटर के ताले तोड़कर जेवर चोरी किए थे।

अभियुक्त रविन्द्र पर पहले से विभिन्न धाराओं के 12 मुकदमें, शाहनूर पर चार मुकदमें और आरिस पर तीन मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। टीम में एसओजी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार, उप निरीक्षक मनोज कुमार, श्रीसागर, राजकुमार आदि स्टाफ शामिल था। पुलिस आरोपियों के संबंध में और जानकारी जुटा रही है।

# भीषण शीतलहर से जनजीवन अस्त व्यस्त, सबसे ठंडा रहा रविवार

## 2021 के बाद अब तक का सबसे ठंडा दिन, 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान, अलाव के सामने बैठे रहे लोग

संवाददाता, शाहजहांपुर

- रविवार होने के बावजूद लोगों की कम आवाजाही
- गर्म कपड़ों में पूरी तरह से लिपटे हुए आते जाते दिखे लोग

**अमृत विचार :** जिले में भीषण शीतलहर से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए कोल्ड डे और अत्यंत घने कोहरे का अनुमान जाहिर किया है। रविवार को सुबह का तापमान 11.6 और शाम का 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि रात का न्यूनतम तापमान 10.5 रहा। मौसम वैज्ञानिक ने रविवार को 2021 से जिले में अब तक का सबसे ठंडा दिन बताया। भीषण ठंड और गलन से लोग कांपते दिखाई दिए। शहर की सड़को पर रविवार होने के बावजूद कम ही लोगों की आवाजाही दिखाई दी। शीतलहर से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों में पूरी तरह से लिपटे हुए आते जाते दिखे।



रविवार को शीतलहर के कारण स्टेशन रोड पर लोगों की कम रही आवाजाही।

सड़कों पर मौजूद लोग जगह-जगह अलाव का सहारा लेते नजर आये। वैसे तो पिछले कई दिनों से ठंड ने जोर पकड़ा हुआ है। रविवार को पूरे दिन धूप नहीं निकली। थोड़ी-बहुत निकली भी तो वह असरदार नहीं रही। इसके चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। धूप नहीं निकलने से ठंडी का असर अपेक्षाकृत अधिक रहा। इसी बीच, रात के तापमान में भी गिरावट हो गयी। एक दिन पहले शनिवार को तापमान अधिकतम 16 व न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रहा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा मनमोहन सिंह ने अगले 24 घंटों के लिए जिले में कोल्ड डे और अत्यंत घने कोहरे का अनुमान जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भी ठंड बढ़ने के आसार हैं।

### कोहरे ने लगाया ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कोहरे ने ट्रेनों की चाल पर ब्रेक लगा दिया है। अप लाइन की पंजाब मेल 11 घंटे विलंब से पहुंची है। सबसे अधिक परेशानी रिजर्वेशन वाले यात्रियों को हुई, कई यात्रियों ने अपना रिवर्जेशन केसिंल करा दिया है। यात्रियों को कड़ाके की ठंड में प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। डाउन लाइन की नई दिल्ली-लखनऊ मेल डेढ़ घंटा, नई दिल्ली-लखनऊ एसी दो घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस दो घंटे, पंजाब मेल डेढ़ घंटे, सद्भावना एक्सप्रेस चार घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस दो घंटे, जननायक एक्सप्रेस दो घंटे, चंडीगढ़ एक्सप्रेस दो घंटे, चंदीगढ़ सुपरफास्ट तीन घंटे, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस डेढ़ घंटे विलंब से पहुंची। इस प्रकार अप लाइन की जननायक एक्स्रपेस एक घंटा, गुवाहाटी एक्सप्रेस दो घंटे, राज्यरानी एक्सप्रेस तीन घंटे, श्रमजीवी एक्सप्रेस ढाई घंटे, मौर्यध्वज एक्सप्रेस ढाई घंटे, सत्याग्रह एक्सप्रेस दो घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से पहुंची है। सबसे अधिक अप लाइन की पंजाब मेल 11 घंटे विलंब से सुबह पांच बजे पहुंचेगी। पंजाब मेल के अधिक लेट होने से कई यात्रियों ने अपने रिजर्वेशन टिकट केसिंल करा दिए।




प्लेटफार्म पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

# पीलीभीत में बनेगा बासमती बीज उत्पादन एंव प्रशिक्षण केंद्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



"पीलीभीत की पहचान देश-विदेश में प्रमुख बासमती उत्पादक एवं निर्यातक क्षेत्र के रूप में स्थापित होगी। सरकार लगातार किसानों का जीवन सुलभ बनाने का कार्य कर रही हैं। बासमती उत्पादन की गुणवत्ता, शुद्ध बीज की उपलब्धता और इससे संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं बासमती निर्यात को मजबूती प्रदान करेगा। यह नई संभावनाओं का केंद्र बनेगा। - **जितिन प्रसाद**, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद

**अमृत विचार :** एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी , वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से देश का दूसरा बासमती बीज उत्पादन एवं प्रशिक्षण केंद्र और जैविक प्रदर्शन फार्म की स्थापना पीलीभीत में की जाएगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के सहयोग से सांसद जितिन प्रसाद के प्रयास सफल हुए।

इस केंद्र की स्थापना के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री लगातार प्रयास कर रहे थे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के त्वरित निर्णय से जिले की तहसील अमरिया के ग्राम टांडा बिजेसी में कृषि क्षेत्र के सात एकड़ भूमि का आवंटन करने का निर्णय किया गया है। जल्द ही इस केंद्र की स्थापना का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह केंद्र जनपद ही नहीं आसपास के बासमती उत्पादक क्षेत्रों के किसानों, निर्यातकों, बीज उत्पादकों, प्रोसेसर और एफपीओ के लिए फायदेमंद साबित होगा। इसकी स्थापना से बासमती उत्पादन, गुणवत्ता सुधार, प्रमाणीकरण को वैज्ञानिक एवं निर्यात को संगठित दिशा मिल सकेगी। बताते हैं कि इस केंद्र के माध्यम से किसानों को उन्नत बासमती किस्मों का प्रदर्शन, आधुनिक खेती पद्धतियों, कीट एवं रोग प्रबंधन, जैविक खेती, बीज उत्पादन, गुणवत्ता मानकों से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, शुद्ध एवं प्रमाणिक बीज की उपलब्धता सुनिश्चित होने से उत्पादन लागत घटेगी और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा।

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

# पल्सर 160 बाइक के खरीदारों के लिए सिंगल सीट का विकल्प

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** नूतन वर्ष पर अपने ग्राहकों के लिए बजाज ऑटो लिमिटेड ने पल्सर 160 बाइक खरीदने के लिए शानदार तोहफा दिया है। बजाज ऑटो लिमिटेड ने पल्सर 160 का नया वेरिएंट गोल्डन अपसाइड डाउन फोब्स के साथ सिंगल सीट का विकल्प दिया है। सिंगल सीट महिलाओं के लिए काफी सुरक्षित है। इस बाइक की मदनापुर स्थित एकेसी बजाज एजेंसी के मालिक प्रभात गुप्ता ने भव्य लांचिंग कराई। पल्सर 160 की लांचिंग आस्था लाइफ केयर के गोल्डन स्टार सलमान सिद्दीकी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता के द्वारा की गई। बजाज ऑटो लिमिटेड ने इस बाइक को फैमिली बाइक बनाने के लिए हाइट कम की, साथ ही सिंगल सीट दी है।




बाइक की लांचिंग कराते मालिक व अन्य।

हेडलाइट से पड़ने वाले रिफ्लेक्शन को कम रखना और फाग में अच्छी रोशनी देने के लिए विशेष प्रकार की एलईडी लाइट दी गई है। शोरूम मैनेजर स्वदेश कुमार ने बताया कि इस बाइक में बहुत खूबियां है। नया वेरिएंट ग्राहकों आकर्षित होने पर मजबूर करता है।

# तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आकांक्षा पब्लिक इंटर कॉलेज के त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यालय की प्रबंधिका उर्मिला सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। निर्णायकों में हर कुमार तारा पाठक स्कूल की प्रधानाचार्य ब्यूटी, कमलजीत नारंग, प्राची तथा रुचिता गुप्ता रहीं। प्रधानाचार्य स्मिता सक्सेना ने आभार प्रकट किया।

# 400 से अधिक लोगों को मिला चिकित्सा परामर्श

- वीआईपी ग्रुप का विशाल नि :शुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित
- शिविर में रोगियों की आंखों का परीक्षण कर चश्में बांटे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रविवार को वीआईपी ग्रुप के तत्वावधान में शहर के चित्रा सिनेमा परिसर में विशाल निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में 400 से अधिक जरूरतमंदों ने लाभ लिया।

कैंप में रोगियों की आंखों की जांच की गई और आरएमएल ग्रुप की ओर से निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कैम्प का शुभारंभ वीआईपी ग्रुप के मुख्य संरक्षक चन्द्रशेखर खन्ना धीरू सहित वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा सक्सेना, डॉ. रवि मोहन, डॉ. संगीता मोहन, रागिनी खन्ना, डॉ. हेमेन्द्र वर्मा, डॉ. गौरव कौशल, डॉ. के.पी. सक्सेना, डॉ. सोनेन्द्र मिश्रा एवं डॉ. ज्ञानेंद्र मिश्रा द्वारा गणेश वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कैम्प के सफल आयोजन में वीआईपी ग्रुप के महासचिव सतीश सक्सेना, कार्यक्रम प्रभारी रिद्धि बहल, रंजना तिवारी, पार्षद प्रदीप सक्सेना, जिला प्रभारी संजय अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अनुजदेव गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अल्पना श्रीवास्तव, डॉ. रजत अग्रवाल, डॉ. टीना अग्रवाल, आरती गुप्ता, गरिमा गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे।



मेडिकल कैम्प में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# मीरानपुर कटरा में निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र की पहल
- नि :शुल्क जांच व दवाइयां दी गईं, सीटी स्कैन व एमआरआई के डिस्काउंट कूपन वितरित

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, थाना नखासे के सामने मीरानपुर कटरा में रविवार को निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन किया गया। मरीजों की ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच भी निःशुल्क की गई।

शिविर में सभी मरीजों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयां दी गईं। इसके साथ ही जांचों, सीटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए, जिससे जरूरतमंद मरीजों को आगे के इलाज में सुविधा मिल सके। मेडिकल कॉलेज के मेडिकल पीआरओ ने बताया कि इस प्रकार का निःशुल्क शिविर प्रत्येक दूसरे रविवार को आयोजित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को लगातार निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलती रहे।



हड्डी रोग शिविर में मरीजों की जांच करते विशेषज्ञ डॉक्टर। ● अमृत विचार

शिविर में मरीजों को हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध उपचार जैसे गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन और रीढ़ का दर्द, जन्म से टेड़े-मेड़े हाथ-पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का उपचार, घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण, सभी प्रकार की टूटी हड्डियों का प्लास्टर और ऑपरेशन द्वारा इलाज शामिल है। अस्पताल में आईसीयू की सुविधा भी सस्ते दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। निःशुल्क हड्डी रोग शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुस्ताक और डॉ. रोहित की चिकित्सकीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सोशल वर्कर जितेंद्र गंगवार मौजूद रहे।

# वरुण-अर्जुन मेडिकल कॉलेज की ओर से लगा चिकित्सा शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से रविवार को नगरपालिका टाउन हॉल तिलहर में निःशुल्क नाक, कान एवं गला रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई तथा सामान्य दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं।

शिविर में सभी मरीजों को जांच, और दवाइयां निशुल्क दी गईं, इसके साथ ही एमआईआर के डिस्काउंट कूपन वितरित किए गए। शिविर से रोहिलखंड अस्पताल आने वाले मरीजों की सीबीसी, लीवर जांच एलएफटी, किडनी जांच केएफटी और शुगर जांच भी निःशुल्क की जाएंगी। इस दौरान 200 रुपये में बनने वाले परिवार स्वास्थ्य कार्ड के बारे में भी जानकारी दी गई। एक कार्ड एक वर्ष के लिए मान्य रहता है। कार्ड के माध्यम से मरीजों को इलाज और जांच में अतिरिक्त सुविधा मिलती है। डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल के नाक, कान एवं गला रोग विभाग में कान का बहना, सुनाई कम पड़ना, घेंघा रोग, नाक से खून आना, नाक बंद होना, नाक की हड्डी का बढ़ना, नासूर, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना, आवाज बदलना और गले के कैंसर जैसे रोगों के उपचार और ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। दूरबीन विधि से नाक, कान और गले की जांच तथा ऑडियोमेट्री द्वारा सुनने की जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में नाक, कान एवं गला रोग विभाग की विशेषज्ञ डॉ. वंशिका सिंघल की चिकित्सकीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे।



शिविर में मरीज की जांच करते डॉक्टर।

- शिविर में डॉक्टरों ने नाक, कान एवं गला रोगियों की जांच की
- जांच व सीटी स्कैन, एमआरआई पर छूट कूपन वितरित

# चिकित्सा शिविर में 598 मरीजों का हुआ पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज व रोहिलखंड अस्पताल ने लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य मेला
- मोतियाबिंद के 15 मरीज चिह्नित, जांच, दवाइयों व छूट कूपन का वितरण


**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से रविवार को खुदागंज क्षेत्र के ग्राम दियुरिया में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। शिविर में कुल 598 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जांच के दौरान 15 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा में निःशुल्क किया जाएगा।

शिविर में 197 मरीजों की निःशुल्क ब्लड शुगर जांच और लगभग 155 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच की गई। इसके साथ ही 525 मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।



मरीजों की जांच करते डॉक्टर और पंजीकरण कराते ग्रामीण। ● अमृत विचार

मरीजों को एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी प्रदान किए गए, जिससे उन्हें आगे उपचार में सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य टीम और पीआरओ द्वारा लोगों को नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी भी दी गई, जो अस्पताल द्वारा 200 रुपए में बनाया जाता है और एक वर्ष के लिए मान्य रहता है। बताया गया कि इस कार्ड से ओपीडी का पर्चा निःशुल्क बनेगा, दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी तथा भर्ती होने पर भर्ती फाइल निःशुल्क बनेगी। स्वास्थ्य कार्ड धारकों को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट दिए जाने की जानकारी दी गई। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ब्रजेश मिश्रा समाजसेवक और राजेश सिंह जिला पंचायत सदस्य का विशेष योगदान रहा। शिविर में सामान्य रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, दंत रोग तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. अंकित, डॉ. दीक्षित स्वासनी, डॉ. पारुल, डॉ. मृदुला चौहान, डॉ. प्रिया मिश्रा सहित मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा, अतुल कुमार गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रो सिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिम डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005




- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट)
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें
+91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली





डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर में भंडारा खाने उमड़े श्रद्धालु

**बदायूं, अमृत विचार** : कस्बा सहसवान में रविवार को मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोग भंडारा खाने के लिए पहुंचे। भंडारे का आयोजन ब्लॉक प्रमुख पति विक्रांत यादव ने अपनी मां शांति देवी याद में कराया था। ब्लॉक परिसर में आयोजित भंडारे में सैकड़ों की तादाद में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### रामलीला मंच पर सजेगा श्याम बाबा का दरबार

**बिल्सी, अमृत विचार** : श्री श्याम सेवा मंडल समिति की ओर से एकादशी पर्व के पावन अवसर पर नगर में भक्ति और श्रद्धा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 30 दिसम्बर की रात नगर के मोहल्ला संख्या छह में रामलीला मंच पर श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन आयोजित होगा, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है ।समिति के पदाधिकारी लवलेश कुमार ने बताया कि संकीर्तन में भजन गायकों द्वारा बाबा श्याम के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु बाबा की भक्ति में झूमते नजर आएंगे। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक विद्युत सज्जा और पुष्पों से सजाया जाएगा, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। संकीर्तन के दौरान बाबा श्याम की अलौकिक झांकी सजाई जाएगी तथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आरती और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की जाएगी। नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार, एकादशी पर्व पर होने वाला यह संकीर्तन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक शांति और भक्ति का अनुपम अवसर होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### छुट्टा पशुओं से लोग परेशान

**बदायूं, अमृत विचार** : शहर से लेकर देहात तक छुट्टा पशु लोगों के लिए परेशानी बने हुए है। खासकर किसानों के लिए। इन पशुओं के कारण आए दिन सड़क हादसे होते रहते है। रात में इन पशुओं का झुंड सड़क किनारे बैठ जाता है। जो कई बार बाइक सवारों को दिखाई नहीं देता। जिस कारण हादसे हो जाते है। वहीं किसानों की समस्या भी कम नहीं है। यह छुट्टा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है।

### शासन ने सौंपी जिम्मेदारी, कुत्तों की पहचान, गिनती और प्रभावित स्थलों का विवरण तैयार करेंगे शिक्षक

# स्कूल के आसपास आवारा कुत्तों की निगरानी करेंगे शिक्षक

- बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जारी किया पत्र कुत्तों को चिन्हित करने के आदेश
- नोडल अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर किया जाएगा चस्पा

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार** : परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को शासन से नई नई जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। अब एक और फरमान जारी हुआ है। शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के साथ साथ स्कूलों के आसपास आवारा घूम रहे कुत्तों की भी पहचान करेंगे। उनकी गिनती करने और आतंक से प्रभावित स्थलों का विवरण तैयार करेंगे। शासन से मिले आदेश के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। बीएसए से मिले निर्देश पर बीईओ द्वारा अमल भी करना शुरू कर दिया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उच्चतम न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान 22 अगस्त और सात नवंबर को आवारा घूम रहे कुत्तों के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए आदेश दिए गए हैं। उन्हें शेल्टर होम में रखा जाएगा। बताया कि शासन ने कुत्तों के आतंक से प्रभावित सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इन परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए पर्याप्त बाड़, चहारदीवारी व गेट को सुरक्षित करने, स्वच्छता बनाए रखने और इसके लिए एक नोडल अधिकारी नामित करने को कहा गया है। नोडल अधिकारी का नाम व संपर्क नंबर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर प्रदर्शित करना भी अनिवार्य किया गया है। शासन से मिले आदेश के बाद बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि आवारा कुत्तों से संबंधित स्थानों को चिन्हित करते हुए विवरण उपलब्ध कराया जाए। यदि किसी क्षेत्र में स्थान चिन्हित नहीं हो पाता है तो संबंधित नगर निकाय से समन्वय स्थापित कर आवारा कुत्तों को चिन्हित करने और सूचना दी जाए। शहर की हर गली, मोहल्ले में आवारा कुत्ते घूमते हुए दिखाई दे जाएगा। इनके आतंक से लोग दहशत में हैं। झुंड में घूम रहे आवारा कुत्ते अब लोगों के लिए जान के दुश्मन बन गए है। अस्पताल, रेलवे स्ट्रेशन, स्कूल, बस अड्डा आदि सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्ते लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। आने वाले दिनों में इन स्थानों से कुत्तों का खौफ समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### चाहरदीवारी और गेट विहीन स्कूल होंगे चिन्हित

बीएसए ने सभी बीईओ जारी किए गए पत्र में आदेश दिया है कि अपने क्षेत्र में ऐसे परिषदीय, सहायता प्राप्त स्कूलों को चिन्हित करें जो चाहारदीवारी व गेट विहीन हैं। इन स्कूलों में निराश्रित कुत्तों से बच्चों के साथ होने वाले सम्भावित दुर्घटना को देखते हुए स्कूल के किसी एक शिक्षक को निगरानी के लिए अनिवार्य रूप से नामित किया जाए। जिससे रिपोर्ट शासन में भेजी जा सके।

> शासन से पत्र मिला है। इसमें उच्च न्यायालय के आदेश पर आवारा कुत्तों की पहचान और नियंत्रण के निर्देश दिए गए हैं। इसी आदेश का पालन कराने के लिए परिषदीय स्कूलों सहित शहरी क्षेत्रों के शैक्षणिक संस्थानों में आवारा कुत्तों से प्रभावित स्थलों को चिन्हित कराया कराया जा रहा है। नगर निकाय से समन्वय स्थापित कर सूची तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। कार्रवाई शुरू करा दी गई है।
>
> **– वीरेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए

# बिना रिफ्लेक्टर रात में दौड़ रहे गन्ना लदे ओवरलोड वाहन

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार** : रात में गन्ने लदे ओवरलोड वाहन दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। चीनी मिलों की लापरवाही के चलते इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी नहीं लगाए गए हैं जिससे कभी भी रोड पर हादसा हो सकता है। बिसौली चीनी मिल प्रबंधन से मांग की गई है कि वह अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाएं।

इन दिनों किसान रात को गन्ना लेकर चीनी मिलों को जाते हैं। गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॅली तेज रफ्तार से दौड़ते हैं। इन ट्रॉलियों के पीछे रिफ्लेक्टर नहीं लगा होता है जिससे उसके पीछे आने वाले वाहन चालकों को ट्रैक्टर ट्राली दिखाई नहीं देते हैं। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। पिछले दिनों जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल प्रबंधकों की बैठक में संदेश दिया था कि चीनी मिलों पर पहुंचने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा दिए जाएं। पीछे लाल कपड़ा लगा होना जरूरी है। आदेश जिला प्रशासन की बैठक में भी दिए गए थे, लेकिन चीनी मिल प्रबंधन आदेशों का पालन नहीं करा रही हें। इससे रात को बिना रिफ्लेक्टर के ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि बिसौली मिल के गन्ना लदे वाहनों से रात को खतरा अधिक रहता है। क्योंकि बड़े बड़े ट्राला ओवरलोड होकर सड़कों पर दौड़ते हैं इसे कभी भी हादसा हो सकता है। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फीलाल ने बताया कि यदि किसी चीनी मिल के गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टर नहीं लगा है तो चीनी मिल को फिर से निर्देशित किया जाएगा।

# जल्द छात्रसंघ चुनाव कराएंगे बहाल

### डायट में शुरू हुए विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन में बोले ब्रजेश पाठक

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**




कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 66वां अधिवेशन शुरू हुआ है। रविवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, एमएलसी वागीश पाठक, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य निधि बहुगुणा, प्रांत अध्यक्ष सौरभ सेंगर, प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया व प्रांत सह मंत्री पायल गिहार ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। सत्र के बाद अधिवेशन के सबसे महत्वपूर्ण सत्र में संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रोफेसर सौरभ सेंगर को दोबारा प्रांत अध्यक्ष और आनंद कठेरिया को प्रांत मंत्री निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा घोषणा होते ही परिसर छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति के नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने नई टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि जब भारत सबसे ज्यादा युवा शक्ति से सशक्त देश बन कर उभर रहा है। तब आप जैसे युवाओं की भूमिका बहुत अहम हो जाती है। कहा कि राष्ट्रवाद की उस भावना को सदैव अपने भीतर जीवंत रखें। आज के समय में मोबाइल का उपयोग युवाओं को प्रभावित कर रहा है। हमें प्रयास करना होगा कि स्क्रीन टाइम कम से कम हो। वंदे मातरम को जो लोग गाने से कतराते हैं। ऐसे लोग हमारे देश समाज के हितैषी कभी नहीं हो सकते। छात्रसंघ का चुनाव बहाल होने का पक्षधर हैं। छात्र राजनीति ने मुझे पहचान दी लखनऊ विश्वविद्यालय ने जो दिया वह सब में कभी नहीं भूल सकता। साथ ही हर वर्ष होने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय में चुनाव में एबीवीपी का परचम यह दर्शाता है। कि भारत की छात्र शक्ति राष्ट्रवाद की ओर है और हमे इसी को निरंतर दिशा देना का कार्य करना है। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे। अत्याचारों पर कड़ा वक्तव्य दिया। उन्होंने वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा और भारत के युवाओं की सजगता पर बल दिया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, हरिप्रसाद सिंह पटेल, एसएसपी बृजेश कुमार सिंह, विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता, निवर्तमान प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, प्रांत संगठन मंत्री अनुज ठाकुर, निवर्तमान प्रांत मंत्री अंकित पटेल, विभाग प्रमुख सत्यम मिश्रा, जिला प्रमुख विजयपाल सोलंकी, प्रांत सह मंत्री पायल गिहार, विभाग संगठन मंत्री, विभाग संयोजक हरिमोहन सिंह पटेल, विभाग सह संयोजक मोहित शर्मा, जिला संयोजक धर्मेंद्र बाहुबली, नमन गुप्ता, जिला सह संयोजक आशीष देव मिश्रा , जिला विस्तारक अरुण सूर्यवंशी, संजीव रघुवंशी समेत 16 जिलों के लोग मौजूद रहे।

### लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हर विद्यार्थी का प्राथमिक कर्तव्य

आपातकाल के काले दौर का जिक्र करते हुए उप मुख्यमंत्री ने वर्तमान पीढ़ी को सचेत किया कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हर विद्यार्थी का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी कल का नहीं बल्कि आज का नागरिक है। प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद सिर्फ एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्तों को गढ़ने वाली पाठशाला है। हम लोग मिलकर आगामी वर्ष में विद्यार्थी परिषद के झंडे को और भी बुलंद करने का काम करेंगे।

# रेलवे स्टेशन पर सर्दी में कांप रहे यात्री

- ठंड से बचाव के लिए नहीं किए इंतजाम, वेटिंग रूम भी खाली
- रेल प्रशासन ने नहीं की रूम हीटर और अलाव की व्यवस्था

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



रेलवे स्टेशन पर ठंड से ठिठुर रहे रेल यात्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : रेलवे स्टेशन पर सर्द मौसम में रेल यात्रियों को ठंड से बचाव को कोई उपाय नहीं किया गया है। इससे घने कोहरे और कड़कती ठंड में रेल यात्री बेंचों पर कांपते हुए बैठते हैं। वेटिंग रूम में हीटर नहीं लगा है जिससे वेटिंग रूम में यात्री किसी समय नहीं ठहरते हैं। वेटिंग रूम हर समय खाली रहता है।

एक ओर रेलवे प्रशासन अमृत भारत योजना और गति शक्ति के तहत रेलवे स्टेशनों पर करोड़ों खर्च कर रहा है, लेकिन रेलवे स्टेशन पर सर्द मौसम से बचाव के कोई उपाय नहीं किया गया है। इस समय भारी ठंड है। बाहर से आने वाले रेल यात्री रेलवे प्लेटफार्म पर खुली हवा के बीच बेंच पर बैठ कर कांपते हैं। ठंड से बचाव को किसी तरह का कोई काम नहीं किया गया है। रेलवे परिसर में भी खुले आसमान के नीचे लोग आते जाते हैं। लेकिन कोहरे और ठंड से बचाव के नाम पर एक पैसा खर्च नहीं किया गया है।

रेलवे यात्रियों ने बताया कि यहां पर फिलहाल काम चल रहा है फिर भी रेलवे प्रशासन को इस ठंड से बचाव को कोई कदम उठाना चाहिए था। प्लेटफार्म एक और दो पर न तो हीटर लगाए गए हैं और न ही अलाव की व्यवस्था की गई है। वेटिंग रूम में फर्श पर बैठना मुश्किल हो रहा है। कमरों में ताले डाल दिए गए हैं इसलिए यात्रियों को यहां पर एक भी सुविधा नहीं है।

रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि इस समय काम चल रहा है। सौंदर्यीकरण पूरा होने के बाद इस तरह के कामों पर ध्यान दिया जाएगा। वेटिंग रूम बन चुके हैं लेकिन कुछ काम शेष है इसलिए यात्रियों को इधर नहीं आने दिया जा रहा है। प्लेटफार्म दो पर ठंड से बचाव के कोई उपाय नहीं किया गया है। यहां पर यात्रियों को खुली हवा में बैठना पड़ता है। टीन शेड के अलावा कुछ नहीं है। यहां पर यात्री ट्रेन के आने जाने के समय ही आते हैं वैसे पूरा प्लेटफार्म खाली रहता है। सुरक्षा की दृष्टि से भी कोई काम नहीं किया गया है। पीछे की दीवार बना दी गयी है जिससे अवारा लोग न पहुंच सकें।

### रेलवे परिसर में अलाव जलाने की मांग

रेलवे स्टेशन परिसर में अलाव जलाने की मांग की गई है। रेलवे कर्मचारियों ने कहा कि मुख्य गेट के बाहर मैदान में अलाव जलाया जा सकता है जिससे यहां वृद्ध और गरीब लोग बैठ सकें। खुले मैदान में सुबह से शाम तक लोग आते जाते हैं। जिससे उन्हें भारी परेशानी होती है।

# डायरिया के प्रति किया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



कार्यशाला में दवा व्यापारी, केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

- दवा व्यापारियों और केमिस्ट एसोसिएशन की अभिमुखीकरण कार्यशाल आयोजित हुई

**अमृत विचार** : डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत दवा व्यापारियों और केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों की एक होटल में अभिमुखीकरण कार्यशाला हुई। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई) और केनव्यू के सहयोग से आयोजित डायरिया से डर कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। इसमें केमिस्ट एसोसिएशन ने डायरिया के प्रति जनजागरुकता को बढ़ावा देने में हरसंभव मदद का भरोसा दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल रस्तोगी ने की।

कार्यशाला में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके योगदान को लेकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मेडिकल स्टोर पर आने वालों को डायरिया के बारे में जानकारी देना, उससे बचाव व रोकथाम के उपायों की जानकारी देना और चिकित्सक के पास जाने की सलाह देना था। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में एसोसिएशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। समुदाय और स्वास्थ्य प्रणाली के बीच की वह एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में है। डायरिया से बचने के लिए घर व आस-पास साफ-सफाई रखने के साथ ही हाथों की सही तरीके से स्वच्छता भी बहुत जरूरी है। केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों और दवा व्यापारियों ने समुदाय में डायरिया के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने का सुझाव दिया। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी मलिन बस्तियों में आयुष चिकित्सकों के माध्यम से भी डायरिया के प्रति जागरुकता लाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, सचिव हेमंत, पीएसआई इंडिया से शशांक दुबे और दानिश आदि मौजूद रहे।

# बाजार से लौट रही महिला से मारपीट

**विजय नगला, अमृत विचार** : थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवास परमशीला पत्नी स्व. हरनंदन सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया की वह अधिकतर अपने मायके बनारस में रहती है।

आरोप है कि 23 दिसंबर को अपने मायके बनारस से लौट कर आई थी। 24 दिसंबर को घरेलू सामान खरीदने के लिए थाना क्षेत्र के ही मूसाझाग में साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करके वापस लौट रही थी। जेठानी मिथिलेश देवरानी, पूनम ने उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर लात घुसों से मारपीट करने लगी। पीड़ित के हाथ से मोबाइल छीन कर तोड़ दिया। घटना पर मोहल्ले के लोग पहुंच गए तो उन्होंने बीच बचाव कर दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को भी पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आपत्तियां दर्ज कराने को खोले काउंटर

- अनंतिम मतदाता सूची में 30 दिसंबर तक मांगी आपत्तियां
- काउंटर पर नया नाम जोड़ने और संशोधन का होगा काम

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार** : एसआईआर का काम जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में चल रहा है। जिला निर्वाचन द्वारा अनंतिम मतदाता सूची जारी हो गई है। अब आपत्तियां मांगी जा रही हैं। इसके लिए सभी ब्लॉकों और तहसीलों पर काउंटर खोले गए हैं। जहां 30 दिसंबर तक आपत्ति देने, नया नाम जुड़वाने और संशोधन करने का काम किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक कार्यालयों में काउंटर खोले गए हैं। अनंतिम मतदाता सूची पर आपत्ति लेने, नया नाम जुड़वाने एवं संशोधन कराने को विभिन्न कर्मचारियों की तैनाती की है। तैनात कर्मचारियों को कार्यदिवस में नियमित सुबह 10 से शाम 5 बजे तक काउंटर पर उपलब्ध रहने की हिदायत दी है। इसके साथ ही सभी तहसील कार्यालय के विविध कक्ष में भी पंचायत चुनाव की मतदाता सूची से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मतदाता सूची से संबंधित कार्य के लिए तीन प्रारूप निर्धारित किए गए हैं। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को प्रारूप-2, संशोधन कराने को प्रारूप-3, नाम कटवाने को प्रारूप-4 भरना होगा। आपत्तियां मांगने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं।

आयोग द्वारा समय बढने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज कराने व मैपिंग कराने के लिए सभी विधानसभाओं में बूथों पर विशेष कैंप आयोजित किए गए थे। विशेष कैंप के माध्यम से अंतिम तिथि तक बीएलओ ने मतदान केंद्रों पर रहकर मैपिंग का कार्य पूरा किया गया। एक माह से अधिक समय तक चले एसआईआर की इस प्रक्रिया में जिले की सभी छह विधानसभाओं में 24,18,408 मतदाताओं को शामिल किया गया था। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 19,23,408 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड किया गया। 4,94,651 मतदाता अपात्र पाए गए हैं। इनमे 82097 मृतक मतदाता शामिल हैं। 187014 ऐसे मतदाता रहे जो नहीं मिल सके। 175403 मतदाता दूसरे स्थान या जिलों में शिफ्ट हो गए। 43316 मतदाता पूर्व में पंजीकृत थे। 6821 ऐसे मतदाता रहे जिनका पता नहीं चल सका। मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन होने के बाद अब आपत्तियां मांगी जा रही हैं।

# आशा की मौत पर यूनियन ने दी श्रद्धांजलि

**बदायूं, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश आशा संगिनी वर्कर्स की एक कार्यकर्ता की रविवार को मौत हो गई। इसके बाद आशा व संगिनी वर्कर्स ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी।

बिनावर क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी आशा सुनीता पिछले कई दिनों से हड़ताल में शामिल हो रही थी। उसकी दो दिन से तबीयत खराब थी। रविवार को सुनीता की मौत हो गई। सुनीता की मौत को लेकर आशा व संगिनी वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि सुनीता को हड़ताल पर बैठने से ठंड लग गई। इससे उसकी मौत हो गई। आशा की मौत पर आज यूनियन की सभी आशा संगिनी ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। मालवीय आवास गृह पर हड़ताल में गीता, ममता, संसार वती, पुष्पा देवी, हेमलता, नीरज, लक्ष्मी, रेखा, भगवान श्री, तुलसा देवी मौजूद रहीं ।

# दो दिन जिले में रहेंगे सांसद आदित्य यादव

**बदायूं, अमृत विचार** : जनता से निरंतर संवाद और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सांसद आदित्य यादव दो दिन जिले में रहेंगे। इस दौरान वह जनसंपर्क करेंगे। 29 दिसंबर को वह बिल्सी में आयोजित विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक और निजी कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों आदि से योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा करेंगे। 30 दिसंबर की सुबह 9 बजे सांसद अपने डीएम रोड स्थित अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ता और आमजन से मुलाकात करके समस्याएं सुनेंगे। जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे। फिर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे।



आदित्य यादव, सांसद

## मौसम

### सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने के लिए किया मजबूर

# घने कोहरे संग निकला दिन, शीतलहर से छूटी कंपकंपी

- रविवार को पूरे दिन लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए
- अधिकतम तापमान 20, न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



वातावरण में छाया कोहरा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : पिछले तीन दिन से मौसम सर्द बना हुआ है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। शीतलहर चल रही है। शीतलहर के चलते आम जनमानस कांप उठा है। रविवार को भी पूरे दिन लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए। दिनभर कोहरा छाया रहा, जबकि सुबह-शाम यह काफी घना रहा। कोहरा छाए रहने से यातायात प्रभावित रहा। अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोग दिन भर ठिठुरते रहे। सोमवार से मौसम साफ होने की संभावना कृषि विभाग द्वारा जताई जा रही है।

बीते शनिवार की शाम घना कोहरा छाया रहा। कोहरा छाए रहने की स्थित रविवार को भी जारी रही। रविवार की सुबह भी लोगों का घने कोहरे से सामना हुआ। इस वजह से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी रही। दोपहर 12 बजे के बाद कोहरा कुछ कम हुआ। इसके बाद सड़कों पर आवाजाही लोगों की बढ़ी। कोहरा छंटने के बाद लोग दोपहर में धूप निकलने का इंतजार करते रहे लेकिन बादलों की वजह से सूरज के दर्शन नहीं हुए। दोपहर के वक्त भी हल्का कोहरा छाया रहा। वातावरण में छाए कोहरे और शीत लहर की वजह से लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर तापते रहे। शाम होते ही फिर से घना कोहरा छाने लगा। 8 बजे तक कोहरा काफी घना हो गया। दृश्यता 50 मीटर से भी कम रह गई। सड़कों पर चारपहिया और भारी वाहनों को निकलने में काफी दिक्कत हुई। चल रही शीतलहर और कोहरे के बीच तापमान स्थिर बना हुआ है। रविवार को भी अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि सोमवार से आसमान साफ रहने की संभावना है।

### गेहूं को फायदा, आलू-सरसों को नुकसान

भीषण ठंड ने लोगों का बेहाल कर दिया है। भीषण ठंड के बीच खेती पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। कृषि अधिकारी ने बताया कि घना कोहरा गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है लेकिन सरसों और आलू की फसल के लिए नुकसानदेह है। कृषि अधिकारी ने बताया कि अगर कोहरा इसी तरह बढ़ता रहा तो आलू और सरसों की फसल को बहुत अधिक नुकसान हो सकता है। किसानों को चाहिए कि वह अपनी फसलों का बचाव करते रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बिल्सी, अमृत विचार** : क्षेत्र के मोहल्ला तीन में नैथुआ रोड निवासी युवक की रविवार सुबह मौत हो गई। मृतक की पहचान हरिशंकर पुत्र किशनलाल मौर्य के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार हरिशंकर पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

रविवार सुबह अचानक उल्टी आने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया क्षेत्र के गांव सुकटिया निवासी एक व्यक्ति ने हरिशंकर को शराब पिलाकर धोखाधड़ी से उसकी एक दुकान का 16 दिसंबर को बैनामा करा लिया था। हरिशंकर को हुई तो वह मानसिक रूप से बेहद आहत हो गया। इसी तनाव के चलते उसकी मौत हुई। पुलिस ने मामले की जानकारी ली। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।



## उठाला / अंतिम अरदास

बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी माता जी **राजेंद्र कौर पत्नी स्वर्गीय एस. कालरा** का 25 दिसंबर दिन गुरुवार को स्वर्गवास हो गया था जिनकी **अंतिम अरदास गुरुद्वारा दुख निवारण संजय नगर में दिनांक 30 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को दोपहर12:00 से 1:00 तक** होगी।

**: शोकाकुल परिवार :**

सफलजीत सिंह कालरा-जस सिमरन कौर (पुत्र-पुत्रवधू), जसप्रीत कौर-नवदीप सिंह (पुत्री-दामाद) कमलजीत सिंह-एकसमीत सिंह (भतीजे), प्रेम सिंह, बलजीत सिंह-गुरमीत कौर, रविंदर पाल सिंह कालरा (एडवोकेट) -परमजीत कौर, जसबीर सिंह-गुरमीत कौर (भ्रातागण- भाभी)

मो. 9058684239, 8077642115

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO.9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

**डॉ.आर.एस.सिंह**
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

* पतले-दुबले
* गाल पिचके
* कमजोर स्त्री-पुरुष
* मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए

परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे** शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**

* स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
* हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
* इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
* वीर्य में शुक्राणु का कम होना
* ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
* यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
* मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :- 21 दिसंबर 2025, रविवार 04 जनवरी 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


# जिले को मिली रिंग रोड और मॉडल विद्यालय की सौगात

## उझानी में बन रहा मॉडल स्कूल तो नए साल में शुरू होगा रिंग रोड का काम

**अलविदा 2025**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** साल 2025 उपलब्धियों, चुनौतियों और कई अधूरे सपनों के साथ विदा ले रहा है। जहां एक ओर विकास की कई सौगातें मिलीं, वहीं दिल्ली बदायूं के बीच रेल सेवा के लिए किए गए प्रयास सफल नहीं हो सके। जहां एक ओर गंगा एक्सप्रेस वे पर नए साल में वाहन दौड़ते हुए दिखाई देंगे तो वहीं रिंग रोड का भी काम शुरू होगा।

आजादी के बाद से रेलवे लाइन न होने की वजह से प्रदेश और देश की राजधानी से जिला कटा हुआ था। साल 1975 के दौरान दिल्ली से बदायूं होते हुए लखनऊ से रेलवे लाइन डाले जाने की मांग उठी थी, जो आज तक पूरी नहीं हो सकी। हालांकि इस रेलवे लाइन को डलवाने के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों के द्वारा समय समय पर संसद में प्रश्न उठाया जा चुका है। साथ ही केंद्रीय रेलवे मंत्री से

- गंगा एक्सप्रेस वे पर भी दौड़ेंगे वाहन, जिले को मिलेगी विकास की रफ्तार

मुलाकात कर पत्र सौंपे गए, लेकिन आज तक बदायूं जिले के लोगों का सपना साकार नहीं हो सका है। साल 2025 के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा के साथ सपा सांसद ने भी संसद में मुद्दा उठाकर दिल्ली से बदायूं होते हुए लखनऊ के लिए रेलवे लाइन डलवाने की आवाज बुलंद की थी। यहां के लोगों को लगा था कि अब इसकी स्वीकृति मिल जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बदायूं को रेलवे मार्ग के जरिए प्रदेश और देश की राजधानी जोड़ने के लिए रेलवे लाइन की स्वीकृति न मिलने के बीच कई अन्य सौगातें मिली हैं। इस साल शासन की ओर से मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल खोले जाने की स्वीकृति मिली है। यह स्कूल उझानी ब्लॉक के गांव बरसुआ में लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। जिसके नए शैक्षिक सत्र में शुरू होने की संभावना है। इसके निर्माण से जिले को एक आधुनिक स्कूल मिल जाएगा। जहां गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। शहर के लोगों की लंबे समय से रिंग रोड की मांग थी। जिसका प्रयास कर वर्षों से चल रहा था। आखिर में इस रिंग रोड के निर्माण की स्वीकृति मिल ही गई। यह रिंग रोड मेडिकल कॉलेज से होते हुए कादरचौक, ककराला, उसावां और दातागंज मार्ग को जोड़ते हुए बरेली रोड तक बनाया जाएगा। जिसे एनएचएआई द्वारा बनाया जाना है। करीब 18 किलोमीटर लंबे रिंग रोड का निर्माण होने से जिले को विकास की नई इबारत लिखी जा सकेगी।

### बरेली-मथुरा हाईवे पर शुरू हुआ निर्माण कार्य

मथुरा से बरेली तक जाने वाला रोड चौड़ा हो रहा है। बदायूं तीसरे चरण काम किया जा रहा है। साल 2025 के दौरान कार्यदायी संस्था एनएचएआई द्वारा इस रोड पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इसके अलगे साल 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर साल 2025 जिले के लिए विकास, उपलब्धियों और चुनौतियों का मिला-जुला साल रहा। बदायूं को प्रदेश और देश की राजधानी से जोड़ने के लिए रेल मार्ग के लिए रेलवे लाइन डालने के लिए भले ही स्वीकृति न मिली हो, लेकिन उम्मीद है कि आने वाला वर्ष 2026 इस ऐतिहासिक कनेक्टिविटी को हकीकत में बदलेगा।

### गंगा एक्सप्रेस वे का पूरा हुआ निर्माण कार्य

मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस का निर्माण चल रहा है। यह गंगा एक्सप्रेस वे बदायूं से होकर गुजर रहा है। इसकी लंबाई 92 किलोमीटर है। गंगा एक्सप्रेस वे का काम साल 2023 में शुरू हुआ था। जो बनकर तैयार हो गया है। एक्सप्रेस वे पर वाहन दौड़ने की तैयारी चल रही है। ट्रायल शुरू किए जाने की कवायद हो रही है। जिसके जनवरी माह के अंत तक शुरू होने की पूरी संभावना है।

# स्कूल में हुआ सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



कार्यक्रम में शिक्षक।

**बदायूं, अमृत विचार :** तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव सराय बरौलिया स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या भारती के तत्वाधान में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को परिवार प्रबोधन,सामाजिक सरसता, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

महिला समन्वय विभाग संयोजक सीमा रानी ने महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्र सेविका कार्य वाहिका तनुजा सक्सेना ने महिलाओं को संकल्पित किया। गिन्दो देवी महाविद्यालय की प्रोफेसर सरला चक्रवर्ती ने भी महिलाओं समाज में व्याप्त कुरीतियों की जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सविता शर्मा, महिपाल सिंह, श्याम पाल पाठक,प्रधानाचार्य संजय उपाध्याय, सत्यपाल, शर्मा, मनोहर लाल गुप्ता, राम औतार शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी भूमि पर फिर कब्जा करने की कोशिश, शिकायत

संवाददाता, इस्लामनगर

- मलबा न हटने से सरकारी राशन की दुकान का निर्माण अटका
- ग्राम प्रधान ने दिया शिकायती पत्र जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** तहसील बिल्सी क्षेत्र के ग्राम छीतरपुर महरौला में न्यायालय के आदेश पर बेदखल की गई ग्राम समाज की सरकारी भूमि से अब तक अवशेष मलबा और सामग्री न हटाए जाने का मामला गंभीर होता जा रहा है। कब्जा करने वालों की मनमानी के चलते शासन की जनकल्याणकारी योजना भी प्रभावित हो रही है।

ग्राम समाज भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से दीवारें बनाकर कब्जा कर लिया था। इस मामले में तहसीलदार न्यायालय से 26 नवंबर को अवैध कब्जा हटाने का आदेश पारित किया था। आदेश के अनुपालन में 20 दिसंबर को बिल्सी तहसील की राजस्व टीम ने जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया था और भूमि को ग्राम प्रधान के माध्यम से ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दिया गया। बेदखली के समय कब्जाधारियों ने दो दिन के भीतर स्वयं मलबा और अन्य सामग्री हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी न तो ईंटों का मलबा हटाया गया और न ही अन्य सामान। आरोप है कि कब्जाधारी उसी सरकारी भूमि पर अपना सामान रखकर दोबारा कब्जा जमाने का प्रयास कर रहे हैं।

ग्राम प्रधान ने बताया कि भूमि पर सरकारी राशन की दुकान के निर्माण का प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत हो चुका है, लेकिन भूमि पर अवैध रूप से पड़ा मलबा, अन्य सामग्री पड़े होने के कारण नींव खुदाई एवं निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। इससे गरीब व पात्र लाभार्थियों के लिए संचालित होने वाली सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रभावित हो रही है। ग्राम प्रधान की ओर से संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र मलबा और सामग्री हटाने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो अवैध कब्जाधारी फिर से जमीन पर काबिज हो सकते हैं। प्रशासन से मांग की गई है कि न्यायालय के आदेश का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए राजस्व विभाग की टीम एवं आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल की सहायता से सरकारी भूमि को पूरी तरह खाली कराया जाए, ताकि राशन की दुकान का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके और शासन की योजना का लाभ जनता तक पहुंच सके।

# यज्ञ में वैदिक मंत्रों से दिया पुरुषार्थ का संदेश

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के यज्ञ तीर्थ गुधनी गांव में स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में आर्य समाज की ओर से रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने अथर्ववेद के मंत्रों के साथ विधिवत यज्ञ संपन्न कराया।

यज्ञ में आचार्य संजीव रूप ने कहा कि मनुष्य वही है जो अपने भाग्य का नित्य निर्माण करता है। जो लोग अपने भाग्य को कोसते रहते हैं, वे अभागे ही बने रहते हैं। माता-पिता, गुरु और भगवान हमारे सहायक होते हैं, लेकिन कर्म हमें स्वयं ही करना होता है। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा था कि मैं तुम्हारा रथ हांकने, लेकिन शस्त्र नहीं उठाऊंगा, युद्ध तुम्हें ही लड़ना पड़ेगा। इसी प्रकार जीवन भी एक संघर्ष है, जिसमें भगवान हमारे सारथी होते हैं, किंतु पुरुषार्थ हमें स्वयं करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अच्छा बोलने, अच्छा देखने, अच्छा सुनने, सेवा, परोपकार, दान और दया करने से ही मनुष्य का भाग्य सुंदर बनता है। सत्संग में पं. प्रश्रय आर्य जय ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर तृप्ति शास्त्री, राकेश आर्य, विनीत कुमार सिंह,अनुज कुमार सिंह, सूरजवती देवी, सरोज देवी सहित आर्य संस्कारशाला के बच्चे आदि मौजूद रहे।



साप्ताहिक सत्संग करते आचार्य संजीव रूप। ● अमृत विचार

# अटल के विचारों को अपनाकर जनहित में जुटें कार्यकर्ता

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा की ओर से विधानसभा बिल्सी के भगवान दास पैलेस में अटल स्मृति सम्मान एवं मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा अनावा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, जिला प्रवक्ता शैलेंद्र मोहन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रभक्ति, सेवा और निष्ठा का प्रेरक उदाहरण रहा है। उनके विचार, उनके आदर्श और उनके



कार्यक्रम को संबोधित करते बीएल वर्मा।

- बिल्सी के भगवान दास पैलेस में कार्यक्रम में बोले केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा

नेतृत्व की दृष्टि आज भी सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जनहित और राष्ट्रहित के लिए निरंतर समर्पित रूप से कार्य करेंगे। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो और सभी नागरिक अपने मताधिकार का सही उपयोग करें। अभियान लोकतंत्र को मजबूत बनाने और जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा राष्ट्र और समाज की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके आदर्श और उनके दृष्टिकोण आज भी हमें प्रेरित करते हैं कि हम जनहित और समाज कल्याण के लिए निरंतर कार्य करें। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से किए गए कार्य हमेशा समाज और राष्ट्र में स्थायी प्रभाव डालते हैं। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत हम कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे कि वह जनता तक सटीक जानकारी पहुंचाएं, जिससे लोकतंत्र में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि हर कार्यकर्ता लोगों को जागरूक करेगा। हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज करेगा और लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। मंच का संचालन विधानसभा संयोजक मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अजय तोमर ने किया। पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, केपी लोधी, मोहित तोमर, आदित्य माहेश्वरी, राहुल देव शाक्य, अजय तोमर, शिशुपाल शाक्य, जगदीश लोनिया, नवनीत शाक्य, किशन चंद्र शर्मा, ओमप्रकाश सागर आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आकर मानसिक मंदित की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** मानसिक मंदित युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर शाह सेटाखेड़ा निवासी मानसिक मंदित हरवेंद्र पुत्र कोमिल शनिवार को घर से निकले थे लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। रात में बरेली से चंदौसी मार्ग स्थित रेलवे लाइन की चपेट में आ गया। परिजनों के अनुसार वह अक्सर बिना बताए घर से निकल जाते थे और देर रात तक वापस नहीं लौटते थे। जिसकी वजह से परिजनों ने उनके आने की चिंता नहीं की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बाजार बंद कराने की मांग

संवाददाता, इस्लामनगर

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सत्यपाल गुप्ता ने इस्लामनगर में प्रत्येक शनिवार को लगने वाले अवैध साप्ताहिक बाजार को बंद कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ माफिया और जिले के बाहर के अपंजीकृत दुकानदार गैरकानूनी तरीके से बाजार लगाकर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर रहे हैं। प्रार्थना पत्र में बताया कि इस्लामनगर में बिना किसी वैध अनुमति के रेडीमेड गारमेंट्स, जूते, सौंदर्य प्रसाधन व अन्य सामग्री की दुकानें लगाई जा रही हैं। इन दुकानों पर न तो किसी प्रकार का पंजीकरण है और न ही वाणिज्य कर विभाग को कोई टैक्स अदा किया जा रहा है। आरोप है कि सेल और छूट का लालच देकर खुलेआम बिक्री की जा रही है। इससे स्थानीय पंजीकृत व्यापारियों का भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि कुछ दुकानदार दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं। इससे आम जनता के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। सत्यपाल गुप्ता के अनुसार, यह पूरा कारोबार कुछ माफिया तत्वों द्वारा पुलिस व अन्य अधिकारियों से मिलीभगत कर संचालित किया जा रहा है, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व में रामलीला बाग में इसी प्रकार बाजार लगाने का प्रयास किया गया था, जिसे उनके द्वारा की गई शिकायत पर तत्कालीन जिलाधिकारी, एसडीएम बिल्सी एवं पुलिस के हस्तक्षेप से बंद कराया गया था। अब इस अवैध बाजार को भी बंद कराने की मांग डीएम से की गई है।

# हादसे में घायल की अस्पताल में मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** पिकअप की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई। हादसे के बाद से युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा था।

बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ौली निवासी विमल पुत्र रजनीश लगभग चार महीने पहले बाइक से अपने रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। बदायूं-बिजनौर मार्ग पर नगर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां लगभग एक महीने के इलाज के बाद चिकित्सक ने छुट्टी कर दी थी। परिजन उन्हें घर ले गए थे। घर पर उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन दोबारा अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया।

# बदायूं डायरी



## चेयरमैन ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 129वें एपिसोड रविवार को नगर पंचायत परिसर में भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ देखा। जिसमें वर्ष 2025 की उपलब्धियों और 2026 की संभावनाओं पर चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। पीएम मोदी ने खेल, विज्ञान व अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 2025 ने देश को कई गौरवपूर्ण पल दिए। साथ ही प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या में राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह को ऐतिहासिक बताया। नगर पंचायत अध्यक्ष पति अरविंद रावत, सुखपाल मौर्य,सभासद लालू रावत,आरिफ जादूगर,रोशन, राकेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## बदलाव फाउंडेशन ने किया वस्त्र और खाद्य सामग्री का वितरण

**बिल्सी, अमृत विचार :** बदलाव फाउंडेशन ने रविवार को वस्त्र व खाद्य सामग्री वितरण किया। इसमें बदलाव फाउंडेशन की टीम ने बिल्सी क्षेत्र के कई गांवों व भागीरथी गंगा घाट कछला पर पहुंचकर गरीब पर जरूरतमंद लोगों को वस्त्र व खाद्य सामग्री बांटी। आश्रम में संतों के लिए वस्त्र व जूते चप्पलों का वितरण किया गया। बदलाव फाउंडेशन के संस्थापक पीडी सिंह ने कहा कि संस्था इसी तरह से गरीब व जरूरतमंदों की हर संभव मदद करती रहेगी लेकिन इसके लिए आप सभी का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा मानव धर्म मानव सेवा के लिए होता है, इसलिए हम सभी को मिलकर गरीब व जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। इस मौके पर वॉलिंटियर अजीत कुमार पंकज सिंह, तारिक हुसैन, अमन, अलीशा, अनामिका, विवेक आदि मौजूद रहे।



## स्कूल में मनाया शैक्षणिक कन्वर्जेंस, तैयार किए मॉडल

**बदायूं, अमृत विचार :** कस्बा उझानी स्थित हरविलास गोयल इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक कार्यक्रम कन्वर्जेंस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों से संबंधित बच्चों के द्वारा मॉडल तैयार किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने भाषा पर आधारित मॉडल में मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, पुस्तकें एवं उनके रचनाकार, अलंकार, सर्च इंजन सहित हिन्दी, अंग्रेजी व संस्कृत के विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय समिति के सदस्य, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे व सभी का सहयोग सराहनीय रहा।



## धूमधाम से मनाया शिशु शिक्षा सदन स्कूल का वार्षिकोत्सव

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या दो खैरी रोड स्थित शिशु शिक्षा सदन जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को तहसील रोड स्थित ग्रीन हाउस में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि रहे बलदेव धाम के महंत ललित शर्मा व कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कार्यक्रम आरंभ किया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मनमोह लिया। मेधावी व प्रतियोगिताओं के विजेता रहे बच्चों को सम्मानित किया। स्कूल के एमडी रजनीश शर्मा, शुभम शर्मा, प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा, पालिकाध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर, तेजस्वी सागर, मृदुल शर्मा, लक्ष्मण दत्त शर्मा, महेश शर्मा, राहुल शर्मा, प्रमोद तोमर आदि मौजूद रहे।

# प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में सजाया विशेष दीवान



सिख धर्म के दसवें गुरु के प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में लोग।



कीर्तन गायन करता अमृतसर के तेजपाल सिंह का रागी जथा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में रविवार को शहर के वैभव लॉन में विशेष दिवान सजाया गया। इससे पूर्व रात के दीवान में गुरुद्वारा पंजाबी मोहल्ला में विशेष दीवान लगा। इसमें निमाना कथावाचक प्रोफेसर हरप्रीत सिंह और अमृतसर के तेजपाल सिंह के रागी जथा ने कीर्तन गायन किया गया। गुरु का अटूट लंगर हुआ। जिसमें हजारों संगत ने लंगर ग्रहण किया।

समागम में सुबह 10 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज के बारे में बताया गया। इसके बाद हजूरी रागी द्वारा कीर्तन गायन किया गया। कथा वाचक निमाना ने साहब श्री गुरु गोविंद सिंह की जीवनी के बारे में बताया। अमृतसर से आए रागी जथा ने कीर्तन गायन किया। कीर्तन के साथ उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के जीवन के संबंध बहुत सारी साखियां सुनाईं। जिन संस्थाओं ने नगर

- शहर के वैभव लॉन में कीर्तन गायन, हजारों संगत ने लंगर ग्रहण किया

कीर्तन शोभायात्रा में प्रसाद वितरित किया और सहयोग कियाउनको गुरुद्वारा साहब के प्रधान रजनी अनेजा और मीत प्रधान सरदार मंजीत सिंह ने सम्मानित किया। मंच का संचालन पंजाबी मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के महासचिव सरदार गुरदीप सिंह ने किया। इससे पहले समागम में गुरु महाराज का अजाब सत्कार रखते हुए बाहर जूता उतारने के लिए जोड़ा घर बनाया था। इसमें जिगर जुनेजा, मिताश कोचर, हर्षित सेठी, मनदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, तुषार कोचर, संजय कोचर, सुभाष कोचर, सोनू जुनेजा, हरभजन सिंह, गुरचरण सिंह, साहिल खुराना, अमनप्रीत सिंह ढींगरा, गुरप्रीत सिंह ढींगरा, गुरप्रीत सिंह जुनेजा, उमेश अरोड़ा, सुरेश अरोड़ा, सतनाम सिंह, सुरजीत सिंह, जगनप्रीत सिंह आदि का सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### दीन भाव से की गई भक्ति कराती है भगवान की प्राप्ति

**चंदौसी,अमृत विचार :** नगर के सीता रोड स्थित सिद्धपीठ बगिया वाली देवी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। मुख्य यजमान के रूप में राहुल वार्ष्णेय और अमूल्य वार्ष्णेय उपस्थित रहे। नरवर से पधारे गौरव शर्मा एवं जय शिव मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन-अर्चन कराया। श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार भगवान शिव का वाहन नंदी और मां दुर्गा का वाहन सिंह है, उसी प्रकार भक्ति का वाहन दीनता है। मनीष शर्मा, अभिषेक शर्मा, विनोद शंकर, राजेश शंकर, कमल गुप्ता, अंशु वर्षिनी, संगीता गुप्ता, ममता, संगीता, जय शिव मिश्रा, भावना शर्मा, लक्ष्य शर्मा, ध्रुव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### संगीतमय सुंदरकांड में चौपाइयों और भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चंदौसी,अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवक ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को संयुक्त चिकित्सालय परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में भव्य संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। 1210 श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यजमान संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह रहे। शुरुआत आचार्य गिरीश चंद्र जोशी ने पूजा-अर्चना के साथ कराई। केजी शर्मा और डॉ. योगेंद्र प्रसाद जोशी ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का भावपूर्ण वाचन किया। अनिल शर्मा और अजय सक्सेना ने सुंदरकांड की चौपाइयों का विस्तार से वर्णन किया। ऋचा जोशी और रेनू जोशी ने हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी। अनिता जोशी, गिरिजा शंकर जोशी, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. गोपेश सरस्वत, मनु तेवतिया, गिर्राज पाल, मुकेश शर्मा, रमेश ग्रेवाल, बुजेंद्र शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, डॉ. गौरव मिश्रा, अशोक पाठक, बृजेश वाष्र्णेय, कल्पना वाष्र्णेयसहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सलारपुर में नहीं बना नाला सड़क पर गंदगी से परेशानी

संवाददाता, कुंवर गांव



सड़क पर फैली गंदगी।

- छोटे बच्चे गिर कर हो रहे चोटिल बीमारी फैलने का खतरा बढ़ा

**अमृत विचार :** विकासखंड सलारपुर की ग्राम पंचायत सलारपुर में नाला न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की सड़कों पर घरों का गंदा पानी भरा हुआ है। इससे जलभराव, कीचड़ और गंदगी से परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद आज तक नाला का निर्माण नहीं कराया गया है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। कीचड़ से निकलने में छोटे बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। रात को बच्चों को घरों से नहीं निकलने दिया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार चार महीने बीत जाने के बाद भी काम शुरू नहीं किया गया।

## बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण, छात्रों की नहीं हो रही पढ़ाई, बिजली सप्लाई शेड्यूल से देने की मांग

# तीन दिन से बिजली गुल, उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता कादरचौक

**अमृत विचार :** क्षेत्र मे बिजली संकट को लेकर लोगों में आक्रोश है। 36 घंटे से बिजली गुल है। इससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे अघोषित कटौती बढ़ती जा रही है। कटौती को लेकर रविवार को लोगों ने बिजली घर पर हंगामा किया।

कादरचौक क्षेत्र में पिछले तीन दिन से बिजली संकट बना हुआ है। लोग कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। रविवार को बिजली घर पर हंगामा करते हुए उपभोक्ताओं ने कहा कि पूरे क्षेत्र में बिजली कटौती हो रही है। इसके साथ बिजली घर पर ही ओवरलोडिंग की समस्या बनी है। फसलें भी सूख रही हैं। अधिवक्ताओं ने भी बिजली समस्या की शिकायत अधिकारियों से की है। कोई सुनने को तैयार नहीं है। तीन दिन से बिजली गुल है। क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। लोगों को पेट्रोमैक्स का आसरा लेना पड़ रहा है क्योंकि इनवर्टर भी डाउन हो चुके हैं। अधिकारी समस्या सुनने को तैयार नहीं हैं। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को बिजली घर पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मांग की कि बिजली सप्लाई शेड्यूल से दी जाए।



कादरचौक में लाइट की बहुत समस्या है। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। तीन दिन से लाइट बंद है। घर में अंधेरा है। पानी की काफी दिक्कत है, लेकिन इस समस्या को कोई नहीं सुन रहा है।

**– मोर सिंह कश्यप**




बिजली को लेकर पूरे क्षेत्र में समस्या है। लोग बिजली घर पर जाते हैं तो वहां से भी झूठा आश्वासन दिया जाता है। क्षेत्र में तीन दिन से बिजली बंद है। बिजली संकट पर जिला प्रशासन भी मौन है जिससे समस्या बनी हुई है।

**– पूर्व अनिल द्विवेदी**, पूर्व प्रधान



बिजली न होने से हमारी पढ़ाई में काफी समस्या आती है। समय से हमारा काम पूरा नहीं हो पता है। जिसको लेकर स्कूल में भी हमारी डांट पड़ती है। सारी समस्या बिजली के कारण हो रही है। तक सही नहीं हो पाई है।

**– तरुण गुप्ता**, छात्र





ग्राम चौडेल में भी बिजली नहीं है। फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इनवर्टर डाउन हो चुके हैं। घर में अंधेरा है एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं।

**– मोनू राठौर**, ग्रामीण

# खाली कराई 80 हेक्टेयर जमीन

## पुलिस और पीएसी ने चंदनपुर में वन क्षेत्र से कब्जा करने वाले ग्रामीणों को खदेड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कब्जा करने वालों के खिलाफ चलाया पहली बार अभियान
- वन विभाग की जमीन पर पैर रखने पर दर्ज की जाएगी एफआईआर



चंदनपुर के वन क्षेत्र में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कादरचौक और उझानी के बीच गांव चंदनपुर में वन विभाग की सैकड़ों बीघा जमीन है। जमीन पर कब्जा जमाए बैठे किसानों को रविवार को पुलिस और पीएसी की मदद से वन विभाग और प्रशासन ने खदेड़ दिया। कब्जे वाली करीब 80 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल को पलट दिया गया। यह जमीन कब्जा मुक्त करा ली गई। अब पुलिस और वन विभाग ने चंदनपुर के वन क्षेत्र पर डेरा डाल दिया है।

चंदनपुर गांव में वन क्षेत्र का बड़ा रकबा है जिस पर सैकड़ों पेड़ भी खड़े हैं। जमीन पर स्थानीय किसान कब्जा किए बैठे हैं। कई सालों से इस जगह की पैमाइश नहीं की गई है जिससे किसानों और वन विभाग के बीच कई बार आमना सामना हो चुका है। इस बार इस मामले को लेकर सीओ विकास कुमार वरुण ने मोर्चा खोल दिया। पिछले सप्ताह जमीन को लेकर वन विभाग ने कड़ी कार्यवाही की। इसका विरोध ग्रामीणों ने किया। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया जिससे वन विभाग कर्मचारियों की गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले को लेकर वन विभाग के सीओ विकास कुमार वरुण ने गांव के 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कई ग्रामीण गांव से भाग चुके हैं और कुछ ने जमीन से कब्जा स्वयं छोड़ दिया, लेकिन कुछ दबंगों ने जमीन पर कब्जा नहीं छोड़ा जिसके बाद रविवार को करीब आधा दर्जन वनकर्मियों ने तहसीलदार सदर मोहित कुमार और पुलिस पीएसी के साथ चंदनपुर के वन क्षेत्र पर डेरा डाल दिया । नायब तहसीलदार ने मोके पर ही नक्शा देख कर वन विभाग की जमीन पर खड़े गेहूं की फसल को पलट दिया और करीब 80 हेक्टेयर जमीन को खाली करा लिया गया। इंस्पेक्टर उझानी और कादरचौक पुलिस दो दिन से वन क्षेत्र की पहरेदारी कर रही है। उझानी कोतवाल ने चंदनपुर गांव में घूम कर ऐलान किया कि जो भी उस जमीन की ओर जाएगा उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

तहसीलदार मोहित कुमार ने कहा कि चंदनपुर के वन क्षेत्र की पैमाइश काफी समय से अटकी थी जिससे ग्रामीणों को भ्रम था कि उसमें से कुछ जमीन उनकी है लेकिन मौके पर ही नक्शा देख कर पैमाइश की गई। जिसके बाद 80 हेक्टेयर का वन क्षेत्र खाली करा दिया गया। अब इसकी रखवाली करने के निर्देश वन विभाग को दिए गए हैं।

**खाली कराए गए वन क्षेत्र पर होगा पौधरोपण :** चंदनपुर के वन क्षेत्र को खाली करा लिया गया है अब उस पर पौधा रोपण किया जाएगा। वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि वन क्षेत्र पर जल्द तैयार होने वाले पौधे लगाए जाएंगे जिससे कोई भी वहां पर कब्जा न कर सके। जिन स्थानों पर पेड़ नहीं है उन स्थानों को चिन्हित किया जाएगा। जुलाई और अगस्त माह में पौधरोपण किया जाएगा। वन विभाग की एक टीम को उक्त वन क्षेत्र की रखवाली को लगाया गया है। टीम में एक वन दरोगा दो अन्य कर्मचारी हर समय मौजूद रहेंगे।

## लोगों को सब्सिडी पर मिलेगा सोलर पंप

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के तहत अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करने के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए थे। अब टोकन जनरेट किया जा रहा है। साथ ही टोकन मनी जमा कराई जा रही है।

उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया एचपी डीसी-एसी सरफेस पंप पर 98,593 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। दो एचपी के डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,00,215 रुपये व एसी सबमर्सिबल पंप 99,947 रुपये और तीन एचपी के डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621 रुपये व एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रुपये का अनुदान मिलेगा, जबकि पांच एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,88,038 रुपये और 7.5 एचपी एसी व 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर किसानों को अलग-अलग अनुदान के रूप में सर्वाधिक 2,54,983 रुपये का लाभ मिलेगा। टोकन मनी के रूप में पांच हजार रुपये जमा करने होंगे। लाभार्थी का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जाएगा।

# कांग्रेस पदाधिकारियों ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया



पार्टी के झंडे को सलामी देते कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गांव पलिया मेहंदी में आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने रविवार को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इसमें पार्टी की स्थापना के विषय पर पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन पलिया मेंहदी गांव में हुआ।

इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि कांग्रेसियों ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से संघर्ष किया, लेकिन आरएसएस भाजपा के नेताओं ने आजादी की लड़ाई में भाग नहीं बल्कि अंग्रेजों का साथ दिया। जिस तरह कांग्रेसियों ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया और देश को आजाद कराया। उसी तरह कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कुर्बानियां देने से पीछे नहीं हटेगी। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने ग्रामीण मजदूरों के रोजगार गारंटी के कानून मनरेगा को रद्द कर दिया। मोदी सरकार चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रहे है। कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह, सचिन नाई, विनोद खटीक, नेम चंद्र नाई, पुत्तन यादव, ओमकार यादव, अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।

# 7.5 हजार बच्चों को दी विटामिन ए की खुराक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एक माह तक चलने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण माह के पहले दिन जिले में साढ़े सात हजार बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई। सीएमओ ने कार्यक्रम के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि सप्ताह में दो दिन चलने वाले अभियान की रिपोर्ट दें और नियमित निरीक्षण कर ग्रामीणों को विटामिन ए से होने वाले लाभ के बारे में जागरूक करें।

बाल स्वास्थ्य पोषण माह के नोडल एमओआईसी जगत डॉ. मोहम्मद असलम ने रविवार को बताया कि इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैदी से काम कर रहा है। सप्ताह में टीकाकरण वाले दिन ही विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। इसमें करीब 2 हजार स्वास्थ्य कर्मचारी लगाए गए हैं जो अब गांव गांव और घर घर पहुंच कर विटामिन ए की खुराक देंगे। पहले दिन की रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। अब 27 जनवरी तक अभियान चलेगा। गांव देहात के प्राइमरी स्कूलों में जो पांच साल तक के बच्चे पढ़ते हैं उन्हे स्कूलों में ही विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। जो बच्चे स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं उन्हे उनके घरों पर खुराक दी जा रही है। बाहर से आने वाले बच्चों को भी दवा दी जाएगी। घुमंतू लोगों के बच्चों को खोज खोज कर दवा पिलाने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने निर्देशित किया है कि ग्रामीणों को इस अभियान के बारे में जानकारी देना जरूरी है जिससे कोई व्यक्ति इसका अज्ञानतावश विरोध न करे। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमओआईसी को जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। विटामिन ए की खुराक देने से होने वाले लाभ के बारे में बताया जाएगा।

## करतोली गांव में तालाब के पास कराया अवैध निर्माण

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के करतोली गांव के पास एक तालाब है। जिसके पास गांव के लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। रविवार को गांव में एक दर्जन से अधिक राजमिस्त्री को बुलाकर सरकारी जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया। अनन फानन में काम होता देख गांव के लोग चकित हो गए और किसी ने मामले की शिकायत तहसील सदर तहसीलदार से की। शिकायत के बाद हल्का पर तैनात लेखपाल ने निर्माण रोकने के लिए व्यक्ति को फोन किया लेकिन निर्माण कर रहे व्यक्ति ने लेखपाल की कोई बात नहीं सुनी और पूरे दिन अवैध रूप से निर्माण करता रहा। सरकारी जमीन पर चारों ओर से ऊंची दीवार खड़ी कर दी गई। हल्का लेखपाल अवनीश कुमार ने बताया कि सरकारी जमीन पर निर्माण की शिकायत मिली थी। सोमवार को टीम के साथ निर्माण हो रही जगह की नाप करके अवैध रूप से निर्माण कराए गए को हटवाएंगे।

# अरविंद बने नगर अध्यक्ष



नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कृष्णा मैरिज लॉन में उसहैत सर्राफा कमेटी का किया गठन

**अमृत विचार :** उसहैत के कृष्णा मैरिज लॉन में रविवार को सर्राफा कमेटी गठन किया गया।

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र महाजन सेठ ने नगर उसहैत की नवनियुक्त सर्राफा कार्यकारिणी की घोषणा की। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष जितेंद्र महाजन सेठ रहे। अरविंद कुमार वर्मा को उसहैत नगर अध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ महामंत्री अखिलेश कुमार गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष मुजाहिद खान को नियुक्त किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज यादव, सर्राफा कमेटी उसहैत में सुनील कुमार वर्मा, सचिन गुप्ता, सतीश चंद्र गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, राजू गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता आदि मंत्री बनाए गए। नगर कार्यकारिणी में नगर उपाध्यक्ष अमरजीत भारद्वाज, कमल कुमार वर्मा, विजय कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार यादव, गिलाल खान,सुबोध गुप्ता, नमन गुप्ता अनुज गुप्ता रामू वर्मा उप मंत्री बनाए गए। कमेटी में दीपक कुमार वर्मा, अजय वर्मा, अरविंद वर्मा, लखन वर्मा, अतुल वर्मा, राजाराम राठौर आदि को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

# सुरक्षित बालक-सशक्त नारी से विकसित भारत की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दृढ़ संकल्प संस्था की संगोष्ठी में बच्चों को संस्कारी बनाने पर दिया जोर

**अमृत विचार :** सुरक्षित बालक, सशक्त नारी-विकसित भारत की तैयारी के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से दृढ़ संकल्प संस्था ने किशोर न्याय एवं महिला सशक्तिकरण के सामाजिक, कानूनी एवं मानवीय पहलुओं पर एक विचारोत्तेजक सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।

शहर की मधुवन कॉलोनी में हुए कार्यक्रम की समन्वयक एडवोकेट वैशाली गुप्ता ने संस्था के उद्देश्यों के बारे में बताया। मुख्य वक्ता शिरीष मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने कहा कि किशोरों में संस्कारों का विकास अत्यंत आवश्यक है।पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारतीय ने माताओं से जीजाबाई की तरह सशक्त बनने का आह्वान किया। थाना मुजरिया प्रभारी ज्योति सिंह ने परिवार और बच्चों को समय देने पर जोर दिया। उसहैत के पूर्व चेयरमैन गौरव गुप्ता गोल्डी ने किशोरों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। किशोर न्याय बोर्ड के न्यायिक सदस्य अरविंद गुप्ता ने कहा कि किशोर और नारी समाज के दो मजबूत स्तंभ हैं।

बाल संरक्षण समिति की न्यायिक सदस्य सविता मालपानी ने बचपन से ही बच्चों में संस्कार देने की आवश्यकता बताई। समिति के न्यायिक सदस्य सुयोग्य गुप्ता ने किशोर अपराधों के लिए मोबाइल के दुरुपयोग को प्रमुख कारण बताते हुए प्रारंभिक स्तर पर मोबाइल नियंत्रण पर बल दिया।बदायूं व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र ढींगरा ने कहा कि यदि आज किशोरों को सम्मान, दिशा और संवेदना दी जाए तो भविष्य में महिला अपराध स्वतः कम होंगे। डॉ. जयप्रकाश गुप्ता एवं ने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को सशक्तिकरण का आधार बताया। अखिल भारतीय सनातन बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने किशोरियों को प्रतियोगिताओं के माध्यम से राष्ट्रीय हित से जुड़ने का आह्वान किया। युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने बच्चों व किशोरों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। सेमिनार में पुलिस परामर्श केंद्र के काउंसलर ज्वाला प्रसाद गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद दिलीप गुप्ता, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, पूर्व शासकीय अधिवक्ता एससी गुप्ता सहित अनेक अधिवक्ताओं, समाजसेवियों ने विचार व्यक्त किए।

# स्टाफ को दी चेतावनी, मरीजों का उचित उपचार करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करते हरदोई के सीएमओ अभय प्रताप सिंह व अन्य।

- हरदोई की टीम ने किया आरोग्य मंदिर उझानी का निरीक्षण

**अमृत विचार :** तीन सदस्यीय टीम ने रविवार को उझानी के मोहल्ला नझियाई स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्टाफ को चेतावनी दी कि मरीजों का समय से और उचित उपचार किया जाए। बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। आरोग्य मेले में डॉक्टर और कर्मचारी निर्धारित समय तक मौजूद रहे।

एनआरएचएम के कार्यों को देखने के लिए अपर स्वास्थ्य निदेशक बरेली के निर्देशानुसार हरदोई की तीन सदस्यीय रविवार को उझानी के मोहल्ला निझियाई स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर पहुंची। हरदोई के एसीएमओ अरविंद कुमार सचान ने आरोग्य मंदिर पर मौजूद डॉक्टर और कर्मचारियों से बातचीत की। उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। वहां पर मौजूद मरीजों से पूछताछ की। अरविंद कुमार सचान, मोहम्मद शाहिद व सीएमओ अभय प्रताप सिंह ने स्टाफ को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप आरोग्य मंदिरों का लाभ लोगों को मिलना चाहिए। स्टाफ समय से पहंचे। टीम ने वार्ड में मरीजों से बात की। लाखों की लागत से बनाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सफाई पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यहां पर हर समय सफाई रखनी चाहिए। बाहर से आने वाले मरीजों को बैठने की व्यवस्था रहे और दवाएं बाहर से न लिखी जाएं। टीम ने सीएचसी का भी निरीक्षण किया। अस्पताल के विभिन्न वार्डों में सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

## पंजा कुश्ती में दिखाया दम

**संभल, अमृत विचार:** त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल एवं माता राजकली देवी आर्य कन्या गुरुकुल में पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ी 2 से 5 जनवरी तक उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के तत्वावधान में आगरा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।
सब-जूनियर वर्ग में 55 किलो भार वर्ग में मोहम्मद साद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 65 किलो भार वर्ग में हरगुन ढिल्लो विजेता रहे। जूनियर वर्ग में 50 किलो भार वर्ग में प्रवीण और 50 किलो भार वर्ग में प्रियांशु ने प्रथम स्थान हासिल किया। 60 किलो भार वर्ग में रितिक और 65 किलो भार वर्ग में मुसिब ने बाजी मारी। यूथ वर्ग में 80 किलो भार वर्ग में मफाज कुरैशी प्रथम रहे। सीनियर वर्ग में 80 किलो भार वर्ग में राजीव कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया।

# 5 से शुरू होंगी प्री बोर्ड परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 29 से 31 दिसंबर तक स्कूलों में भेजे जाएंगे प्रश्न पत्र
- परीक्षा में शामिल होंगे 67 हजार से अधिक विद्यार्थी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के बीच प्री बोर्ड परीक्षा की भी तैयारी शुरू हो गई है। स्कूलों में 5 जनवरी से प्री बोर्ड की परीक्षाएं होंगी। यह 21 जनवरी तक जारी रहेंगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रश्नपत्रों को 29 से 31 जनवरी के बीच स्कूलों में भेजा जाएगा। परीक्षा सुबह 11:30 से शुरू होकर 2:30 तक चलेगी। परीक्षा की सभी तैयारी पूरी करने के आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और संचालकों को जारी किए हैं।

जिले में 308 माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालय संचालित हैं। इस बार 67945 विद्यार्थियों ने हाईस्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी चल रही है। जिले में 98 कॉलेजों को बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारित किया है। बोर्ड की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षाओं की भी तिथियां घोषित कर दी हैं। जिले में प्रथम चरण के दौरान प्रयोगात्मक परीक्षाएं होगी। प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से एक फरवरी तक कराई जाएंगी। लेकिन उससे पूर्व स्कूलों में प्री बोर्ड परीक्षा होनी है। जिसका कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 5 जनवरी से 21 जनवरी तक होनी हैं। इस बार परीक्षाएं साल 2025 में बोर्ड परीक्षा के बाद शेष बचे प्रश्नपत्रों से कराई जाएगी। बोर्ड परीक्षा 2025 में माध्यमिक शिक्षा परिषद से प्रश्नपत्र के डबल सेट आए थे। इसमें से प्रश्नपत्र का एक सेट परीक्षा में उपयोग किया गया। प्रश्नपत्र के दूसरे सेट का पैकेट स्ट्रांग रूम राजकीय इंटर कालेज में रखे हुए हैं। उन्हीं प्रश्नपत्र से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट प्री बोर्ड परीक्षा 2026 कराई जाएगी। प्री बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्रों की हिंदी विषय की परीक्षा होगी। बोर्ड परीक्षा 2026 संपन्न कराने के लिए जिले में 98 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर जिस-जिस स्कूल के छात्र आवंटित हुए हैं, उसी आधार पर प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्रों पर भेजे जाएंगे। वहां से आवंटित छात्र संख्या वाले स्कूलों के प्रधानाचार्य प्रश्न पत्र लेकर अपने विद्यालय में प्री बोर्ड परीक्षा कराएंगे। प्री बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 37369 और इंटरमीडिएट के 30576 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

> प्री बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी हो गया है। प्री बोर्ड परीक्षा 2025 में बोर्ड परीक्षा के लिए परिषद से आए प्रश्न पत्र के दूसरे सेट से कराई जाएगी। इसके लिए स्ट्रांग रूम से 98 परीक्षा केंद्रों को 29 से 31 दिसंबर तक प्रश्न पत्र छात्र आवंटन के हिसाब से भेजे जाएंगे।
>
> **– लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

## ई-रिक्शा चालक ने मजदूर से लूटी नकदी व मोबाइल

**चंदौसी, अमृत विचार:** एक मजदूर के साथ ई-रिक्शा चालक और उसके साथी ने मारपीट कर नगदी और मोबाइल लूट लिया।

बदायूं के थाना उघैती क्षेत्र के गांव सोरो निवासी नेपाल ने बताया कि वह मजदूरी कर रविवार सुबह करीब 6:30 बजे हिमाचल प्रदेश से चंदौसी रेलवे स्टेशन पहुंचा था। स्टेशन से अपने गांव जाने के लिए उसने 400 रुपये में ई-रिक्शा किया। जब ई-रिक्शा कैथल बाजार के पास पहुंचा, तभी चालक और उसके एक साथी ने अचानक उस पर हमला कर दिया। आरोपियों नेसिर पर डंडे से वार कर उसे घायल कर दिया और उसकी जेब में रखे आठ हजार रुपये तथा मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। दोपहर में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और दोनों आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने रकम व मोबाइल बरामद कराने की मांग की है।

ब्रीफ न्यूज

## आकाश-अभिषेक ने बेहतर प्रदर्शन किया

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित गौर हरि सिंघानिया क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को बरेली वेटरन और रामपुर वेटरन के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। बरेली ने रामपुर को 37 रन से हराकर मैच जीता। टॉस जीतकर रामपुर के कप्तान दीपक शर्मा ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बरेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 168 रन बनाये। बरेली के लिए सर्वाधिक रन आकाश कुमार ने 48 रन, राहुल कपूर ने 32 रन और नाजिम खान ने 24 रन बनाए। रामपुर की ओर से गौरव यादव ने 3 विकेट, मोहित यादव और विजय पंछी ने 2-2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए रामपुर की पूरी टीम 131 रनों पर ऑल आउट हो गई।

## जिला पशु कल्याण अधिकारी से मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** मुंशीनगर निवासी जिला पशु कल्याण अधिकारी शालिनी अरोरा शनिवार को घरेलू सहायिका के साथ घर की सफाई कर रही थीं, तभी एक युवक ने उनके घर में घुसने का प्रयास किया। इसके बाद उनके पालतू कुत्ते भौंकने लगे, लेकिन युवक ने कुत्तों को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शालिनी ने विरोध किया तो ईंट से हमला करके सिर फोड़ दिया। शोर मचाने पर उसकी सहायिका कुमकुम और मकान के सामने कबाड़े की दुकान चलाने वाले मुल्ला जी उसे बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी बड़ी बिहार निवासी निसार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सोना, चांदी के बढ़े भाव बाजार में ठग सक्रिय

**बरेली, अमृत विचार :** सोना-चांदी के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसे में सर्राफा बाजार में ठगों ने भी सेंधमारी करना आरंभ कर दिया है। प्रदेश भर में ऐसी तमाम वीडियो वायरल हो रही हैं, जिसमें ठग सोने और चांदी के ठोस उत्पादों में तांबा और लोहा भर के बाजार में बिक्री कर रहे हैं। सराफों को अलर्ट करने के लिए अन्य जिलों के सराफों ने वीडियो भेजी हैं। आलमगीरीगंज के सर्राफा कारोबारी विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि जागरूकता के चलते दिवाली के आसपास एक ऐसा ही मामला पकड़ में आया था, जिसमें संदेह होने पर चांदी की सिल को काटकर देखा तो अंदर तांबा भरा हुआ था। ऐसे में किसी भी पक्के सोने या चांदी की धातु को खरीदते समय उसे काटकर ठीक से जांच लें। वहीं कोई भी उत्पाद खरीदने से पहले संबंधित व्यक्ति से उसका आधार कार्ड पेन कार्ड लें, एक फॉर्म भरवाएं।

# रेल परियोजनाएं, यात्री सुविधाएं होंगी और बेहतर

## उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह दास ने किया रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का निरीक्षण

संवाददाता, चंदौसी

- कहा, संभल-गजरौला रेल लाइन प्रोजेक्ट पर मिलेगी भविष्य में सकारात्मक प्रगति
- निर्माण कार्यों के दौरान जनता को नहीं होने दी जाएगी अनावश्यक परेशानी



सीनियर डीसीएम से जानकारी करते प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह दास।

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह दास रविवार को चंदौसी स्थित जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पहुंचे। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों को दी जा रही प्रशिक्षण सुविधाओं, आवासीय व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण, ड्यूटी शेड्यूल और मानसिक दबाव कम करने के उपायों का मूल्यांकन किया। कहा कि कर्मचारियों की दक्षता और सुरक्षा के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने संभल-गजरौला रेल लाइन, चंदौसी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और नगर में निर्माणाधीन रेल ओवर ब्रिज को लेकर कहा कि इन सभी परियोजनाओं पर रेलवे गंभीर है। जहां कहीं कार्य में सुस्ती पाई जाएगी, वहां तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्यों के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। संभल-गजरौला रेल लाइन की लंबे समय से चली आ रही मांग पर उन्होंने बताया कि यह परियोजना रेलवे की पाइपलाइन में शामिल है और भविष्य में इसमें सकारात्मक प्रगति देखने को मिलेगी। रेलवे कर्मचारियों की कार्यशैली और स्वास्थ्य पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ड्यूटी शेड्यूल को संतुलित रखने और मानसिक दबाव कम करने के लिए ट्रेनिंग सेंटरों में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण कई स्तरों पर किए जाते हैं, वहीं खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें फिट रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की प्रधानाचार्य अंजु सिंह, उपप्रधानाचार्य डॉ. सुगंधा सिंह, हॉस्टल अधीक्षक आशुतोष, सेवानिवृत्त इंस्ट्रक्टर एमसी उपाध्याय, सीएमआई वेद प्रकाश, मुख्य टिकट निरीक्षक जाकिर अली सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## तेजी से बदल रहा रेलवे का स्वरूप ट्रेनों में सामान्य बोगियां बढ़ेंगी

**चंदौसी, अमृत विचार:** उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह दास ने कहा कि रेलवे का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें शुरू हो चुकी हैं। नए इंजन आ चुके हैं और लगभग पूरे रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण हो गया है। आने वाले समय में देश में बुलेट ट्रेन का संचालन शुरू होगा, साथ ही लंबी दूरी की स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों की भी शुरुआत की जाएगी। अगले कुछ वर्षों में भारतीय रेलवे और अधिक आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक नजर आएगी। यात्री सुविधाओं पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि सुरक्षित और सुलभ यात्रा रेलवे की प्राथमिकता है। पहले अधिकांश ट्रेनों में सामान्य श्रेणी की केवल दो बोगियां होती थीं, लेकिन अब नए आदेशों के तहत इनकी संख्या बढ़ाई जा रही है। भविष्य में कुछ ऐसी ट्रेनें भी चलाई जाएंगी, जिनमें आधी बोगियां सामान्य और आधी स्लीपर श्रेणी की होंगी। पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह उर्फ पप्पू चौधरी द्वारा बरेली-बांदीकुई पैसेंजर ट्रेन में स्लीपर व थर्ड एसी कोच तथा दिल्ली-बरेली पैसेंजर ट्रेन में अतिरिक्त स्लीपर कोच की मांग पर उन्होंने कहा कि नई ट्रेनें शुरू होते ही इन मांगों पर भी अमल किया जाएगा। इस मौके पर सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि जल्द ही बरेली से दिल्ली वाया चंदौसी एक नई ट्रेन मिलने की संभावना है।

# स्टूडेंट वीजा बनाकर ठगी को बनाई थी फर्जी वेबसाइट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एमजेपीआरयू की फर्जी वेबसाइट बनाने वाले बीटेक छात्र को जेल
- आरोपी से लैपटॉप व अन्य सामान बरामद, फरार साथी की तलाश

**अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की फर्जी वेबसाइट बनाने वाले बीटेक पास आरोपी को बारादरी और साइबर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। आरोपी साथी के साथ फर्जी कागजात, मार्कशीट बनवाकर युवाओं को फर्जी स्टूडेंट वीजा तैयार करके विदेश भेजने के नाम पर ठगी करते थे। आरोपी के पास से लैपटॉप और अन्य सामान बरामद हुआ है। उसका रामपुर निवासी साथी फरार है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में लगी हुई हैं।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कोऑर्डिनेटर डॉ. अख्तर हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की आधिकारिक बेवसाइट की नकल करते हुए नकली वेबसाइट www.mjpru.org.in बनाकर विभिन्न सूचनाएं एवं सामग्री अपलोड की जा रही हैं, जिससे छात्रों, अभिभावकों व जनसाधारण में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। चौकी प्रभारी रुहेलखंड, साइबर सेल प्रभारी एवं उनकी टीम ने फर्जी वेबसाइट की डोमेन प्रोवाइडर कंपनी हॉस्टिंजर से लिंक की डिटेल प्राप्त की। कंपनी ने जो लिंक और मोबाइल नंबर दिया, उसका धारक सुजय रॉय पुत्र सुकुमार रॉय निवासी संजयनगर, खेडा निकट बसंती मन्दिर, थाना ट्रांजिट कैंप (रुद्रपुर) जनपद ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड निकला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका दूसरा साथी धर्मेन्द्र कुमार मौके से फरार हो गया। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि मुख्य आरोपी सुकुमार रॉय को जेल भेज दिया गय है, जबकि उसके फरार साथी धर्मेन्द्र कुमार निवासी कनकपुर, थाना खजुरिया जनपद रामपुर की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई हैं।

## आईवीआरआई के गर्ल्स हास्टल में लगी आग, मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमरे से धुंआ निकलने पर हुई घटना की जानकारी, शार्ट सर्किट से लगी आग

**अमृत विचार :** आईवीआरआई के गर्ल्स हास्टल के एक कमरे में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कमरे का ताला तोड़कर किसी तरह से आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। गनीमत रही कि घटना के समय कमरा बंद था और आग अन्य कमरों तक नहीं फैल सकी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे इज्जतनगर थाना क्षेत्र के आईवीआरआई हॉस्टल में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही तत्काल फायर स्टेशन सिविल लाइंस से 2 फायर यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। घटनास्थल पर जाकर पता लगा कि छात्रावास में गर्ल्स हास्टल के कमरा नंबर 6 में भीषण रूप से आग लगी थी। जिस कमरे में आग लगी, उसमें रहने वाली छात्रा इन दिनों छुट्टी पर अपने घर गई हुई थी। कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था, जिससे अंदर की स्थिति का तुरंत अंदाजा नहीं लग पाया। जब आसपास के कमरों में रह रही छात्राओं को धुएं की गंध आई और खिड़की के पास से धुआं निकलता दिखा तो पता चला। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आग बुझाई लेकिन तब तक छात्रा की किताबें, कपड़े, बिस्तर और अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया।

## बार में युवती से मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार:** क्रिसमस पार्टी के दौरान एक बार में युवती पर बोतल से हमला करने वाले दो आरोपियों को बारादरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। बारादरी थाना क्षेत्र के पीलीभीत बाईपास पर सेटेलाइट चौराहे के पास माई बार हेडक्वार्टर में क्रिसमस पार्टी के दौरान एक युवती पर कांच की बोतल मारकर हमला किया था। इस मामले में इज्जतनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी पीड़िता की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़िता के अनुसार क्रिसमस पार्टी के दौरान अभद्रता हुई, विरोध पर मारपीट की गई। इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय ने बताया कि शिवम उर्फ काली और लकी दीप को गिरफ्तार किया गया है।

# उपखनिजों का अवैध परिवहन, 23.64 करोड़ हड़पे

राकेश शर्मा, बरेली

- ऊंची-ऊंची सरकारी बिल्डिंगें बना दीं लेकिन उपखनिज परिवहन शुल्क नहीं किया जमा
- डीएम ने संबंधित विभागों को सात दिन में बकाया धनराशि जमा कराने के दिए निर्देश
- वर्ष 2020 से बिना अभिवहन प्रपत्रों से उपखनिजों का परिवहन करने का बड़ा खेल सामने आया

**अमृत विचार :** बिना जरूरी दस्तावेजों (ई-एमएम-11 व परमिट) के उपखनिजों में रेत, गिट्टी, मोरम आदि का अवैध परिवहन कारोबारी ही नहीं बल्कि सरकारी विभाग भी सालों से करते आ रहे हैं। ऊंची-ऊंची सरकारी बिल्डिंगें बना दीं, लेकिन उपखनिज परिवहन का शुल्क कई सालों से जमा नहीं किया। हाल ही में बिना अभिवहन प्रपत्रों से उपखनिजों को ढाने वाले सरकारी कार्यदायी संस्थाओं का (सरकारी विभाग) बड़ा खेल सामने आया।

यूपी माइंस के पोर्टल से मिली रिपोर्ट में करीब 23.64 करोड़ से ज्यादा की धनराशि जमा न करने का खेल सामने आया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने लोनिवि, बीडीए, मंडी परिषद, सिंचाई विभाग, सेतु निगम, यूपी सिडको, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों को सात दिन में धनराशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। कुछ दिन पहले भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के निदेशक ने बिना अभिवहन प्रपत्र/अपात्र अभिवहन प्रपत्रों से किए गए उपखनिजों के परिवहन के संबंध में सरकारी कार्यदायी संस्थाओं पर वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2024-25 और 2025 में अप्रैल से अक्टूबर तक की धनराशि की रिपोर्ट प्रशासन को भेजी थी। उसी रिपोर्ट पर डीएम अविनाश सिंह ने हाल ही में सरकारी कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुख अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट के सभागार में विस्तृत समीक्षा बैठक की थी। डीएम ने अधिकारियों को बताया कि यूपी माइंस डॉट यूपीएसडीसी डॉट जीओबी डॉट इन पोर्टल से प्राप्त विवरण के अनुसार जो भी उपखनिज परिवहन का शुल्क अवशेष है, सात दिन में जमा कराएं। वहीं, डीएम की बैठक के जारी हुए मिनट्स में बताया है कि लोनिवि के अधिकारियों, सिंचाई विभाग के अभियंता एनके लॉबा, मंडी परिषद के कैशियर अनुज श्रीवास्तव, यूपी सिडको के सहायक लेखाकार इब्राहिम रजा, राज्य सेतु निगम के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने सात दिन में अवशेष धनराशि जमा करने का भरोसा दिया।

समीक्षा बैठक के मिनट्स के अनुसार यूपी माइंस के पोर्टल से मिली रिपोर्ट में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग ने 2020-21 से अभी तक करीब 135705541 रुपये की धनराशि जमा नहीं की है। समीक्षा में लोनिवि के अफसरों ने बताया कि अवशेष धनराशि का विभागवार अलग-अलग विवरण तैयार कर जल्दी ही जमा करा दिया जाएगा। मंडी परिषद ने करीब 24548339 रुपये की धनराशि जमा नहीं की है। मंडी के कैशियर ने 1869180 रुपये जमा करने के संबंध में चालान भी बैठक में दिखाए थे। सिंचाई विभाग ने 11734168 रुपये, यूपी सिडको ने करीब 5552099 रुपये, राज्य सेतु निगम ने करीब 1373476 रुपये की धनराशि जमा नहीं की है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने 4035750 रुपये और बीडीए ने करीब 53673022 रुपये की धनराशि जमा नहीं की है। हालांकि बीडीए के सहायक अभियंता अजय कुमार यादव ने समीक्षा बैठक में 40 लाख रुपये जमा करने की बात डीएम से कही थी।

## मुंबई फ्लाइट 16 मिनट पहले आने के साथ पांच मिनट पहले गई

**बरेली, अमृत विचार :** मुंबई में रविवार सुबह दृश्यता कम होने की वजह से लग रहा था कि मुंबई फ्लाइट निरस्त हो सकती है लेकिन 11 बजे के बाद दृश्यता स्पष्ट हो गयी तो 321 सीटर एयरबस ने मुंबई एयरपोर्ट से अपने निर्धारित समय से पहले बरेली के लिए उड़ान भरी। एयरबस यहां बरेली एयरपोर्ट पर अपने निर्धारित समय 2:20 बजे से 16 मिनट पहले 2:04 बजे लैंड हो गयी। इससे शीतलहर में सैकड़ों यात्रियों को बड़ी राहत मिली। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट में मुंबई से बरेली के लिए 217 यात्री आए, जबकि बरेली से मुंबई के लिए 196 यात्री गए। भले ही दोपहर में बरेली में धूप नहीं निकली लेकिन मौसम साफ हो गया, इसका फायदा बरेली एयरपोर्ट से मुंबई जाने वाली फ्लाइट को भी मिला। बरेली से मुंबई जाने के लिए फ्लाइट का निर्धारित समय 2:55 बजे का है, लेकिन आज फ्लाइट पांच मिनट पहले 2:50 बजे मुंबई के लिए उड़ गयी। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढकनी रजपुरी वि.खं. भुता, बरेली**

पत्रांक : 96/लेखा/निविदा/वर्ष 2025-26 दि. 27.12.2025

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढकनी रजपुरी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में अनूप के घर से अम्बेडकर पार्क तक सी.सी रोड निर्माण कार्य होना है जिसकी अनुमानित लागत 3.99 लाख है। सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता प्रथम ईंट, रोड़ा आदि आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रण की जाती है। जिन्हें दिनांक 05.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा कर सकते हैं। समस्त निविदाएं उसी दिन शाम 4 बजे खोली जायेगी जिस फर्म का टेन्डर सबसे कम दर का होगा ग्राम पंचायत द्वारा उसी को स्वीकार किया जायेगा।

अजेय राघव, सचिव — नरेन्द्र कुमार, प्रधान

## अब ओआरएस पर बैठे बनाएं ऑनलाइन पर्चा

**बरेली, अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने आने वाले मरीजों के लिए बड़ी राहत मिलने वाली है। अब मरीजों को पर्चा बनवाने के लिए घंटों लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। वह घर बैठे ही केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की वेबसाइट ओआरएस (ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम) से पर्चा बनाकर ओपीडी में पर्चे का प्रिंट आउट दिखाने पर डॉक्टर से परामर्श ले सकेंगे।

# बरेली एयरपोर्ट टॉप 10 में शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिविल एन्क्लेव (बरेली एयरपोर्ट) पर ग्राहकों का भरोसा बढ़ा है। इसी भरोसे ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए एएआई हवाई अड्डों पर छह-छह माह में कराए ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण के दूसरे राउंड में बरेली एयरपोर्ट को 4.93 अंक मिले हैं। इन अंकों ने बरेली एयरपोर्ट को देश के टॉप टेन एयरपोर्ट में जगह दी है। एयरपोर्ट को देश में सातवीं रैंक, जबकि प्रदेश में पहली रैंक मिली है। छह माह पहले कराए सर्वेक्षण में बरेली एयरपोर्ट को 5 अंकों में से 4.29 अंक मिले थे। इस बार ग्राहकों के भरोसे से 0.64 अंक बढ़े हैं। इससे माना जा रहा है कि बरेली-मुंबई और बरेली-बेंगलुरू के लिए संचालित उड़ानों में सफर करने वाले ग्राहकों को बरेली एयरपोर्ट पर अच्छी सुविधाएं मिल रही हैं।

### राज्य के इन एयरपोर्ट पर बढ़ा ग्राहकों का भरोसा

**बरेली :** छह माह पूर्व हुए सर्वेक्षण के बाद दूसरी बार सर्वेक्षण में राज्य के अयोध्या, प्रयागराज, आगरा, कानपुर चकेरी, गोरखपुर और उत्तराखंड के पंतनगर एयरपोर्ट पर ग्राहकों का भरोसा बढ़ा है। जनवरी से लेकर जून माह में कराए गए सर्वेक्षण के बाद अब जुलाई से दिसंबर तक कराए सर्वेक्षण में सभी एयरपोर्ट को ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में ज्यादा अंक मिले हैं। इसमें अयोध्या ने पिछले 3.99 अंक पर 0.91 की उछाल मार इस बार 4.90 अंक पाए। प्रयागराज एयरपोर्ट ने पिछले 3.87 अंक पर 0.97 अंक की उछाल मारकर इस बार 4.84 अंक पाए। पंतनगर एयरपोर्ट ने पिछले 4.81 अंक पर 0.02 अंक की उछाल मारकर 4.83 अंक पाए। आगरा एयरपोर्ट ने पिछले 4.63 अंक पर 0.20 अंक की उछाल मारकर 4.83 अंक पाए। गोरखपुर एयरपोर्ट ने पिछले 3.20 अंक पर 1.31 अंक की उछाल मारकर 4.51 अंक प्राप्त किए हैं।

बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि देश के 62 एयरपोर्ट में से 48 एयरपोर्ट पर ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण कराया गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने यह सर्वेक्षण जुलाई से लेकर दिसंबर माह के बीच में कराया। पांच बिंदु पैमाने पर दूसरे राउंड 2025 के लिए समग्र ग्राहक संतुष्टि सूचकांक (सीएसआई) 4.75 है। 58 एयरपोर्ट में से सबसे ज्यादा ग्राहकों का भरोसा खजुराहो एयरपोर्ट पर है। देश में पहली रैंक खजुराहो, भोपाल और औरंगाबाद एयरपोर्ट ने पाई। दूसरी रैंक में बड़ोदरा, कुल्लू मनाली और तीसरी रैंक में गग्गल कांगड़ा, कोल्हापुर एयरपोर्ट, चौथी रैंक में उदयपुर, हुबली, जामनगर एयरपोर्ट, पांचवीं रैंक में जम्मू, रांची एयरपोर्ट, छठवीं रैंक में देवघर, ग्वालियर एयरपोर्ट, सातवीं रैंक में लेह, जबलपुर, मदुरै, बरेली एयरपोर्ट शामिल हैं।

# घने कोहरे ने धीमी की रोडवेज बसों की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली से दिल्ली और लखनऊ पहुंचने में पांच की जगह लग रहे छह से सात घंटे

**अमृत विचार:** कड़ाके की सर्दी के साथ घने कोहरे से जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कोहरे का सबसे ज्यादा असर परिवहन सेवाओं पर देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर ट्रेनों की लेटलतीफी लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर रोडवेज बसों की रफ्तार भी थम सी गई है। बरेली से दिल्ली और लखनऊ के लिए चलने वाली रोडवेज बसें इन दिनों निर्धारित समय से काफी देरी से अपने गंतव्य तक पहुंच रही हैं।

दिल्ली और लखनऊ की दूरी बरेली से लगभग 250 किलोमीटर है, जिसे सामान्य दिनों में बसें अधिकतम पांच घंटे में पूरा कर लेती थीं, लेकिन मौजूदा हालात में यही सफर साढ़े छह से सात घंटे तो कभी-कभी सात से आठ घंटे तक का हो गया है।

परिवहन निगम के अधिकारी बताते हैं कि कोहरे की वजह से दृश्यता बेहद कम होने से चालक बसों को नियंत्रित गति से चलाने को मजबूर हैं। सुरक्षा को देखते हुए रात और तड़के सुबह के समय बसों की रफ्तार और भी कम कर दी जाती है। पुराना और सैटेलाइट बस स्टैंड से रोडवेज बसों का दिल्ली, लखनऊ के अलावा आगरा, कानपुर, हरिद्वार, देहरादून जैसे कई प्रमुख मार्गों पर भी संचालन किया जाता है। इन सभी रूटों पर कोहरे का असर साफ नजर आ रहा है। यात्रियों को न केवल अधिक समय लग रहा है, बल्कि कई बार बीच रास्ते में बसों को रोकना भी पड़ रहा है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
पंचम मण्डल सिंचाई कार्य,
बरेली

ई–निविदा सूचना संख्या–04 / अधी0अभि0 / 2025–26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड / फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक–08.01.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक–19.01.2026 अपरान्ह 03.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड / दिनांक–19.01.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, पंचम मण्डल सिंचाई कार्य, बरेली उत्तर प्रदेश के कार्यालय में मुख्य अभियन्ता, (शारदा) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 बरेली द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस–बिड / फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड / ई–पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय प्राप्त की जायेगी।

| लाट सं0 | कार्यों का विवरण | कार्य से सम्बन्धित खण्ड का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद चम्पावत में शारदा बैराज बनबसा क गेट सं0–01 से 04 तक के अपस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम में क्षतिग्रस्त फ्लोर, बफल ब्लॉक व डेन्टेड सिल एवं लांचिग एप्रेन की पुर्नस्थापना का कार्य। | हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर बरेली | 794.26 | 15.89 | 24 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में ''एए'' अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 2 | जनपद चम्पावत में अवस्थित कैनाल कालोनी बनबसा एवं बनबसा कैनाल फॉरेस्ट की सुरक्षा / सीमांकन हेतु पूर्वनिर्मित बाउन्ड्रीवाल की पुर्नस्थापना का कार्य। | | 366.35 | 7.33 | 18 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में ''ए'' अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 3 | जनपद बरेली में अधिशासी अभियन्ता, कार्यालय परिसर एवं निरीक्षण भवन 77–कैण्ट, बरेली के मरम्मत का कार्य। | रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली | 90.54 | 1.81 | 18 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में ''बी'' अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 4 | बैगुल बांध के एप्रोच रोड पर खडंजा लगाने का कार्य। | सिंचाई खण्ड, बरेली | 90.12 | 1.80 | 12 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में ''बी'' अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 5 | नानक सागर बांध कॉलोनी स्थित निरीक्षण भवन में दो अद्द अतिरिक्त सूट के निर्माण का कार्य। | सिंचाई खण्ड, बरेली | 121.52 | 2.43 | 18 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में ''ए'' अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 6 | शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत के अन्तर्गत कैलाश राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 39.600 तक पुर्नस्थापना का कार्य। | शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत | 290.00 | 5.80 | 24 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में ''ए'' अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |

अधीक्षण अभियन्ता
पंचम मण्डल सिंचाई कार्य,
बरेली

UP – 243132 दिनांक: 26/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ / पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 9391 / 7निविदा(पी0डी0)(ई–टेण्डर)–08 / 2025–26 दिनांक 17.12.2025

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ–पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के कार्यक्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आइटम दरों पर (Item Rate Bids) ई–निविदा दिनांक 02.01.2026 से दिनांक 16.01.2026. की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड से संबंधित अभिलेख जैसे कि कान्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्तें, विशिष्टियाँ, बिल ऑफ क्वांन्टिटी आदि एवं बिड की संशोधित / परिशिष्ट शर्तें इत्यादि का भली–भाँति परीक्षण कर लें। निविदा दिनांक 16.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित निर्माण लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | बिड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025–26 दातागंज विधानसभा के अन्तर्गत जनपद बदायूं में पुवायां तिलहर दातागंज बदायूं मार्ग (राज्य मार्ग संख्या–126) के दातागंज आबादी भाग में बाईपास का निर्माण। | 3900.00 | 97.50 | 3997.50 | 50.00 | 2714.00 | 15 माह |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

(नरेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ

(के0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ / पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

UP – 243169 दिनांक: 26/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# कैफे में लव जिहाद बताकर हंगामा करने पर 25 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छात्रा के बर्थ-डे पर कैफे में शनिवार को हुआ था हंगामा
- कैफे मालिक की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** कैफे में शनिवार को नर्सिंग छात्रा की बर्थ डे पार्टी में लव जिहाद का आरोप लगाकर हंगामा करने वाले एक हिंदू संगठन के दो नामजद समेत 25 लोगों पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कैफे मालिक की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस मामले में पुलिस ने घटना के बाद कैफे संचालक समेत दूसरे समुदाय के दो युवकों का ही शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया था। कैफे में हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो गया था।

प्रेमनगर स्थित कैफे में शनिवार को नर्सिंग छात्रा की बर्थडे पार्टी चल रही थी। पार्टी में एक दर्जन छात्र-छात्राएं थे, जिनमें आठ हिंदू और दो मुस्लिम युवक भी शामिल थे। एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कैफे में घुसकर नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। पार्टी में मौजूद छात्राओं ने पुलिस को बताया कि सिर्फ दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी मना रहे थे लेकिन जैसे ही संगठन के कार्यकर्ताओं ने दो मुस्लिम युवकों को देखा तो हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे के बाद पहुंची पुलिस ने कैफे के बाहर हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाबुझा कर बाहर किया। पुलिस ने शान और वाकिफ समेत रेस्टोरेंट मालिक शैलेंद्र गंगवार को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। इस मामले में रविवार को पीलीभीत निवासी कैफे मालिक शैलेंद्र गंगवार ने प्रेमनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि राजेंद्र नगर स्थित उनके कैफे पर कुछ ग्राहक बैठकर जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे। रेस्टोरेंट का स्टाफ उनको सर्विस दे रहा था। इसी बीच सुभाषनगर निवासी ऋषभ ठाकुर और मिनी बाईपास निवासी दीपक पाठक अपने 20 से 25 अज्ञात साथियों के साथ आए और ग्राहकों के साथ मारपीट और गालीगलौज की। जान से मारने की धमकी देकर सामान तोड़ दिया जिससे उनका काफी नुकसान हुआ। उनके कैफे में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिसकी फुटेज भी उनके पास है। सीओ फर्स्ट आशुतोष शिवम ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में आया बड़ा बदलाव, आधुनिक जांच सुविधाएं बढ़ीं और जवाबदेही भी

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** वर्ष 2025 उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़े सुधार, सख्त अनुशासन और आधुनिक सुविधाओं का साल रहा। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में बुनियादी ढांचे से लेकर जवाबदेही तक व्यापक परिवर्तन देखने को मिले। जनमानस को गुणवत्ता युक्त इलाज मुहैय्या कराने के लिए प्रदेश भर में आईसीयू, वेंटिलेटर, सीटी स्कैन, डायलिसिस, पैथोलॉजी और आधुनिक जांच सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ। जिला अस्पतालों से लेकर सीएचसी और पीएचसी तक स्वास्थ्य इकाइयों को अपग्रेड किया गया।

**हब एंड स्पोक मॉडल, स्टेमी और ब्रेन स्ट्रोक कार्यक्रम बने जीवन रक्षक :** इमरजेंसी मेडिकल केयर के क्षेत्र में वर्ष 2025 उत्तर प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हब एंड स्पोक मॉडल पर शुरू किए गए हार्ट अटैक (स्टेमी) कार्यक्रम और ब्रेन स्ट्रोक कार्यक्रम प्रदेश की बड़ी उपलब्धियों में शामिल रहे। इन कार्यक्रमों के प्रारंभिक चरण में ही सैकड़ों मरीजों की जान बचाई गई, जबकि समय पर इलाज मिलने से अनेक मरीज स्थायी दिव्यांगता से भी सुरक्षित रहे। हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक जैसे मामलों में गोल्डन ऑवर के भीतर उपचार सुनिश्चित कर मरीजों को जिला अस्पताल से उच्च चिकित्सा संस्थानों तक त्वरित रेफरल की व्यवस्था की गई। विशेषज्ञों के अनुसार, हब अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं से जोड़ा गया, जबकि स्पोक अस्पतालों में प्रारंभिक इलाज, जांच और स्थिरीकरण की व्यवस्था की गई, जिससे इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम अधिक प्रभावी हुआ।

## स्वास्थ्य विभाग की वार्षिकी-2025

### प्रमुख उपलब्धियां



- प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में 3133 से अधिक आईसीयू बेड उपलब्ध
- प्रदेश के सभी जिलों में, जिला अस्पताल व मंडलीय अस्पताल में नि:शुल्क सीटी स्कैन जांच
- प्रदेश के 54 सरकारी अस्पतालों में बेरा जांच से मूक-बधिर दिव्यांगों को राहत
- विभिन्न जिलों की 185 सीएचसी में डेंटल चेयर की स्थापना
- 20 जिलों में सीसा विषाक्तता जांच परियोजना लागू
- 102/108 एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम घटकर देश में नंबर वन
- 2554 नई एंबुलेंस, विश्व का सबसे बड़ा सरकारी एंबुलेंस क्रय

### निजी अस्पतालों में रियायती ओपीडी सुविधा

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के क्रियान्वयन में 2025 में यूपी देश का पहला राज्य बन गया है, जहां आयुष्मान लाभार्थियों को निजी अस्पतालों में रियायती दरों पर ओपीडी परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। गरीब एवं वंचित परिवारों को अस्पताल में भर्ती हुए बिना ही प्रारंभिक परामर्श और समय पर इलाज का लाभ मिल रहा है, जिससे गंभीर बीमारियों की पहचान पहले चरण में ही संभव हो पा रही है।

### लापरवाही, अनुशासनहीनता व भ्रष्टाचार पर सख्ती




- बिना सूचना गैरहाजिर रहने वाले 50 से अधिकार डॉक्टर बर्खास्त या निलंबित
- रिश्वत, प्राइवेट प्रैक्टिस और लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत त्वरित कार्रवाई हुई
- मरीजों से दुर्व्यवहार और अवैध वसूली पर त्वरित कार्रवाई

### नई व्यवस्थाएं

- ऑनलाइन पेशेंट फीडबैक सिस्टम
- पोस्टमार्टम अधिकतम 4 घंटे में पूरा करने की गाइडलाइन
- सभी अस्पतालों में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल अनिवार्य
- 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती (एनएचएम)
- नर्सों को नया सम्मानजनक पदनाम – नर्सिंग अधिकारी

### अनुशासन और पारदर्शिता

- ड्यूटी से गैरहाजिर चिकित्सा शिक्षकों की बर्खास्तगी
- प्राइवेट प्रैक्टिस, भ्रष्टाचार और टेंडर अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई
- गलत मरीज को ऑपरेशन टेबल पर लिटाने जैसे मामलों में तत्काल निलंबन

### आयुष्मान योजनाओं में फर्जीवाड़े पर त्वरित कार्रवाई

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत वर्ष 2025 में वित्तीय अनुशासन की भी सख्त मिसाल पेश की गई। जांच में सामने आया कि 39 अस्पतालों को 9.94 करोड़ रुपये का गलत भुगतान ट्रांसफर हो गया था। लेकिन तत्काल कार्रवाई होने पर अस्पतालों से राशि की रिकवरी की गयी। इस मामले के बाद डेटा सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और मजबूत किया गया। भुगतान प्रणाली में अतिरिक्त जांच व निगरानी तंत्र लागू किया गया।

- 5.21 करोड़ आयुष्मान कार्ड, 57 लाख से अधिक मरीजों का मुफ्त इलाज
- 22,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, यूपी देश में अग्रणी
- योग दिवस पर 8.27 लाख लोगों ने किया योग, यूपी नंबर वन

## चिकित्सा शिक्षा में यूपी बना नया मॉडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिकित्सा शिक्षा विभाग ने वर्ष 2025 में मेडिकल कॉलेजों की संख्या, सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं और शैक्षणिक अनुशासन में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की गई। एक ही वर्ष में सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज खोलकर यूपी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। प्रदेश में अब 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में 12800 एमबीबीएस और 4297 पीजी सीटों पर प्रवेश मिल रहे हैं। हालांकि शिक्षकों की कमी से निर्धारित मानक न पूरे होने की वजह से सरकारी मेडिकल कॉलेजों ने जुर्माना भी भरा, मगर गेस्ट शिक्षकों को नियुक्त कर न केवल मानक पूरे किए, बल्कि 5450 एमबीबीएस और 2,137 पीजी अभ्यर्थियों को शिक्षा भी प्रदान कर रहे हैं।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग की वार्षिकी- 2025

### प्रमुख उपलब्धियां



- 65 मेडिकल कॉलेज पूर्ण क्षमता से संचालित
- एक वर्ष में 13 नए राजकीय व 3 पीपीपी मेडिकल कॉलेज
- 27 नए पैरामेडिकल कॉलेज
- मेडिकल कॉलेजों में आईसीयू, वेंटिलेटर, जांच और आधुनिक मशीनें
- केजीएमयू में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट
- लोहिया संस्थान में गामा नाइफ मशीन (48 करोड़)
- रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत
- मेडिकल कॉलेजों में 130 करोड़ से अधिक के आधुनिक उपकरण खरीदे गए
- मेडिकल कॉलेजों में मैनपावर और प्रशिक्षण में वृद्धि

### सरकारी अस्पतालों में तैयार होंगे विशेषज्ञ चिकित्सक

सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर करने की दिशा में वर्ष 2025 में ऐतिहासिक पहल की नींव रखी गई। राज्य सरकार ने डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) पाठ्यक्रम के माध्यम से सरकारी अस्पतालों को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत राज्य सरकार ने 10 वर्ष व 13 वर्ष का अनुभव रखने वाले डिप्लोमाधारी चिकित्सकों का विवरण सरकारी अस्पतालों के प्रशासन से मांगा है। अनुभवी चिकित्सकों की उपलब्धता के आधार पर नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ( एनबीई) द्वारा डीएनबी सीटों को स्वीकृति दी जाएगी। इस पहल से न केवल सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में भी उच्च स्तरीय इलाज उपलब्ध हो सकेगा। वर्तमान में प्रदेश के 39 सरकारी अस्पतालों में विभिन्न विषयों की 132 डीएनबी सीटें हैं, जिन पर अभ्यर्थी चिकित्सकों को प्रवेश मिल रहा है ।

## न्यूज ब्रीफ

### बौद्ध सर्किट पहुंचे 61 लाख से अधिक पर्यटक

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी का बौद्ध सर्किट अब प्रदेश ही नहीं, बल्कि वैश्विक बौद्ध पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। पर्यटन विभाग की नीतियों और अंतरराष्ट्रीय प्रचार का असर वर्ष 2025 में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है। जनवरी से सितंबर 2025 के बीच भगवान बुद्ध से जुड़े प्रदेश के छह प्रमुख स्थलों पर 61.15 लाख से अधिक पर्यटकों ने भ्रमण किया, जिनमें 2.71 लाख विदेशी पर्यटक शामिल हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को जारी बयान में बताया कि वर्ष 2025 के अंत तक पर्यटकों की संख्या 64 लाख के पार जाने का अनुमान है। पर्यटन मंत्री बताया कि कौशांबी में जनवरी से सितंबर 2025 के दौरान 23.19 लाख पर्यटक पहुंचे, जिनमें 2,884 विदेशी सैलानी शामिल रहे। इसी प्रकार महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में सर्वाधिक 18.60 लाख पर्यटक पहुंचे, जिनमें 1.88 लाख विदेशी थे। सारनाथ में 17.75 लाख, कपिलवस्तु में 51,795, श्रावस्ती में 79,245 और संकिसा में 29,577 पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31

**अमत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तय की गई है। यह योजना किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। रबी फसलों (गेहूं, जौ, चना, मटर, सरसो, मसूर, आलू आदि) के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित है। इसके लिए किसान pmfby.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं या 14447 पर कॉल भी कर सकते हैं। बीमा योजना के माध्यम से दावों का डीबीटी के माध्यम से समय पर भुगतान भी किया जाता है। रबी फसलों के लिए किसानों को बीमा का सिर्फ डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम देना होता है। शेष धनराशि का केंद्र-राज्य सरकार द्वारा भुगतान किया जाता है। रबी सीजन 2025-26 के लिए अब तक 15.01 लाख से अधिक किसानों द्वारा 53.23 लाख आवेदनों का बीमा किया जा चुका है।

# थाना, सर्किल, पुलिस लाइन में हो बेहतर समन्वय, पुलिस का रहे दोस्ताना व्यवहार

## यूपी के पुलिस अधिकारियों को अभिभावक की तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए कई सुझाव




पुलिस हेडक्वार्टर में आयोजित सम्मेलन में संभल जिले के एसपी कृष्ण कुमार को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के पुलिस जवानों को एक अभिभावक की तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई सुझाव दिए। योगी ने थाना, सर्किल, पुलिस लाइन में भी बेहतर समन्वय पर जोर दिया। कहा कि घटना घटित होती है तो थाना इंचार्ज को जवाबदेह बनाते हैं। सर्किल की भूमिका और समन्वय में कितना योगदान दे रहा है, हमने कभी उस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर तीनों में बेहतर समन्वय बना लें तो सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में यह बड़ा योगदान दे सकता है।

यह भी कहा कि पुलिस बल का दोस्ताना व्यवहार व संवेदना आमजन की समस्या का समाधान करती है और उनके मन में पुलिस के प्रति बेहतर धारणा भी बनाती है। बोले, हमने प्रयास किया कि राजनीतिक हस्तक्षेप न्यूनतम रहे। आपको कार्य करने की स्वतंत्रता दी गई है, ताकि आप परफॉर्म कर सकें। मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मियों के दायित्व पर भी चर्चा की। अब औसतन पुलिस अधिकारी न्यूनतम दो वर्ष तक जनपद-रेंज में सेवा देते हैं, पिछले आंकड़ों बताते हैं कि पहले एक महीने, तीन-चार महीने या कुछ ही दिन में स्थानांतरण हो जाता था। जब तक वह सामाजिक और भौगोलिक स्थिति को समझते, उससे पहले ही बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता था। इससे अव्यवस्था पैदा होती थी, लेकिन अब स्थिरता दी गई।

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि मैं अलग-अलग तबके से बात करता हूं। अच्छे पुलिस अधिकारी का स्थानांतरण होता है तो आमजन सिफारिश करते हैं कि अच्छा अधिकारी था, लेकिन जब गलत व्यक्ति को हटाया जाता है तो पब्लिक हमें धन्यवाद देती है कि इस बला को टाल दिया। हम दोनों स्थितियों को फेस करते हैं और आमजन से कहते हैं कि अच्छे अधिकारी को दूसरी जगह भी काम करना चाहिए। अन्य जगहों पर भी अच्छाई का लाभ मिले। प्रयास करना चाहिए कि अपने आचरण और व्यवहार से उसे और सुदृढ़ करें।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक से सम्मानित

**वर्ष 2022**

- प्रभाकर चौधरी – डीआईजी-अलीगढ़ परिक्षेत्र
- विनय चंद्रा- अपर पुलिस अधीक्षक- अभिसूचना मुख्यालय
- रविंद्र प्रताप सिंह- निरीक्षक-मुरादाबाद
- दिनेश कुमार डांडियाल-निरीक्षक- अधिसूचना विभाग
- मनु चौधरी-निरीक्षक यूपीपीसीएल गाजियाबाद

**वर्ष 2023**

- शैलेश कुमार पांडेय-डीआईजी-आगरा परिक्षेत्र
- विशाल विक्रम सिंह- अपर पुलिस अधीक्षक- एसटीएफ
- विशाल संगारी- निरीक्षक- सीतापुर
- मनोज चिकारा- मुख्य आरक्षी-गौतमबुद्धनगर
- सुश्री शैलेष कुंतल- महिला आरक्षी

**वर्ष 2024**

- अनुराग आर्य-एसएसपी- बरेली
- विमल कुमार सिंह- पुलिस उपाधीक्षक- एसटीएफ
- अरुण कुमार- मुख्य आरक्षी-एसटीएफ

**वर्ष 2025**

- कृष्ण कुमार-पुलिस अधीक्षक संभल
- प्रेम शुक्ला-पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ
- प्रियांशी प्रजापति- महिला आरक्षी कमिश्नरेट आगरा

### दी हिदायत, जनप्रतिनिधियों का फोन रिसीव करें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पुलिस हेडक्वार्टर में आयोजित सम्मेलन के समापन समारोह में पुलिस मंथन के अभिनव प्रयास के लिए डीजीपी व उनकी टीम को बधाई दी। इस कड़ी में उन्होंने संवाद पर जोर देते हुए कहा कि थानाध्यक्ष, हल्का दरोगा, सर्किल इंचार्ज, जिले के कप्तान, रेंज व जोन के अधिकारियों को भी अलग-अलग तबके के साथ संवाद स्थापित करना चाहिए। त्योहारों पर पीस कमेटी की बैठक बुलाते हैं, लेकिन अन्य अवसरों पर भूल जाते हैं। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि गलत कार्य के लिए नहीं बोलता है। उन्हें वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं, उनका फोन रिसीव करें।

### जनता दर्शन से पता चलती जमीनी हकीकत : योगी

सीएम ने थाना प्रबंधन के सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारी नींव है। आमजन के प्रति हमारा व्यवहार केवल संवेदनशीलता को ही प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि ह्यूमन इंटेलिजेंस का भी माध्यम बनता है। मेरे पास जो भी सूचना आती है, अधिकांश की हकीकत ह्यूमन इंटेलिजेंस से ही पता चलती है। जनता दर्शन में मैं इसलिए ही नियमित रूप से जाता हूं। फरियादी सिर्फ शिकायत नहीं करता, बल्कि उसके प्रार्थना पत्र और पीड़ा को देख जमीनी हकीकत का पता चलता है।

### विभिन्न सत्रों में इन विषयों का किया गया प्रस्तुतिकरण

पुलिस मंथन कार्यक्रम के तहत सत्र 8 में आपदा प्रबंधन, सिविल डिफेंस एवं होम गाड्‌र्स, सत्र 9 में विशाल जनसमूह (भीड़) प्रबंधन, सत्र 10 में खुफिया तंत्र एवं उभरती चुनौतियां जैसे सोशल मीडिया/एनजीओ तथा नेपाल सीमा, सत्र 11 में आतंकवाद-रोधी, मादक पदार्थ, गो-तस्करी एवं अन्य संगठित अपराध आदि विषयों पर प्रस्तुतिकरण किया गया।

# नियम विरुद्ध 37 करोड़ का भुगतान

- अक्टूबर में 73 जिलों की 2006 ग्राम पंचायतों में मिली गड़बड़ी
- निदेशालय ने एडीओ और सचिवों पर दिए कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अक्टूबर में 73 जिलों की 2006 ग्राम पंचायतों पर करीब 37 करोड़ रुपये का भुगतान पुरानी व्यवस्था के तहत बाहर से कर दिया गया। निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह ने समीक्षा की तो गड़बड़ी पकड़ी गई। संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को सचिव और एडीओ पंचायत के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों पर हुए कार्यों का भुगतान पंचायत भवन के कंप्यूटर पर गेटवे पोर्टल से करना है। यह पोर्टल बाहर किसी कंप्यूटर व लैपटॉप पर इंस्टाल नहीं होता है। इसके बाद भी 1 से 31 अक्टूबर तक 37 करोड़ रुपये का भुगतान पंचायत भवन की बजाय बाहर से बिना गेटवे पोर्टल से किया गया। निदेशालय पर समीक्षा हुई तो 73 जिलों की 2006 ग्राम पंचायतों पर बाहर से भुगतान करना पाया। जबकि दो वर्ष पहले बाहरी भुगतान की व्यवस्था खत्म की गई थी। सबसे अधिक भुगतान सहारनपुर ने 2.45 करोड़ रुपये किया है। जबकि बाराबंकी ने 2.17 करोड़, मथुरा 1.73 करोड़, कुशीनगर 1.73 करोड़, कानपुर नगर 1.43 करोड़, सीतापुर 1.39 करोड़, हरदोई 1.33 करोड़ व प्रयागराज में 1.21 करोड़ का नियम विरुद्ध भुगतान किया गया है।

# जिंदा मरीज को मृत घोषित करने वाले तीन निलंबित

- जूनियर रेजिडेंट, स्टाफ नर्स और वार्ड आया पर गिरी गाज
- उप मुख्यमंत्री ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की
- कमेटी को तीन दिन में पूरी करनी होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कानपुर के गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) में जिंदा मरीज को मृत घोषित करने के मामले जूनियर डॉक्टर, स्टाफ नर्स और वार्ड आया को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देशानुसार हुई कार्रवाई अंतर्गत तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी को तीन दिन में जांच पूरी करनी होगी।

जीएसवीएम में मेडिसिन विभाग के वार्ड नंबर-12 के बेड संख्या-43 पर मृत के स्थान पर जीवित मरीज का पुलिस इन्फॉर्मेशन (पीआई) भेजे जाने का प्रकरण सामने आया है। उप मुख्यमंत्री ने प्रकरण को गंभीरता से लिया और उन्होंने कॉलेज के प्रधानाचार्य को कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रकरण की गंभीरता के मद्देनजर ड्यूटी पर तैनात जूनियर रेजिडेंट डॉ. हिमांशु मौर्या, नर्सिंग स्टाफ सनी सोनकर और वार्ड आया रहनुमा को निलंबित कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। कमेटी का अध्यक्ष जीएसवीएम की उप प्रधानाचार्य डॉ. ऋचा गिरि को नामित किया गया है। तीन दिन के भीतर कमेटी को जांच कर रिपोर्ट सौंपनी होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। इसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में घटनाओं पर अंकुश लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

चिकित्सा | इंटरनेशनल जर्नल ऑफ माइक्रोबैक्टीरियोलॉजी में प्रकाशित हालिया अध्ययन में खुलासा

# स्मीयर माइक्रोस्कोपी से छूट जाते हैं कई टीबी केस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले डायग्नोस्टिक टेस्ट- स्मीयर माइक्रोस्कोपी की सीमित संवेदनशीलता के कारण बड़ी संख्या में टीबी के मामले बिना पता चले रह जाते हैं। इस बात का खुलासा ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स), गोरखपुर द्वारा किए गए और इंटरनेशनल जर्नल ऑफ माइकोबैक्टीरियोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में हुआ है।



- संक्रमण की पहचान में ट्रूनैट की बेहतर संवेदनशीलता

अध्ययन के अनुसार, 4,249 पल्मोनरी और एक्स्ट्रा-पल्मोनरी नमूनों के विश्लेषण से पता चला कि स्मीयर माइक्रोस्कोपी ने केवल 4.3 प्रतिशत मामलों में टीबी का पता लगाया। इसकी तुलना में, ट्रूनैट माइकोबैक्टीरियम टीबी-रिफैम्पिसिन (आरआईएफ) टेस्ट ने 13.7 प्रतिशत नमूनों में इन्फेक्शन की पहचान की, जो इसकी बेहतर संवेदनशीलता को दर्शाता है। चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष दुबे ने बताया कि स्मीयर माइक्रोस्कोपी सस्ती और आसानी से उपलब्ध है, लेकिन इसकी संवेदनशीलता सीमित है। ट्रूनैट, जो भारत में बना एक चिप-आधारित रियल-टाइम पीसीआर टेस्ट है और डब्लूएचओ द्वारा समर्थित है, टीबी का तेजी से पता लगा सकता है और रिफैम्पिसिन रेजिस्टेंस की पहचान कर सकता है, जो इस स्टडी में कन्फर्म मामलों में से 5.6 प्रतिशत में पाया गया था। उन्होंने कहा कि सही इलाज शुरू करने और आगे संक्रमण को रोकने के लिए दवा प्रतिरोध का शुरुआती पता लगाना बहुत जरूरी है। पारंपरिक माइक्रोस्कोपी को मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स के साथ मिलाने से टीबी नियंत्रण प्रयासों को काफी मजबूत किया जा सकता है।

### टीबी कार्यक्रम खुद बीमार, जांच ठप

**अमृत विचार :** वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का दावा करने वाले स्वास्थ्य विभाग में टीबी संदिग्ध और पंजीकृत मरीजों की जांच तक नहीं हो पा रही है। करीब एक माह पहले सीबी-नॉट कार्ट्रिज खत्म हो जाने से राजधानी समेत अन्य जिलों की सभी मशीनें बंद पड़ी हैं। इसी तरह ट्रूनैट चिप उपलब्ध न होने के कारण ट्रूनैट मशीनें भी पूरी तरह ठप हैं। इतना ही नहीं, जांच केंद्रों पर लैब रजिस्टर, कल्चर रजिस्टर और डीएसटी (ड्रग सेंसिटिविटी टेस्ट) रजिस्टर जैसे मूलभूत अभिलेख तक उपलब्ध नहीं हैं।

> पारंपरिक माइक्रोस्कोपी को मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स के साथ मिलाने से टीबी नियंत्रण प्रयासों को काफी मजबूत किया जा सकता है, खासकर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में। अगर भारत को टीबी खत्म करने का अपना लक्ष्य पूरा करना है तो ट्रूनेट जैसे टेस्ट को बढ़ाना जरूरी है।
>
> **-डॉ.आशुतोष दुबे, वरिष्ठ चेस्ट रोग विशेषज्ञ, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल, लखनऊ**

# स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से संवाद करते कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, साथ में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी की स्थापना के 140 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पांडेय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने महात्मा गांधी, पं.जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी का झंडा फहराया और कांग्रेसजनों को स्थापना दिवस की शपथ दिलाई।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आर्ट पिक्चर गैलरी की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी के बाद तक कांग्रेस अधिवेशनों, उनके निर्णयों, उद्देश्यों और बलिदान देने वाले महापुरुषों के चित्र प्रदर्शित किए गए।

इस अवसर पर अविनाश पांडेय ने किसान, मजदूर, युवा, महिला, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा में कांग्रेस की भूमिका को रेखांकित किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश से यह संदेश पूरे देश को जाएगा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब पूरी ताकत से खड़े हैं और वर्ष 2027 में कांग्रेस की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, लेखक डॉ. अशोक पाण्डेय और चिंतक एचएल दुसाध ने भी अपने विचार रखे।



तुम वो हो जो तुम होने का यकीन करते हो।
–पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक

# सर्दियों का समाधान

उत्तर प्रदेश, बिहार, समेत कई राज्यों में तेज ठंड पड़ रही है, पश्चिमी विक्षोभों की तीव्रता में बदलाव, जेट स्ट्रीम का दक्षिण की ओर खिसकना, आर्कटिक क्षेत्र में तापमान असामान्य रूप से बढ़ना और इसके कारण ठंडी हवा का निचले अक्षांशों तक पहुंचना इसकी वजह है। जलवायु परिवर्तन के मौसम पर असामान्य प्रभाव के चलते अचानक और तीव्र ठंड अब अपवाद नहीं रही। इस सर्दी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या केंद्र और राज्य सरकारें इस स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार हैं।

सच यह है कि अधिकांश उपाय प्रतिक्रियात्मक हैं। सर्दी बढ़ने के बाद अलाव, रैन बसेरे और कंबल वितरण शुरू होते हैं, जबकि दीर्घकालिक तैयारी का अभाव दिखता है। सर्दियों के साथ प्रदूषण का बढ़ना और श्वसन, हृदय तथा संक्रामक रोगों का प्रकोप एक जाना-पहचाना चक्र है। इसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं की अग्रिम तैयारी, दवाओं की उपलब्धता, मोबाइल हेल्थ यूनिट और प्रदूषण नियंत्रण के कड़े कदम अपेक्षित हैं। उतर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने प्रयास किए हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर यह अभी भी असमान है। सूबे में सरकार ने करोड़ों व्यय कर अपेक्षाकृत व्यापक प्रबंध किए हैं। रैन बसेरों की संख्या बढ़ाना, शहरी व ग्रामीण इलाकों में अलाव की व्यवस्था, कंबल वितरण, अस्पतालों में विशेष वार्ड और आपात सेवाओं को अलर्ट पर रखना, स्कूलों में अवकाश। इनका असर खासतौर पर हाशिये पर रहने वाले लोगों, बेघर, वृद्ध, दिहाड़ी मजदूरों पर सकारात्मक पड़ सकता है, बशर्ते वितरण और निगरानी में लापरवाही न हो। पशुओं और मवेशियों के लिए अस्थायी शेड, चारा और पशु चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था भी जरूरी है, क्योंकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा पशुधन पर निर्भर है। सर्दियों का असर यातायात और व्यवसाय पर न पड़े कोहरे और शीतलहर के कारण सड़क व रेल दुर्घटनाएं न बढ़ें, इसके लिए बेहतर विजिबिलिटी सिस्टम, समय पर ट्रैफिक एडवाइजरी, रेल-सड़क समन्वय और कार्य समय में लचीलापन और जरूरी है। मानवाधिकार आयोग का निर्देश है कि ठंड से किसी बेघर की मृत्यु न हो, पर हर वर्ष देश में ठंड के असर से हजारों लोगों की मौत होती है। इन आंकड़ों को आपदा के रूप में दर्ज होना चाहिए। शीत लहर के लिए कोई सशक्त, मानकीकृत राष्ट्रीय कार्य योजना नहीं है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्थानीय निकाय और स्वास्थ्य विभाग को मिलकर सूचना साझा करने और जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया मजबूत बनाने के लिए, यह करना आवश्यक है।

पूर्व नियोजित तैयारियों तथा विभागों के बीच समन्वय की कमी, धन का अक्षम उपयोग, डेटा और तकनीकी क्षमता के अभाव में स्थान और समय विशिष्ट योजनाओं को तैयार न कर पाना हर साल की इस मुसीबत से निबटने में विफलता के मुख्य बिंदु हैं। हमें प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में तकनीकी खामियां दूर कर स्थानीय भाषा में रियल-टाइम अलर्ट, पंचायत और शहरी वार्ड स्तर तक सूचना तंत्र और समुदाय-स्तरीय तैयारी को सालाना प्रक्रिया का हिस्सा बनाना होगा। उम्मीद है कि इस वर्ष की सर्दी से सबक लेकर सरकारें पूरे साल की योजना बनाएंगी।

## प्रसंगवश

# वन, पर्वत, नदियों को निगलने की भूख

दुनिया के किसी भी देश का अस्तित्व उसके वन, पर्वत और नदियों पर निर्भर करता है। मानव सभ्यता के विकास में इन तीनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वन, पर्वत और नदियां मानव सभ्यता के हजारों वर्ष पहले से विद्यमान हैं। प्रकृति के आरंभ से लेकर आज के आधुनिक युग तक, समस्त जीवों का जीवन इन्हीं पर निर्भर रहा है। यही कारण है कि भारतीय धर्मग्रंथों और परंपराओं में वन, पर्वत और नदियों की पूजा की जाती है, तथा उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया जाता है। विडंबना यह है कि जैसे-जैसे मानव शिक्षित और आधुनिक होता गया, उसने तथाकथित विकास के नाम पर इन्हीं प्राकृतिक संसाधनों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है, और यह विनाशकारी सिलसिला आज भी जारी है।

विकास और पैसे की भूख की वजह से वन, पर्वत और नदियों का तेजी से विनाश हो रहा है। इसके पीछे एक बड़ी वजह खनन और भू-माफियाओं को प्राप्त राजनीतिक संरक्षण भी है। नर्मदा तथा गंगा की वर्तमान स्थिति किसी से छिपी नहीं है। करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ी इन नदियों में खनन माफियाओं द्वारा जिस बेरहमी से अवैध रेत खनन किया जा रहा है, उससे न केवल नदियों का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी भारी क्षति पहुंच रही है। भारत के लगभग हर राज्य में बड़ी नदियों पर चौबीसों घंटे, सातों दिन अवैध रेत उत्खनन जारी है, जो राज्य सरकारों की 'नदी बचाओ' जैसी मुहिमों को खुली चुनौती देता है। सरकार और सशक्त कानूनों की मौजूदगी के बावजूद खनन माफियाओं का बेखौफ खेल कहीं-न-कहीं राज्य सरकारों की मौन स्वीकृति की ओर भी संकेत करता है।



अरविंद रावल
लेखक

माफियाओं की धन-लालसा केवल नदियों तक सीमित नहीं है। देश के लगभग हर राज्य, हर जिले के पर्वतों का सीना छलनी किया जा चुका है। वह भारत, जो कभी ऊंचे पर्वतों, कल-कल बहती नदियों और विशाल वन क्षेत्रों के लिए जाना जाता था, आज उसी प्राकृतिक धरोहर को स्वार्थी मानव अपनी लालसा की भेंट चढ़ा रहा है। कई गांवों और शहरों से पूरे के पूरे पहाड़ गायब हो चुके हैं और नदियों के स्वरूप को बिगाड़कर कंक्रीट की मीनारें खड़ी की जा रही हैं। वन क्षेत्र भले ही कागजों में सरकार के नियंत्रण में हों, पर वास्तविकता यह है कि लकड़ी तस्कर रात-दिन सैकड़ों पेड़ों को काट रहे हैं। वन, पर्वत और नदियों के विनाश का सीधा असर वन्य जीवों पर पड़ा है। कई प्रजातियां पूरी तरह समाप्त हो चुकी हैं और अनेक प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं। इसका प्रभाव अब मानव जीवन पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

अब अरावली पहाड़ियों पर संकट है। इसके हटने से थार रेगिस्तान की धूल उड़कर दिल्ली के प्रदूषण को और अधिक भयावह बना देगी। गुजरात के ब्रह्मखेड़ा से लेकर दिल्ली के रायसीना हिल्स तक लगभग 692 किलोमीटर में फैली अरावली पर्वतमाला न केवल कई राज्यों को रेगिस्तान बनने से बचा रही है, बल्कि अनेक नदियों का उद्गम स्थल भी है, जो मनुष्य और वन्य प्राणियों दोनों की प्यास बुझाती हैं। इसके बावजूद, भू-माफिया और खनन माफिया वर्षों से अरावली के अस्तित्व को मिटाने पर तुले हुए हैं।

आज आवश्यकता है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपनी वन, पर्वत, नदी संरक्षण योजनाओं पर पुनः गंभीर मंथन करें और एक ठोस, प्रभावी तथा कठोर रणनीति बनाएं। साथ ही सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी, तभी हम खनन माफियाओं के जाल से वन, पर्वत और नदियों के अस्तित्व को बचा पाएंगे।

# भाजपा के लिए तुरुप का पत्ता हुमायूं कबीर





नवीन गुप्ता
बरेली

पश्चिम बंगाल की राजनीति इस वक्त नए मोड़ पर खड़ी है। अयोध्या में बाबरी मस्जिद विवाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शांत हो गया, लेकिन मुसलमानों का रहनुमा बनने के चक्कर में तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर ने इस विवादित मुद्दे को पुनः छेड़ दिया। हुमायूं ने न सिर्फ बाबरी मस्जिद की नींव रखकर खुद को मुसलमानों के बीच अपने को स्थापित करने की कोशिश की है, बल्कि हिंदू-मुस्लिम जनमानस के बीच तनाव का कारण भी बन गए। उन्होंने नई पार्टी बनाकर विधानसभा चुनाव में टीएमसी के लिए मुसीबत भी पैदा कर दी है।

पुनः सत्ता पर काबिज होने का ख्वाब देख रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए उन्होंने मुसीबत खड़ी कर दी है। यही वजह है कि भाजपा से ज्यादा टीएमसी उन पर हमलावर है और उन्हें भाजपा का एजेंट साबित करने में लगी है। भाजपा भी उन पर टीएमसी के मुस्लिम तुष्टीकरण एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगा रही है। बहरहाल उनकी बगावत से सत्ता पाने की भाजपा की राह आसान होती दिख रही है, तो टीएमसी के लिए वह दीवार बनते नजर आ रहे हैं। अब देखना यह है कि टीएमसी इस मुसीबत से कैसे निपटती है।

पश्चिम बंगाल में 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने 215 सीटें जीतकर तीसरी बार सत्ता पर कब्जा किया था, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नंदीग्राम सीट पर भाजपा के शुभेंदु अधिकारी से हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने इस चुनाव में 77 सीटें जीत कर राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया था, हालांकि वामपंथ और कांग्रेस का तंबू यहां पूरी तरह से उखड़ गया था। तब यह माना गया था कि भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेसी और वामपंथी मतदाता टीएमसी के साथ चले गए, इसलिए ममता बनर्जी को बड़ी जीत मिली।

> हुमायूं ने न सिर्फ बाबरी मस्जिद की नींव रखकर खुद को मुसलमानों के बीच अपने को स्थापित करने की कोशिश की है, बल्कि उन्होंने नई पार्टी बनाकर विधानसभा चुनाव में टीएमसी के लिए मुसीबत भी पैदा कर दी है।

भाजपा इस बार सत्ता में आने के लिए पुनः एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है। बिहार में मिली प्रचंड जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं के भी हौसले बुलंद हैं। एसआईआर में बंगाल में बड़े पैमाने पर वोट कटे हैं। बांग्लादेश से आए घुसपैठिये देश छोड़कर पुनः अपने देश वापस जा रहे हैं। भाजपा इसे मुद्दा बना रही है कि ममता के कारण ही बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों ने पश्चिम बंगाल के निवासियों के संसाधनों पर कब्जा कर रखा है। एसआईआर के बाद बदली परिस्थितियों से टीएमसी परेशान तो है ही, अब उसके माथे पर हुमायूं कबीर ने भी बल ला दिया है। उन्होंने जनता उन्नयन पार्टी का गठन किया है। जाहिर सी बात है कि बाबरी मास्जिद की नींव रखकर उन्होंने मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की है। साथ ही मुर्शिदाबाद में एक भी सीट टीएमसी को न जीतने देने का दावा किया है।

हुमायूं कबीर मुस्लिम मौलानाओं, मोलवियों को अपनी पार्टी से जोड़ रहे हैं। उन्हें यह बताने में जुटे हैं कि अब एक मंच के नीचे आना होगा। इसका असर दिख रहा है। उनकी सभाओं में मुस्लिम युवाओं की खासी भीड़ जुट रही है, जो टीएमसी नेताओं की बेचैनी को बढ़ाने वाली है। जो भी मुस्लिम वोट उनके साथ जाएगा, वह टीएमसी से छिटककर जाएगा। ऐसे में इसका सीधा नुकसान ममता बनर्जी को होगा और लाभ भाजपा को होगा।

भाजपा ने 294 सीटों वाले इस राज्य में 160 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है। भाजपा की नजर कांग्रेस नेतृत्व से नाराज कार्यकर्ताओं और नेताओं पर भी है। पार्टी उन सीटों पर ज्यादा फोकस कर रही है, जहां उसे 10 हजार या उससे कम वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। टीमएसी को मुस्लिम मतदाताओं का लगभग 70 फीसदी वोट मिलता आया है। कबीर 100 मुस्लिम बहुल सीटों पर विशेष रणनीति से काम कर रहे हैं। भाजपा ने भी यहां ताकत झोंक रखी है। कबीर की कोशिश मुस्लिम मतदाताओं के ध्रुवीकरण की है। जाहिर सी बात है कि क्रिया की प्रतिक्रिया होगी और हिंदू मतदाता भी एकजुट होगा। ऐसे में इसका सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा।

कबीर की रणनीति की काट खोजने में ममता बनर्जी जुटी हुई हैं। वह यह बताने में लगीं हैं कि कबीर को भाजपा से फंडिंग हो रही है, ताकि मुस्लिम मतदाता बंट जाएं और इसका लाभ भाजपा को मिले, हालांकि इसमें वह कितना सफल होंगी यह चुनाव के वक्त ही पता चलेगा। वैसे उनके लिए दूसरी मुसीबत एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी भी हैं। बिहार में पुनः पांच सीटें जीतने वाले ओवैसी ने बंगाल में पूरी ताकत से चुनाव लड़ने का एलान किया है और वे उम्मीदवार तय करने में जुटे हैं। कबीर उनकी पार्टी से गठबंधन चाहते हैं। अगर दोनों नेता एक हुए तो टीएमसी को बड़ा नुकसान हो सकता है।

राजनीतिक विश्लेषक तो यह भी कह रहे हैं कि हुमायूं कबीर भाजपा के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं, क्योंकि वे जितना हिंदू विरोधी बयान देकर मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट करेंगे, उतना ही लाभ भगवा खेमे को होगा। कहीं ओवैसी और कबीर मिल गए तो फिर भाजपा के लिए सोने पर सुहागा ही हो जाएगा। वैसे ओवैसी चाहेंगे कि उनकी पार्टी के साथ कांग्रेस का भी गठजोड़ हो जाए, ताकि वे राज्य में मजबूत टक्कर टीएमसी को दे सकें।

राज्य में कुल 294 विधानसभा सीट है। सरकार बनाने के लिए जादुई आंकड़ा 148 सीटों का है। ऐसे में भाजपा यहां मिशन 165 प्लस का एलान कर सकती है। वैसे भाजपा नेताओं में आंतरिक कलह जबरदस्त है। पार्टी नेतृत्व इसे खत्म करने में लगा हुआ है। कांग्रेस और टीएमसी से आए नेताओं को भाजपा कैडर के नेता पचा नहीं पा रहे हैं। यह भाजपा के लिए चिंता का विषय है। इस कलह का खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ा था। उधर, ममता बनर्जी आदिवासी वोटों के लिए झारखंड की सत्ता में काबिज झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ गठजोड़ कर सकतीं हैं। यदि ऐसा होता है तो इसका लाभ उन्हें मिलेगा।

## आमने सामने



एक साइट पर मुझे ये तस्वीर मिली। ये बहुत ही प्रभावशाली है। किस प्रकार आरएसएस का जमीनी स्वयंसेवक और जनसंघ बीजेपी का कार्यकर्ता नेताओं के चरणों में फर्श पर बैठकर प्रदेश का सीएम और देश का पीएम बना। ये संगठन की शक्ति है।
–दिग्विजय सिंह
कांग्रेस नेता

नफरत फैलाने वाले संगठन आरएसएस से हमें नहीं सीखना है। कांग्रेस नफरत के खिलाफ है, कांग्रेस मोहब्बत वाले हैं। आरएसएस से सीखने के लिए कुछ नहीं है। गांधी की पार्टी का हूं। 140 साल पहले कांग्रेस एक कमरे में बनी और लोगों की पार्टी बन गई।
–माणिकम टैगोर
कांग्रेस सांसद



# फिसलता रुपया: आम आदमी व उद्योगों पर असर



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारतीय रुपया एक बार फिर ऐतिहासिक दबाव में है और डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर से नीचे फिसलने की आशंका ने नीति-निर्माताओं से लेकर आम लोगों तक की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो वर्षों में रुपया लगभग 12–15 प्रतिशत तक कमजोर हुआ है। जहां 2022 में डॉलर 76–77 के आसपास था, वहीं अब यह 89–90 के नजदीक पहुंच चुका है। यह गिरावट केवल एक मुद्रा मूल्य का उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था, महंगाई, आयात-निर्यात, निवेश, औद्योगिक लागत और आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या कमजोर होता रुपया भारत के लिए खतरनाक संकेत है, या फिर कुछ क्षेत्रों के लिए यह अवसर भी पैदा करता है? और इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) क्या कर रहा है?

रुपये की गिरावट के कई वैश्विक और घरेलू कारण हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बनाए रखना, डॉलर इंडेक्स का मजबूत होना, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और वैश्विक पूंजी का उभरते बाजारों से अमेरिका की ओर जाना-ये सभी कारक रुपये पर दबाव बनाते हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। जब कच्चा तेल 80 डॉलर से ऊपर टिकता है और रुपया कमजोर होता है, तो आयात बिल तेजी से बढ़ता है। केवल तेल आयात पर ही भारत सालाना 160–180 अरब डॉलर खर्च करता है। ऐसे में रुपये की गिरावट से सरकार और अर्थव्यवस्था पर हजारों करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

> पिछले दो वर्षों में रुपया लगभग 12–15 प्रतिशत तक कमजोर हुआ है। जहां 2022 में डॉलर 76–77 के आसपास था, वहीं अब यह 89–90 के बेहद नजदीक पहुंच चुका है।

घरेलू मोर्चे पर भी चुनौतियां कम नहीं हैं। भारत का चालू खाता घाटा (करंट अकाउंट डेफिसिट) कुछ तिमाहियों में GDP के 1.5–2 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) की लगातार निकासी भी रुपये को कमजोर करती है। जब विदेशी निवेशक भारतीय शेयर और बॉन्ड बाजार से पैसा निकालते हैं, तो डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया दबाव में आ जाता है। इसके अलावा भारत में महंगाई का स्तर, सरकारी उधारी, व्यापार घाटा और आयात-निर्भरता भी रुपये के कमजोर होने में योगदान देते हैं।

रुपये की कमजोरी का सबसे पहला और सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। भारत जो भी पेट्रोलियम उत्पाद, गैस, कोयला, खाद्य तेल, उर्वरक, इलेक्ट्रॉनिक्स और दवाओं के कच्चे माल का आयात करता है, वे सभी डॉलर में भुगतान होते हैं। जब डॉलर महंगा होता है, तो देश के भीतर इन वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं। केवल पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, दवाइयों, खाद्यान्न और रोजमर्रा की वस्तुओं पर भी इसका असर पड़ता है। अनुमान है कि रुपये में 5 प्रतिशत की गिरावट से थोक महंगाई में लगभग 0.8–1 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इसका बोझ अंततः आम लोगों पर पड़ता है, जिसकी आय तो स्थिर रहती है, लेकिन खर्च बढ़ता जाता है।

कमजोर रुपया पूरी तरह नकारात्मक भी नहीं है। निर्यात क्षेत्र के लिए कमजोर मुद्रा कई बार वरदान साबित होती है। आईटी सेवाएं, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, ऑटो पार्ट्स, केमिकल्स और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे क्षेत्रों को कमजोर रुपये से प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है। इन क्षेत्रों की डॉलर में होने वाली कमाई रुपये में बदलने पर ज्यादा हो जाती है, जिससे उनके मुनाफे बढ़ते हैं। भारत का कुल निर्यात अब 770 अरब डॉलर के आसपास पहुंच चुका है। इसमें सेवा निर्यात की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। कमजोर रुपया निर्यातकों के लिए अल्पकालिक लाभ जरूर देता है, लेकिन मुद्रा बार-बार अस्थिर हो तो लंबी अवधि में निवेश और योजना पर नकारात्मक असर पड़ता है।

उद्योगों पर रुपये की गिरावट का असर दोहरा होता है। जो कंपनियां आयातित कच्चे माल पर निर्भर हैं, जैसे- पेट्रोकेमिकल, पॉवर, एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल, उनकी लागत तेजी से बढ़ती है। उदाहरण के लिए एविएशन सेक्टर में ईंधन लागत कुल खर्च का 40–45 प्रतिशत होती है। जब डॉलर महंगा होता है, तो एयर टर्बाइन फ्यूल महंगा हो जाता है और टिकट दरों पर दबाव बढ़ता है। वहीं दूसरी ओर आईटी, फार्मा और एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड कंपनियों को कमजोर रुपये से फायदा होता है। इस असमान असर के कारण शेयर बाजार में भी सेक्टर-वार उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है।

आम उपभोक्ता के नजरिए से देखा जाए तो कमजोर रुपया जीवन को और महंगा बनाता है। मोबाइल, लैपटॉप, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मेडिकल उपकरण, विदेशी शिक्षा, विदेश यात्रा और आयातित खाद्य पदार्थ सब कुछ महंगा हो जाता है। विदेश में पढ़ने वाले छात्रों को अब पहले से कहीं ज्यादा रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, क्योंकि डॉलर में ट्यूशन फीस और रहन-सहन का खर्च सीधे बढ़ जाता है। इसी तरह विदेश यात्रा भी आम आदमी की पहुंच से और दूर होती जा रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा के नाम पर कैसा समाज बना रहे हैं हम

गोरखपुर में नर्सरी में पढ़ने वाली एक बच्ची जब स्कूल जा रही थी, तो उसने पापा से ज़िद की कि उसे डीएम साहब से मिलना है। वो अपने पापा को लेकर डीएम ऑफिस पहुंच गई और वहां जाकर उसने डीएम से कहा कि मुझे आपकी तरह डीएम बनना है। इस घटना से भावुक 'स्कूली शिक्षित' लोग भाव-विभोर होकर वाह-वाह कर रहे हैं, क्योंकि इन सबके घरों का यही माहौल होता है। बच्चों को डीएम, डॉक्टर, इंजीनियर बनाने का इनका सपना होता है और इसे ये शिक्षा बोलते हैं।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

जब डीएम ने उस बच्ची से पूछा कि तुम्हें मेरे जैसा क्यों बनना है? तो उसने कहा कि 'घर में सब लोग मुझे कहते हैं कि तुम्हें डीएम बनना है।' ये घर का माहौल है, जो नर्सरी की बच्ची को डीएम बनने को बोल रहा है। अब अगर आगे चलकर इस बच्ची को समझ आ गई और वो अपने दिमाग से चलने और सोचने लगेगी और कहीं वो ये निर्णय कर बैठी कि उसे बस 'बांसुरी' बजाना है जीवन में, तो इन घर वालों का दिल टूट जाएगा। इनके सपने टूट जाएंगे। ये दूसरों से कहेंगे कि हमने क्या-क्या सपना देखा था, मगर इसने सब चकनाचूर कर दिया। बचपन में कितनी समझदार थी कि डीएम से मिलने पहुंच गई थी। पेपर में भी इसका नाम आ गया था।

आप के घरों में जो माहौल होता है, बच्चे वही करते हैं। आपको लगता है कि आप अपने बच्चों पर कोई दबाव नहीं बनाते हैं, मगर आप ने ऐसा भयंकर मनोवैज्ञानिक दबाव बचपन से बना रखा होता है कि आपके बच्चे आपके अपने 'सपनों' और आपकी अपनी 'महत्वाकांक्षाओं' से अलग कुछ सोच नहीं पाते हैं। वो बेचारे ये समझते हैं कि उन्हें डॉक्टर बनना है, जबकि ये उनका नहीं आपका सपना होता है।

सोचिए कोई क्यों डॉक्टर बनना चाहेगा? 24 घंटे मरीज़ से घिरे रहना, बीमारी, गंदगी, उल्टी, मवाद, गू-मूत्र इत्यादि देखना और उसी में जीवन बिताना। आपके आस-पास कभी कोई स्वस्थ औरा बन ही नहीं पाता है। जिस अस्पताल में लोग जाने से घबराते हैं और दुआ करते हैं कि भगवान उन्हें कभी अस्पताल न पहुंचाएं, वहां आपको 24 घंटे और सारी उम्र रहना है। ये कोई ड्रीम जॉब है? ये कुछ ऐसा है, जिसे करने की लालसा किसी के मन में 'प्राकृतिक' रूप से जन्म ले? नहीं, प्राकृतिक रूप से आप के भीतर डॉक्टर बनने की चाहत कभी नहीं आती है। **–फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# असम में 'मियां मुस्लिम' बेदखली अभियान

असम की भाजपा सरकार घुसपैठियों को नियंत्रित करने के लिए 'मियां मुस्लिम' बेदखली अभियान चला रही है। 'मियां मुस्लिम' उन लोगों को कहा जाता है, जो बाग्लादेशी मूल के हैं और अवैध रूप से भारत में आकर बसे हुए हैं। इस तरह के लोगों को अन्य नाम से भी पुकारा जाता है, पहचान किया जाता है। अन्य नामों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या शामिल है। खासकर असम में 'मियां मुस्लिम' एक अपमानजनक नाम और पहचान है। 'मियां मुस्लिम' समूह पर आरोप है कि इन लोगों ने बांग्लादेश, म्यांमार और पाकिस्तान से आकर असम की डेमोग्राफी को बदला है। सरकारी जमीन पर कब्जा किया है। जंगलों का सफाया किया है। पहाड़ों को तोड़ा है।

आमतौर पर यह धारणा असम के अंदर मजबूत है और इसी के ईद-गिर्द असम की राजनीति भी धूमती-फिरती है। सतारूढ़ दल की भी सोच यही है। सत्तारूढ़ दल, जहां 'मियां मुस्लिम' बेदखली अभियान से लाभार्थी होने की रणनीतियां बनाता है, वहीं विपक्ष कांग्रेस और अन्य मुस्लिम राजनीतिक पार्टियां 'मियां मुस्लिम' बेदखली अभियान को मुसलमानों को अपमानित करने और मुसलमानों को प्रताड़ित करने के साथ ही साथ उन्हें घर-बार से वंचित करने के तौर पर देखता है। इससे अपना जनाधार विकसित करता है। यह कहना कि फायदे की राजनीति, तनाव की राजनीति, नफरत की राजनीति सिर्फ सत्ताधारी पार्टी भाजपा ही करती है, पूरी तरह से सच नहीं है।



आचार्य श्रीहरि
लेखक

रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को संरक्षण देकर बसाने और रोजगार उपलब्ध कराकर अपना जनाधार संरक्षित करने का काम कांग्रेस और मुस्लिम पार्टियां भी करती हैं, लेकिन सच को दबाया नहीं जा सकता है। छुपाया नहीं जा सकता है। रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की अवैध घुसपैठ एक सच है, जो प्रमाणित है। अवैध घुसपैठ के कारण न सिर्फ असम की डेमोग्राफी बदली है, खतरनाक हुई है, हिंसक हुई है, बल्कि देश के अन्य भागों में इसकी एक झलक देखने को मिलती है। रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों की अवैध घुसपैठ को राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रतीक और सनातन संहार का विषय और कारण मान लिया गया है।

एलानिया तौर पर असम में 'मियां मुस्लिम' बेदखली अभियान जोरों पर है। इसको लेकर असम की भाजपा सरकार भी गंभीर है और सक्रिय है तथा आक्रामक है। असम भाजपा सरकार कोई कोताही बरतने के लिए तैयार नहीं है। अभियान को जोरशोर से चलाया जा रहा है। अभी तक हजारों घरों को तोड़ा गया है। उस पर बुलडोजर चला दिया गया है। खेती की जमीन पर अतिक्रमण हटा दिया गया है। बुलडोजर चलने का आधार यह है कि सरकारी जमीन है, जिस पर अवैध कब्जा है। सरकारी जमीन पर कभी जंगल था, सरकारी जमीन पर कभी पहाड़ था, कभी पेड़-पौधे थे, जिसे काटकर घर बनाए गए और खेती के लिए जमीन बनाई गई।

अगले वर्ष असम में चुनाव हैं। चुनाव के दृष्टिकोण से ही बेदखली अभियान प्रभावी है। भाजपा का आरोप है कि 'मियां मुस्लिम' ग्रेटर राज के लिए घुसपैठ जारी है। हिंदुओं को बलपूर्वक भयभीत किया जा रहा है और उन्हें अपने मूल स्थान से भागने के लिए विवश किया जा रहा है। असम के कई जिले देखते-देखते मुस्लिम बहुल हो गए। कई विधान सभा क्षेत्र मुस्लिम बहुल हो गए, जहां पर मुस्लिम उम्मीदवार की ही जीत अनिवार्य हो गई है। असम में मुसलमानों की एक नयी पार्टी भी बन गई है, जो न केवल प्रभावी है बल्कि अपना दखल भी विशेष रखती है। असम यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट नाम की मुस्लिम पार्टी पर विदेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

आउटिंग के लिए हमेशा बड़ी गाड़ियों की जरूरत होती है। अगर आप एडवेंचर पसंद हैं और आपको पहाड़ों पर जाना पसंद है तो आपके लिए मार्केट में कई गाड़ियां हैं। हर गाड़ी की अपनी खूबियां हैं। अहम है आपकी जरूरत और पंसद कैसी है। यह गाड़ियां ऐसी हैं, जिनमें फैमिली के साथ सुहाने सफर पर निकला जा सकता है। हम यहां बात करेंगे महिंद्रा थार रॉक्स, मारुति सुजुकी जिम्नी और फोर्स गुरखा 5-डोर की। जानिए कौन सी एसयूवी है, फैमिली और एडवेंचर दोनों के लिए बेस्ट।

## Thar Roxx वर्सेज Jimny Vs Gurkha 5-Door

मार्केट में कई ऑफ-रोड एसयूवी आ गई हैं। सभी बहुत खूबसूरत और जबरदस्त हैं। ताकतवर इंजन, स्टाइलिश लुक के साथ ही इनमें बेहतरीन फीचर्स भी हैं। महिंद्रा थार रॉक्स, मारुति सुजुकी जिम्नी और फोर्स गुरखा 5-डोर- तीनों ही दमदार इरादों के साथ मार्केट में हैं। इनमें से कोई बेहतरीन टेक्नोलॉजी के साथ मैदान में है, तो कोई दमदार परफार्मेंस के साथ तो कोई हल्के वजन और अपनी सादगी के साथ लुभा रही है। सबसे अहम बात यह है कि आपकी जरूरत कैसी है और जंगल व पहाड़ पर एडवेंचर टूर के लिए आप किसको पसंद करते हैं।



# कौन है ऑफ रोडर सुल्तान

### ऑफ-रोड पर दमदारी किसकी

तीनों ही एसयूवी का बेस ऑफ-रोडर है। लैडर-फ्रेम चेसिस और लो-रेंज गियरिंग इनकी खूबरियां हैं। जिम्नी की खूबी उसका छोटा आकार और हल्का वजन है। बिना डिफरेंशियल लॉक के भी अगर सही लाइन पकड़ ली जाए तो जिम्नी मुश्किल रास्तों से भी आसानी से निकल जाती है। गुरखा 5-डोर- जैसा इसका नाम है वैसा ही इसका काम है। यह देसी, रॉ और मैकेनिकल फील देता है। फ्रंट और रियर डिफ लॉक इसकी खूबी है, जो कठिन हालात में बड़े काम के साबित होते हैं। थार रॉक्स की अपनी विशेषताएं हैं। इलेक्ट्रॉनिक रियर डिफ लॉक, हल्का इलेक्ट्रिक स्टीयरिंग और बेहतरीन कंट्रोल इसकी तकनीकी खूबियां हैं जो इसे ताकत भी देते हैं। लंबा व्हीलबेस होने के बावजूद ऑफ-रोड क्षमता में कोई कमी फील नहीं होती है।




### बात फैमिली के साथ सफर की

अगर बात रियर सीट की करें, तो थार रॉक्स इन सबमें बेहतर है। इसमें पैरों के लिए काफी जगह है। एडजस्टेबल बैकरेस्ट है। साथ ही पैनोरमिक सनरूफ फैमिली इस्तेमाल को आसान बनाते हैं। जिम्नी चार-सीटर है और पीछे बैठने वालों को सीमित जगह से समझौता करना पड़ सकत है। गुरखा की खासियत इसका तीसरा रो है, लेकिन वहां पहुंचना और सामान के साथ इस्तेमाल करना उतना आसान नहीं लगता है।

### लुक और रोड प्रेजेंस

जिम्नी सबसे कॉम्पैक्ट है। इसे शहर में चलाना आसान है। गुरखा 5-डोर ऊंचाई और बॉक्सी डिजाइन के कारण रोड पर काफी भारी-भरकम दिखती है- स्नॉर्कल और रूफ रैक इसे एडवेंचर रेडी बनाते हैं। जहां तक थार रॉक्स की बात है तो स्टाइल और साइज की इसकी बात दीगर है। केबिन में कदम रखते ही इसका प्रीमियम एहसास अलग फील कराता है। बड़ा टचस्क्रीन, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट्स अच्छा एहसास करता हैं। गुरखा का इंटीरियर अभी भी बेसिक सा ही है।

### इंजन की दमदारी

जिम्नी का पेट्रोल इंजन काफी बेहतर है, लेकिन हाईवे पर इसका जोश थोड़ा कम सा फील कराता है। गुरखा में नया डीजल इंजन है, जो पहले से कहीं बेहतर है। थार रॉक्स का डीजल इंजन काफी बेहतर है। ताकत, रिस्पॉन्स और गियर बॉक्स का तालमेल शहर, हाईवे और ऑफ-रोड- तीनों जगह बेहतर परफार्मेंस देता है। इसकी स्टीयरिंग भी ज्यादा आधुनिक और हल्की है।

### सेफ्टी और कीमत

सेफ्टी फीचर्स में थार रॉक्स काफी बेहतर है। इसमें छह एयरबैग हैं। साथ ही स्टेबिलिटी कंट्रोल के साथ-साथ एडीएएस जैसी आधुनिक तकनीक इसे ज्यादा भरोसेमंद बनाती है। जिम्नी और गुरखा यहां थोड़ा लिमिटेड लगती है। अगर कीमत का आकलन करें तो जिम्नी सबसे सस्ती है। गुरखा बीच में और थार रॉक्स सबसे महंगी साबित होगी। तीनों की कीमत, फीचर्स, लुक, दमदार इंजन के साथ ही आपकी पसंद तय करेगी कि आपके लिए बेहतर क्या है?



**मॉय फर्स्ट राइड**

# चार पहियों पर आत्मविश्वास की शुरुआत



मेरे लिए पहली बार कार चलाना सिर्फ़ एक नया हुनर सीखना नहीं था, बल्कि अपने डर पर जीत पाने की एक बड़ी कोशिश थी। आज भी उस दिन को याद करती हूं, तो दिल में हल्की-सी घबराहट और ढेर सारी खुशी एक साथ महसूस होती है। मैंने कार चलाना सीखने का फैसला बहुत सोच-समझकर लिया था। मन में कई सवाल थे-क्या मैं ठीक से चला पाउंगी? कहीं गलती हो गई तो? घरवाले और समाज की बातें भी अक्सर कानों में गूंजती थीं कि "महिलाओं के लिए ड्राइविंग मुश्किल होती है।" लेकिन कहीं न कहीं मेरे भीतर यह इच्छा ज़रूर थी कि मैं खुद स्टीयरिंग संभालूं और अपनी राह खुद तय करूं। जिस दिन पहली बार ड्राइविंग सीट पर बैठी, हाथ अपने आप कांप रहे थे। स्टीयरिंग पकड़ते ही उसकी ठंडक हथेलियों तक उतर आई। सामने फैला हुआ डैशबोर्ड, शीशों में दिखती सड़क और पैरों के नीचे क्लच-ब्रेक-सब कुछ नया और थोड़ा डरावना लग रहा था। ट्रेनर ने शांत आवाज में कहा, "डरने की ज़रूरत नहीं, आराम से।"

मैंने गहरी सांस ली और खुद को संभाला। जैसे ही इंजन स्टार्ट किया, दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। पहली बार एक्सीलेरेटर दबाते समय ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया मुझे देख रही हो।

कार धीरे-धीरे आगे बढ़ी और उसी पल मेरे भीतर कुछ बदल गया। डर अभी भी था, लेकिन उसके साथ एक अजीब-सी खुशी भी जुड़ गई थी। हर गियर बदलने पर आत्मविश्वास थोड़ा-थोड़ा बढ़ रहा था। सड़क पर निकलते ही मैंने शीशे में खुद को देखा। आंखों में डर के साथ-साथ गर्व भी था। मोड़ लेते समय हाथ सख्त हो जाते थे, लेकिन जैसे-जैसे कार मेरी पकड़ में आ रही थी, मन हल्का होता जा रहा था। हवा खिड़की से अंदर आ रही थी और मुझे एहसास हो रहा था कि मैं सिर्फ कार नहीं चला रही, बल्कि अपनी सीमाओं को भी पीछे छोड़ रही हूं।

एक बार कार हल्की-सी झटकी और मैं घबरा गई, लेकिन प्रशिक्षक की मुस्कान और हौसला देखकर फिर से संभल गई। उस छोटी-सी गलती ने मुझे सिखाया कि सीखने की प्रक्रिया में डर और गलतियां दोनों जरूरी हैं। जब ड्राइव खत्म हुई और मैंने कार रोकी, तो दिल से एक लंबी राहत की सांस निकली। चेहरे पर अपने आप मुस्कान आ गई। वह पल मेरे लिए बेहद खास था। पहली बार कार चलाकर मुझे यह एहसास हुआ कि आत्मनिर्भरता कितनी ताकत देती है। आज मैं जब भी कार चलाती हूं, उस पहले दिन को याद करती हूं। वह अनुभव मुझे हर बार याद दिलाता है कि अगर हिम्मत की स्टीयरिंग अपने हाथ में ले ली जाए, तो जिंदगी की कोई भी सड़क मुश्किल नहीं लगती।



***-प्रो. प्रीती अभिषेक विमल, नई दिल्ली***

# नए ड्राइवरों के लिए सुरक्षित ड्राइविंग टिप्स

आज के समय में गाड़ी चलाना केवल एक तकनीकी कौशल नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। खासकर नए ड्राइवरों के लिए सड़क पर उतरना उत्साह के साथ-साथ सतर्कता की मांग करता है। ट्रैफिक नियमों की सही समझ, वाहन पर नियंत्रण और धैर्यपूर्ण व्यवहार ही सुरक्षित ड्राइविंग की बुनियाद होते हैं। अक्सर शुरुआती ड्राइवर जल्दबाजी या आत्मविश्वास की कमी के कारण गलतियां कर बैठते हैं, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। ऐसे में यह गाइड नए ड्राइवरों को न केवल सुरक्षित ड्राइविंग के आवश्यक नियम सिखाता है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और समझदार चालक बनने की दिशा भी दिखाता है। आइए आपको बताते हैं सुरक्षित आसान टिप्स-



### सुरक्षा, समझ और संयम से बनें बेहतर ड्राइवर

आज के तेज रफ्तार दौर में गाड़ी चलाना केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। खासकर नए ड्राइवरों के लिए ड्राइविंग सीखना उत्साह और थोड़ी घबराहट दोनों का मेल होता है। सड़क पर आत्मविश्वास तभी आता है, जब नियमों की समझ, सही अभ्यास और धैर्य साथ हों। यह गाइड नए ड्राइवरों को सुरक्षित, संतुलित और जिम्मेदार चालक बनने में मदद करेगा।

### ड्राइविंग से पहले सही तैयारी

ड्राइविंग शुरू करने से पहले सीट, स्टीयरिंग और शीशों को अपने शरीर के अनुसार एडजस्ट करना बेहद जरूरी है। सीट इतनी दूरी पर हो कि क्लच, ब्रेक और एक्सीलेरेटर आराम से दब सकें। रियर और साइड मिरर ऐसे सेट हों कि पीछे और बगल की सड़क साफ दिखाई दे। यह छोटी-सी तैयारी बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती है।

### ट्रैफिक नियम: सड़क की भाषा

ट्रैफिक सिग्नल, रोड साइन और लेन सिस्टम सड़क की भाषा होते हैं। नए ड्राइवरों को इन्हें गंभीरता से समझना चाहिए। रेड लाइट पर रुकना, जेब्रा क्रॉसिंग का सम्मान करना और ओवरस्पीडिंग से बचना- ये सभी आदतें आपको एक सभ्य चालक बनाती हैं। सीट बेल्ट लगाना केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षक उपाय है।

### क्लच और ब्रेक पर नियंत्रण

शुरुआती ड्राइवर्स के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम होता है क्लच कंट्रोल। अचानक क्लच छोड़ना या तेज ब्रेक लगाना गाड़ी को झटके दे सकता है। अभ्यास के साथ धीरे-धीरे क्लच छोड़ना और ब्रेक का संतुलित इस्तेमाल सीखें। स्मूद ड्राइविंग ही सुरक्षित ड्राइविंग की पहचान है।



### इंडिकेटर और हॉर्न का शिष्टाचार

मोड़ लेते समय या लेन बदलते वक्त इंडिकेटर देना आपकी जिम्मेदारी है। इससे पीछे और आगे चल रहे ड्राइवर सतर्क रहते हैं। हॉर्न का अनावश्यक इस्तेमाल तनाव और दुर्घटना दोनों बढ़ाता है, इसलिए केवल ज़रूरत पड़ने पर ही हॉर्न बजाएं।

### स्पीड पर रखें कंट्रोल

तेज चलाना कौशल नहीं, बल्कि जोखिम है। नई जगहों, ट्रैफिक वाले इलाकों या संकरी सड़कों पर हमेशा धीमी गति रखें। गति नियंत्रण न केवल दुर्घटनाओं से बचाता है, बल्कि ईंधन की भी बचत करता है।

### सुरक्षित दूरी का महत्व

आगे चल रही गाड़ी से पर्याप्त दूरी बनाए रखना बहुत जरूरी है। अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में यह दूरी आपको प्रतिक्रिया देने का समय देती है। बारिश या धुंध में यह दूरी और बढ़ा देनी चाहिए।

### रात की ड्राइविंग में सावधानी

रात में ड्राइव करते समय हाई बीम का गलत इस्तेमाल सामने से आने वाले ड्राइवर के लिए खतरनाक हो सकता है। सामने वाहन होने पर लो बीम का प्रयोग करें और सड़क पर पैदल चलने वालों का विशेष ध्यान रखें।

### धैर्य और आत्मविश्वास

शुरुआत में गलती होना सामान्य है। जरूरी है कि आप घबराएं नहीं, जल्दबाज़ी न करें और अनुभव से सीखें। शांत मन और धैर्य ही आपको बेहतर चालक बनाते हैं।



### मोबाइल और ड्राइविंग खतरनाक मेल

ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग जानलेवा साबित हो सकता है। कॉल या मैसेज के लिए गाड़ी किनारे रोकें। सड़क पर आपकी एकाग्रता ही आपकी सबसे बड़ी सुरक्षा है।

**एसएस रिटेल ने आईपीओ के लिए सेबी को दिए दस्तावेज**

**नई दिल्ली।** मोबाइल खुदरा कंपनी एसएस रिटेल ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 500 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज भेजे हैं। कंपनी के दाखिल किए दस्तावेज के अनुसार, कंपनी की पहली सार्वजनिक पेशकश 300 करोड़ के शेयरों के ताजा निर्गम के साथ प्रवर्तकों और अन्य शेयरधारकों द्वारा 200 करोड़ की बिक्री की पेशकश का संयोजन होगी।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 29 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1800, फ़ॉर्चून कि. 2250, रविन्द्रा 2410, फॉर्चुन 13 किग्रा 1980, जय जवान 1990, सचिन 2010, सूरज 1990, अवसर 1870, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1870, क्लासिक (किग्रा) 2145, मोर 2185, चक्र टिन 2315, ब्लू 2100, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2505

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 14000-18000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु0) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4850, शर्बती स्टीम 5200, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8400, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4000

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000-13400, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 7800-8500, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 11800, उड़द धोवा 9800-10400, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7200, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7700, चना अकोला 6600, डबरा 6700-8800, सच्चा हीरा 8500, मोटा हीरा 9900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8000, अरहर कोरा मोटा 8500, अरहर पटका छोटा 10000-10600, अरहर कोरी छोटी 11000

**चीनी :** पीलीभीत 4280, बहेड़ी 4220

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 3400, मसूरी- 900, बासमती- 5200, परमल- 1000

**दाल दलहन :** काला चना- 2500, साबुत चना दाल- 2200, मूंग साबुत- 4000, राजमा- 8200-11900, दाल उड़द- 5800, साबुत मसूर दाल- 3200, मसूर दाल- 2900, उड़द साबुत- 5200, काबुली चना- 8000, अरहर दाल- 10200, लोबिया/करमानी- 1100

# अमेरिकी शुल्क के बावजूद भारत का निर्यात स्थिर

## भारतीय निर्यातकों ने बाजारों का विविधीकरण करके निर्यात की वृद्धि को बनाए रखा मजबूत

- **भारत का निर्यात 2020 में 276.5 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में 407 अरब डॉलर पहुंचा**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वर्ष 2025 में अमेरिका ने भारत के निर्यात पर 50% अतिरिक्त शुल्क लगाया, लेकिन भारतीय निर्यातकों ने अपने बाजारों को विविध करके निर्यात वृद्धि को मजबूती से बनाए रखा और यह तेजी 2026 में भी जारी रहने की संभावना है। व्यापार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, व्यापार पानी की तरह है, यह अपना मार्ग खुद ढूंढ लेता है।

भारतीय वस्तु निर्यात ने कोविड, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, लाल समुद्र शिपिंग संकट, सेमीकंडक्टर आपूर्ति समस्या और अब अमेरिका के उच्च शुल्क जैसी चुनौतियों के बीच भी तेजी से प्रतिक्रिया दी है। भारत का निर्यात 2020 में लगभग 276.5 अरब डॉलर था, जो 2021 में बढ़कर 395.5 अरब डॉलर और 2022 में 453.3 अरब डॉलर हो गया था। 2023 में यह गिरकर 389.5 अरब डॉलर रहा, लेकिन फिर 2024 में यह 443 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वर्ष 2025 (जनवरी-नवंबर) तक इसका आंकड़ा लगभग 407 अरब डॉलर हो चुका है।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का माल और सेवा निर्यात ऐतिहासिक उच्च स्तर 825.25 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें सालाना आधार पर 6% से अधिक वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2025) में भी निर्यात 562 अरब डॉलर रहा, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के लचीलेपन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रुझानों के आधार पर 2026 में भी भारत की निर्यात वृद्धि मजबूत रहने की संभावना है। खास तौर पर तीन मुक्त व्यापार समझौते (ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड) अगले साल लागू होने वाले हैं, जो भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को बेहतर बाजार पहुंच देंगे। अमेरिका ने 2025 में भारतीय वस्तुओं पर उच्च शुल्क लागू किए। इसके कारण सितंबर और अक्टूबर में अमेरिका के लिए निर्यात प्रभावित हुआ, लेकिन नवंबर 2025 में अमेरिका के लिए निर्यात 22.61 प्रतिशत बढ़कर 6.98 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो निर्यातकों के अनुकूल संकेत है। हालांकि, निर्यातक अभी भी वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर सतर्क हैं। वे अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की आशा कर रहे हैं ताकि निर्यात को और मजबूती मिले।

### व्यापार तथा विनिर्माण गतिविधियों में कमी के संकेत

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने चेताया है कि 2025 में वैश्विक व्यापार केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है, जबकि 2026 के लिए यह अनुमान घट कर 0.5 प्रतिशत हो गया है, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार तथा विनिर्माण गतिविधियों में कमी का संकेत देता है। सरकार ने निर्यातकों को सहायता देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रचार मिशन, योग्य निर्यातकों को 20,000 करोड़ रुपये तक बिना गिरवी क्रेडिट सुविधा, कर्ज भुगतान में लंबी अवधि, और नये व्यापार समझौतों (एफटीए) का उपयोग शामिल है, ताकि निर्यातियों को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद मिले।

### बाजारों के विविधीकरण से आगे बढ़ेगा निर्यात

निर्यात विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में भी भारत का निर्यात बढ़ेगा क्योंकि घरेलू वस्तुओं और सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, उत्पादों तथा बाजारों का विविधीकरण निर्यात को आगे बढ़ाएगा। विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात लगभग 39 फीसदी बढ़ा है, जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के कारण क्षमता निर्माण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में गहरी हिस्सेदारी को दर्शाता है। इसके अलावा इंजीनियरिंग वस्तु, दवा और वाहन निर्यात भी निरंतर गति बनाए हुए हैं।

# बिजली कारोबार शुल्क घटाएगा सीईआरसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **दक्षता बढ़ाने, नकदी की मजबूती व एक्सचेंजों में कीमतों को तर्कसंगत बनाने में होगा मददगार**
- **केंद्रीय आयोग ने जुलाई में दो साल से अधिक समय तक चले विचार-विमर्श के बाद दी थी मंजूरी**

केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग बिजली कारोबार एक्सचेंजों पर लगने वाले लेनदेन शुल्क को तर्कसंगत बनाने पर विचार कर रहा है। इस पहल का मकसद बिजली की कीमतों को कम करना है। यह सुधार दक्षता बढ़ाने, नकदी की स्थिति को मजबूत करने और विभिन्न एक्सचेंजों में कीमतों को तर्कसंगत बनाने में मददगार होगा। इस कदम से समय के साथ बिजली खरीदारों के लिए कुल लागत में कमी आ सकती है।

बाजार समेकन को केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने इस साल जुलाई में दो साल से अधिक समय तक चले विचार-विमर्श के बाद मंजूरी दी थी। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने का प्रस्ताव है, जिसकी शुरुआत जनवरी 2026 से की जाएगी। बाजार समेकन का मतलब बिजली की अलग-अलग एक्सचेंजों में होने वाली खरीद-फरोख्त को एक ही प्रणाली में जोड़ देना है, ताकि एक ही कीमत तय हो। एक अधिकारी ने बताया कि सीईआरसी ने दिसंबर 2025 में बिजली एक्सचेंजों द्वारा वसूले जाने वाले लेनदेन शुल्क की समीक्षा पर एक विचार-पत्र को अंतिम रूप दिया है। नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि नियामक यह जांच कर रहा है कि मौजूदा लेनदेन शुल्क ढांचा, जिसकी सीमा प्रति यूनिट दो पैसे है, क्या उस बाजार के लिए सही है, जहां कारोबार की मात्रा तेजी से बढ़ी है और जो एकीकृत मूल्य खोज व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

# बैंक, वित्तीय संस्थान सतर्कता मामलों की शीघ्र जानकारी दें : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कई मामलों की जानकारी के बाद वित्तीय सेवा विभाग की ओर से जारी किया निर्देश**

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे अपनी कंपनियों के पूर्णकालिक निदेशकों से जुड़े सतर्कता संबंधी मामलों की जानकारी तुरंत दें। वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने यह निर्देश ऐसे कई मामलों के बाद जारी किया है, जिनमें बोर्ड स्तर पर नियुक्त किए गए अधिकारियों के बारे में नकारात्मक या समस्याग्रस्त जानकारी समय पर साझा नहीं की गई।

कई मामलों में, ऐसी महत्वपूर्ण नकारात्मक जानकारी जैसे निजी शिकायतें, अदालत के नोटिस या टिप्पणियां, संदर्भ या सीबीआई और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जानकारी केवल उस समय साझा की जा रही है जब सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) से विशेष रूप से सतर्कता मंजूरी मांगी जाती है। इस माह जारी की गई सलाह में बिना किसी विशेष मामले का जिक्र किए कहा गया कि कुछ मामलों में पूरे समय कार्यरत निदेशकों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी को सतर्कता मंजूरी के फॉर्म में नहीं भरा जाता, इस वजह से कि ऐसे खुलासे के लिए कोई अलग कॉलम मौजूद नहीं है।

सलाह में कहा गया कि किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छोड़ना, खासकर नियुक्ति, पदोन्नति, बोर्ड स्तर की नियुक्ती और पूरे समय कार्यरत निदेशकों की तैनाती से जुड़ी जानकारी, गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से ऐसी मामलों में सख्त पालन की उम्मीद की जाती है। वित्तीय सेवा विभाग ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे बोर्ड स्तर के अधिकारियों के बारे में किसी भी नकारात्मक जानकारी को तुरंत सूचित करें, भले ही वह जानकारी किसी अन्य भूमिका से संबंधित हो।

# आर्थिक आंकड़े, विदेशी निवेशक तय करेंगे बाजार की चाल



**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से प्रभावित होगी। विश्लेषकों ने कहा कि वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी। कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने से शेयर बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है।

रिलायंस ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह कैलेंडर वर्ष 2026 की शुरुआत होगी, और दिसंबर के वायदा-विकल्प सौदे पूरे होने से अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। घरेलू स्तर पर जिन प्रमुख आंकड़ों पर नजर रहेगी, उनमें नवंबर का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिका से जुड़े व्यापक आर्थिक संकेतों पर नजर रखेंगे, जिनमें एफओएमसी बैठक का ब्योरा और फेडरल रिजर्व की बैलेंस शीट से जुड़ी जानकारियां हैं। एनरिच मनी के सीईओ पोन्मुडी आर ने कहा कि कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने से इक्विटी बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है। इस सप्ताह निघरेलू और विदेशी स्तरों पर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से प्रभावित होगी।

### सात कंपनियों की पूंजी 35,439 करोड़ रुपये घटी

छुट्टियों से छोटे रहे गत सप्ताह में शीर्ष 10 में शामिल सात मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 35,439.36 करोड़ रुपये घट गया। भारतीय स्टेट बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। शीर्ष कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम की पूंजी में गिरावट आई। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस लाभ में रहे।



# जमीनी स्तर की योजनाओं से मिलती हैं बड़ी उपलब्धियां

## आईएमए नेटकॉन 2025 को अमित शाह ने किया संबोधित

- **केंद्रीय गृह मंत्री बोले- मलेरिया के मामलों में 97% की गिरावट, देश शीघ्र ही इस बीमारी से होगा मुक्त**

**अहमदाबाद, एजेंसी**



100वें आईएमए नैटकॉन 2025 में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और आईएमए के पूर्व अध्यक्ष केतन देसाई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि उपलब्धियां तभी हासिल होती हैं जब योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारा जाता है। भारत में मलेरिया के मामलों में 97% कमी आई है और देश जल्द इससे मुक्त होगा। अहमदाबाद के शेला में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के ऑल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस-आईएमए नेटकॉन 2025 को शाह संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और मिशन इंद्रधनुष जैसी विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से मलेरिया में 97 प्रतिशत कमी आई है और हम जल्द मलेरिया से मुक्त होंगे। सरकार डेंगू से होने वाली मृत्यु दर को घटाकर एक प्रतिशत तक लाने में सफल रही है। मातृ मृत्यु दर में 25% की कमी आई है। केंद्र का स्वास्थ्य बजट 2014 के 37,000 करोड़ रुपये से बढ़कर प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में अब 1.28 लाख करोड़ हो गया है। नागरिकों के स्वास्थ्य में अभूतपूर्व बदलाव के लिए भी काम किया गया है। शाह ने कहा कि आईएमए की भूमिका आज और भी महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत की दिशादृष्टि को साकार करने के लिए देश को एक स्वस्थ जनसांख्यिकी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास के कुछ प्रमुख घटक स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत, 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'खेलो इंडिया' हैं। उन्होंने बताया कि हमने जेनेरिक दवाएं किफायती बनाई, जीएसटी हटाकर कई दवाओं की लागत कम की और मेडिकल सीट की संख्या बढ़ाई। हम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईएमएस) की पहुंच का विस्तार कर रहे हैं। हम एम्स के माध्यम से एक कार्यक्रम शुरू करेंगे जिसके तहत टेलीमेडिसिन और वीडियोग्राफी के जरिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### राहुल गांधी लोगों की पसंद का विरोध करेंगे, तो वोट कैसे मिलेंगे

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर कोई पार्टी लोगों को पसंद आने वाली हर चीज का विरोध करती है, तो उसे वोट नहीं मिलेंगे। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि राहुल गांधी को यह सरल तर्क समझाना उनकी क्षमता से परे है, क्योंकि कांग्रेस के नेता भी इसे समझाने में विफल रहे हैं। शाह अहमदाबाद शहर के पास एक गांव में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि हाल ही में लोकसभा में हुई बहस के दौरान, राहुल गांधी ने मुझसे अजीब सवाल पूछा- चुनाव में हर बार सिर्फ उनकी पार्टी ही क्यों हारती है? उन्होंने लोगों से पूछने के बजाय मुझसे पूछा। राहुल बाबा, अगर आप मेरे द्वारा शुरू की गई इन दो पहल को समझेंगे, तो आपको इसका जवाब मिल जाएगा। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी को हार से थकना नहीं चाहिए क्योंकि कांग्रेस आगामी तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में निश्चित रूप से हारेगी।

#### भाजपा की सफलता लोगों का सिद्धांतों से जुड़ना

उन्होंने दावा किया कि 2029 के लोकसभा चुनावों में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विजयी होगी। हमारी सफलता का कारण यह है कि लोग हमारे सिद्धांतों से जुड़े हैं। कांग्रेस ने राम मंदिर, आतंकियों पर सर्जिकल स्ट्राइक, अनुच्छेद 370 को हटाने, समान नागरिक संहिता, तीन तलाक विरोधी अधिनियम और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने के हमारे अभियान का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि अब बताइए, अगर आप लोगों का विरोध करेंगे तो आपको वोट कैसे मिलेंगे? लेकिन राहुल बाबा को यह सरल तर्क समझाना मेरी क्षमता से परे है, क्योंकि कांग्रेस के नेता भी ऐसा करने में असफल रहे हैं। नवी वंजार में आयोजित कार्यक्रम में शाह ने 173 निवासियों को सनद (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) सौंपे।

# सिक्किम में उप्र के पर्वतारोही की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम के प्रसिद्ध गोएचाला पर्वतारोहण मार्ग पर उत्तर प्रदेश के 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सूरज तिवारी के रूप में हुई है। वह अपने दो दोस्तों के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खांगचेंद्जोंगा राष्ट्रीय उद्यान में आठ दिन की गोएचाला पर्वतारोहण यात्रा पर गया था।

पुलिस ने बताया कि उसने गुरुवार को चढ़ाई शुरू की थी तभी सुबह नौ बजे कोक्चुरोंग शिविर के पास उसकी तबीयत खराब हो गई और उसमें लकवे जैसे लक्षण दिखाई देने लगे। साथी पर्वतारोहियों और गाइड ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। स्थानीय लोगों और अन्य पर्वतारोहियों की मदद से उसे युकसोम ले जाए जाने के दौरान गुरुवार शाम आठ बजे 12,100 फुट की ऊंचाई पर स्थित फेदांग के पास उसकी मौत हो गई। उसका शव ग्यालशिंग जिला अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# तकनीकी मुद्दे से बंगाल में छूटे मतदाताओं की सुनवाई रुकी

- **निर्वाचन आयोग ने जिला चुनाव अधिकारियों को फिर जारी किए निर्देश**
- **2002 की सूची के पीडीएफ को सीएसवी में परिवर्तित न कर पाने से समस्या हुई उत्पन्न**

**कोलकाता, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के जिला चुनाव अधिकारियों को फिर निर्देश जारी किया है कि मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 2002 की मतदाता सूचियों के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्याओं के कारण बीएलओ एप में जो मतदाता छूट गए हैं उन्हें सुनवाई के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए, भले ही सिस्टम द्वारा ऐसे नोटिस स्वतः उत्पन्न हो गए हों। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय द्वारा शनिवार को जारी निर्देश में कहा गया है कि यह समस्या 2002 की मतदाता सूची के पीडीएफ संस्करण को सीएसवी प्रारूप में पूरी तरह से परिवर्तित न कर पाने के कारण उत्पन्न हुई है।

परिणामस्वरूप कई मतदाताओं के लिए बीएलओ एप में लिंकिंग में समस्या आ रही है। राज्य में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2002 में हुआ था। आयोग ने कहा है कि सिस्टम में दर्ज नहीं के रूप में चिह्नित होने के बावजूद, ऐसे कई मतदाताओं का 2002 की मतदाता सूची की हार्ड कॉपी के साथ वैध स्व-पहचान या वंशज संबंध है, जिसे जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) द्वारा विधिवत प्रमाणित किया गया है और सीईओ की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है। सीईओ कार्यालय ने कहा कि ऐसे मामलों में स्वचालित रूप से उत्पन्न होने वाले सुनवाई नोटिसों को तामील करने की जरूरत नहीं है और उन्हें चुनावी पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) या सहायक चुनावी पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) के स्तर पर रख लिया जाना चाहिए। निर्देशों के अनुसार, 2002 की सूची के अंश को संबंधित डीईओ को निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार सत्यापन हेतु भेजे जा सकते हैं, जिसके बाद ईआरओ या एईआरओ उचित निर्णय ले सकते हैं।

### केंद्र ने प. बंगाल के सीईओ को दी वाई-प्लस श्रेणी सुरक्षा

नई दिल्ली/कोलकाता। एसआईआर प्रक्रिया के मद्देनजर केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल को संभावित खतरे को देखते हुए सशस्त्र सुरक्षा प्रदान की है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 26 दिसंबर को जारी आदेश के बाद अग्रवाल को कोलकाता में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की वाई-प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। अग्रवाल की निजी और आवास की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ वीआईपी सुरक्षा विंग के 11-12 सशस्त्र कर्मियों की टीम तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अधिकारी को संभावित खतरों को लेकर केंद्रीय एजेंसियों से मिली सूचना के चलते सुरक्षा व्यवस्था जरूरी हो गई।

### एसआईआर के बीच एक और बीएलओ की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में रविवार को बूथ-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) मृत पाया गया, जिसके बाद इन आरोपों को बल मिलने लगा है कि मतदाता सूची में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित काम के दबाव ने इसमें मुख्य भूमिका निभाई हो सकती है। यह घटना रानीबांध ब्लॉक में हुई। पुलिस ने बताया कि मंडल शिक्षक थे और वह रानीबांध ब्लॉक के रजकाटा क्षेत्र के अंतर्गत बूथ संख्या 206 के बीएलओ थे। मौके से मृतक के हस्ताक्षर वाला लिखित नोट मिला है, जिसमें उन्होंने काम के दबाव को झेलने में असमर्थता का जिक्र किया है। राज्य में अब तक एसआईआर के कारण चार बीएलओ सहित 39 आम नागरिकों की मौत हो चुकी है।

# कांग्रेस एक विचारधारा और ये नहीं मरती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा और विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं। खरगे ने इंदिरा भवन स्थित पार्टी मुख्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस के महान नेताओं के कारण ही भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बन पाया।

उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं, जो कहते हैं कि कांग्रेस का अंत हो गया है। हमारी शक्ति भले ही कम हो गई हो, लेकिन हमारा हौसला अब भी बुलंद है। हमने किसी से समझौता नहीं किया, न संविधान से, न धर्मनिरपेक्षता से और न ही गरीबों के अधिकारों से। हम भले ही सत्ता में न हों, लेकिन हम समझौता नहीं करेंगे। खरगे ने बताया कि कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगे और जोर देकर कहा कि पार्टी ने कभी मंदिर-मस्जिद के नाम पर नफरत नहीं फैलाई। कांग्रेस एकजुट करती है, जबकि भाजपा) बांटती है।

### कांग्रेस राजनीतिक दल नहीं, भारत की आत्मा : राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है, जो हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश के साथ खड़ी है। उन्होंने पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित स्थापना दिवस में भाग लिया। गांधी ने एक्स पर कहा, संकल्प है कि नफरत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई और अधिक मज़बूती से लड़ेंगे। आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर कांग्रेसजन को हार्दिक शुभकामनाएं।

#### दिग्विजय का शशि थरूर ने किया समर्थन कहा- संगठन को मजबूत करना चाहिए

शशि थरूर ने दिग्विजय सिंह का समर्थन करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करना चाहिए। थरूर इंदिरा भवन मुख्यालय में दिग्विजय सिंह के बगल में बैठे थे। दिग्विजय सिंह ने शनिवार को आरएसएस और भाजपा की संगठनात्मक ताकत की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री की तस्वीर साझा करते हुए कहा था कि किस तरह एक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने कांग्रेस की मजबूती का मुद्दा भी उठाया था।

# कश्मीर : आरक्षण नीति के खिलाफ छात्र आंदोलन से पहले कई नेता नजरबंद

**श्रीनगर, एजेंसी**

- **नेताओं के छात्रों को समर्थन देने के बाद प्रशासन ने उठाया कदम**

जम्मू कश्मीर में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और नेशनल कांफ्रेंस के सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती, श्रीनगर से लोकसभा सदस्य रुहुल्लाह मेहदी, पीडीपी नेता वहीद पारा और श्रीनगर के पूर्व महापौर जुनैद मट्टू को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है। प्रशासन ने कदम इन नेताओं द्वारा उन छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त प्रकट किये जाने के बाद उठाया, जिन्होंने रविवार को गुपकर रोड पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा इस मुद्दे के समाधान के लिए समिति गठित किये जाने के एक साल पूरे होने के बावजूद नतीजा नहीं निकलने पर छात्रों की ओर से आयोजित मार्च में शामिल होने की मंशा जताई थी। पारा ने कहा कि नेताओं को नजरबंद कर दिया गया है ताकि वे छात्रों के साथ एकजुटता न प्रकट कर सकें।

# जरदारी बोले, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मुझे बंकर में छिपने की मिली थी सलाह

- एक कार्यक्रम में पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने किया खुलासा

लाहौर, एजेंसी



पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने खुलासा किया है कि उन्हें इस साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बंकर में छिपने की सलाह दी गई थी। जरदारी ने यह खुलासा अपनी पत्नी और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की 18वीं पुण्यतिथि के मौके पर सिंध प्रांत के लरकाना में एक कार्यक्रम में किया।

सत्ताईस दिसंबर 2007 को रावलपिंडी में बेनजीर भुट्टो की हत्या कर दी गई थई। उन्होंने कहा कि मेरे एमएस (सैन्य सचिव) मेरे पास आए और कहा कि सर, युद्ध शुरू हो गया है हमें एक बंकर में चले जाना चाहिए ... मैंने कहा कि अगर शहादत आनी है, तो यहीं आएगी। नेता बंकरों में नहीं मरते। वे युद्धभूमि में मरते हैं।

भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया था।

### नूर खान वायुसेना अड्डे पर हुआ था हमला

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने कबूल किया है कि भारत ने 10 मई की सुबह नूर खान वायुसेना अड्डे पर हमला किया था। यह दोनों देशों के बीच चार दिनों तक चले सशस्त्र संघर्ष के आठ महीने बाद संभवत: पहली बार है जब पाकिस्तान ने यह स्वीकार किया है। डार ने यह भी कहा कि मई में हुए संघर्ष के दौरान इस्लामाबाद ने पाकिस्तान और भारत के बीच मध्यस्थता का अनुरोध नहीं किया था। दावा किया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने भारत से बात करने की इच्छा व्यक्त की थी। पहलगाम हमले में 26 नागरिकों के मारे जाने के प्रतिशोध में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

## मजबूत हुई सीमा की निगरानी और सुरक्षा

आधुनिक युद्ध और सुरक्षा व्यवस्था में ड्रोन और टोही विमानों का महत्व बढ़ गया है। क्योंकि यह विमान सीमाओं की निगरानी, इलाके की रेकी और खुफिया जानकारी जुटाने जैसे कामों में बहुत उपयोगी साबित होते हैं। दुश्मन की पकड़ में आ जाने पर कोई जनहानि नहीं होती क्योंकि इनमें कोई सवार नहीं रहता है। दुनिया के विकसित देशों ने बहुत पहले से इनका प्रयोग दुश्मन के इलाकों की टोह लेने को शुरू कर दिया था। अब भारत भी तेजी से इन विमानों पर निर्भर होता जा रहा है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना द्वारा उपयोग किए जा रहे ये विमान सीमा सुरक्षा, समुद्री निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये विमान अत्याधुनिक कैमरों, रडार तथा सेंसरों से लैस होते हैं। ये विमान दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने, सीमा पर घुसपैठ का पता लगाने और रणनीतिक क्षेत्रों की निगरानी में सक्षम हैं।

## मानव रहित विमान



### मानव रहित विमानों के कार्य

- मानव रहित विमान कई दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होते हैं। सीमा क्षेत्रों, समुद्र तटों, जंगलों और संवेदनशील इलाकों की लगातार निगरानी की जा सकती है। इनमें लगे दिन-रात कैमरों और सेंसर से दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। दुश्मन की स्थिति, मूवमेंट और ठिकानों की जानकारी जुटाना आसान होता है। वास्तविक समय में कमांड सेंटर को डेटा भेजना आसान होता है। इनके माध्यम से खुफिया जानकारी, तस्वीरें, वीडियो, रडार और थर्मल डेटा इकट्ठा करना बहुत सरल होता जिससे सेना को निर्णय लेने में मदद मिलती है। सीमा और तटीय सुरक्षा में काफी कारगर होते हैं। आधुनिक सुरक्षा और रक्षा व्यवस्था का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये सुरक्षित, किफायती और प्रभावी तरीके से जानकारी देते हैं।

### इन विमानों के फायदे

- मानव रहित टोही विमानों के कई फायदे हैं। इनसे मानव जीवन की सुरक्षा होती है। खतरनाक इलाकों में पायलट भेजने की जरूरत नहीं पड़ती है। सुरक्षा का जोखिम कम होता है। ये टोही विमान लंबे समय तक उड़ान भरने में सक्षम होते हैं। इनके माध्यम से दुश्मन के इलाकों की लगातार निगरानी कर पाना संभव होता है। इनकी लागत कम होती है और मानव चालित विमानों की तुलना में संचालन सस्ता होता है। ईंधन और प्रशिक्षण पर भी खर्च कम आता है।

### आपदा प्रबंधन में भी होते हैं सहायक

- घुसपैठ, तस्करी और संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने के साथ यह आपदा प्रबंधन में भी ये सहायक होते हैं। बाढ़, भूकंप, आग जैसी आपदाओं में नुकसान का आकलन इनके माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। बाढ़ या आग में फंसे लोगों की खोज में मददगार होते हैं।

### भारत के पास मौजूद टोही विमान

- भारतीय वायुसेना, नौसेना और थलसेना के पास विभिन्न श्रेणियों के मानव रहित टोही विमान हैं। सर्चर एमके-2 श्रेणी का विमान एक मध्यम ऊंचाई और लंबे समय तक उड़ान भरने वाला है। इसका निर्माण इजराइल में हुआ है। यह लगातार निगरानी, टोही और लक्ष्य जानकारी के लिए इस्तेमाल होता है। हेरोन एमके-2 का इस्तेमाल विशेष रूप से सीमा क्षेत्रों में लंबी अवधि की निगरानी और इंटेलिजेंस के लिए किया जाता है। रूस्तम-2 भारत में विकसित मानव रहित विमान है जिसे टोही और निगरानी के लिए डिज़ाइन किया गया है। डीआरडीओ द्वारा विकसित लक्ष्य का उपयोग वेरिएंट प्रशिक्षण और टोही व्यवहार में किया जाता है। हाल ही में आर्य नामक एक मानव रहित विमान भी वायुसेना में शामिल किया गया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बालेंद्र शाह पीएम प्रत्याशी घोषित

**काठमांडू।** काठमांडू महानगरपालिका के महापौर बालेंद्र शाह को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की ओर से रविवार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया। बालेंद्र शाह को बालेन के नाम से भी जाना जाता है। इससे पहले, बालेन और आरएसपी ने नेपाल आम चुनाव मिलकर लड़ने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। देश में आम चुनाव के लिए मतदान पांच मार्च को होने हैं। रातभर चली लंबी बातचीत के बाद हुए सात सूत्री समझौते के तहत 35 वर्षीय बालेन को संसदीय दल का नेता एवं प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया।

### भारतीय ने जीता नस्ली भेदभाव का मुकदमा

**लंदन।** ब्रिटेन के एक न्यायाधिकरण ने दक्षिण-पूर्वी लंदन में एक मशहूर कंपनी के फ्रेंचाइजी आउटलेट में अपने प्रबंधक पर गलत तरीके से बर्खास्तगी और नस्ली भेदभाव का आरोप लगाने वाले एक भारतीय व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया और मुआवजे के रूप में लगभग 67,000 पाउंड देने का आदेश दिया। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले मधेश रविचंद्रन ने रोजगार न्यायाधिकरण की सुनवाई में बताया कि उनके श्रीलंकाई तमिल प्रबंधक ने उनके साथ भेदभाव किया और उनके लिए गुलाम और भारतीय धोखेबाज हैं जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया।

### दिल्ली में पकड़े गए सात नाइजीरियाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका इलाके में पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रहने के आरोप में सात नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस की कई टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर 24 दिसंबर को सत्यापन अभियान चलाकर इन विदेशी नागरिकों को पकड़ा और जांच के दौरान पता चला कि उनके पास वैध दस्तावेज नहीं थे। पकड़े गए सभी व्यक्ति या तो वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे थे या वैध अनुमति के बिना रह रहे थे।

### गिनी में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान

**कोनाक्री।** गिनी में 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद राष्ट्रपति चुनने के लिए रविवार को पहली बार मतदान हो रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि जनरल ममादी डौम्बौया की जीत की प्रबल संभावना है। यह चुनाव उस सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया का अंतिम चरण है, जो चार साल पहले डौम्बौया द्वारा तत्कालीन राष्ट्रपति अल्फा कोंडे की सत्ता से बेदखली के बाद शुरू हुई थी।

# बांग्लादेश का दावा, उस्मान हादी के दो संदिग्ध हत्यारे भारत भागे

## ढाका पुलिस ने कहा, संदिग्ध फैसल करीम और आलमगीर शेख मेघालय में घुसे

- दोनों संदिग्ध कब भागकर भारत में घुसे, दावे में यह स्पष्ट नहीं

ढाका, एजेंसी

इंकलाब मंच के नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के दो मुख्य संदिग्ध बांग्लादेश से फरार हो गए हैं और उनके इस समय भारत में होने का संदेह है। ढाका महानगर पुलिस (डीएमपी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। नकाबपोश बंदूकधारियों ने 12 दिसंबर को मध्य ढाका के विजयनगर इलाके में हादी के सिर में उस समय गोली मार दी थी, जब वह चुनाव प्रचार कर रहे थे। बाद में सिंगापुर में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। डीएमपी ढाका के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं परिचालन) एसएन मोहम्मद नजर-उल इस्लाम ने कहा कि संदिग्ध फैसल करीम मसूद और आलमगीर शेख स्थानीय सहयोगियों की मदद से भारत के मेघालय में घुस गए हैं।

द डेली स्टार ने इस्लाम के हवाले से खबर में कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार, दोनों संदिग्ध हलुआघाट सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश कर गए। सीमा पार करने के बाद उन्हें पहले पुरती नाम का एक व्यक्ति मिला। इसके बाद सामी नाम के एक टैक्सी चालक ने उन्हें मेघालय के तूरा शहर तक पहुंचाया। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को अनौपचारिक जानकारी मिली कि फरार आरोपियों की मदद करने वाले दोनों लोग पुरती और सामी को भारत में अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया है।

डीएमपी अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश सरकार संदिग्धों को वापस लाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण सुनिश्चित करने के लिए हम औपचारिक और अनौपचारिक दोनों माध्यमों से भारतीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। हालांकि, डीएमपी अधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि दोनों संदिग्ध कब बांग्लादेश से भागकर भारत में घुसे। इस मामले पर भारतीय अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संवाद संस्था (बीएसएस) की खबर के अनुसार इस्लाम ने कहा है कि हादी की हत्या की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और आगामी सात से दस दिनों के भीतर आरोपपत्र दाखिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब तक हत्या के मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से छह ने अदालत के सामने इकबालिया बयान दिए हैं।



बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं के विरोध में रविवार को बेंगलुरु में विभिन्न हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया और अंतरिम सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

### छात्र-नेतृत्व वाली एनसीपी में चुनाव से पहले फूट

**ढाका।** बांग्लादेश में फरवरी में प्रस्तावित चुनाव से पहले जमात-ए-इस्लामी के साथ प्रस्तावित गठबंधन के प्रस्ताव को लेकर छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) में रातों रात आंतरिक फूट देखी जा रही है। दरअसल, पार्टी के 30 नेताओं ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए एक संयुक्त पत्र जारी किया है जबकि दो वरिष्ठ सदस्यों ने अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी है। एनसीपी, स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) का एक बड़ा राजनीतिक धड़ा है। एसएडी ने पिछले वर्ष हुए हिंसक आंदोलन का नेतृत्व किया था।

### बीएसएफ व पुलिस ने दावों को किया खारिज

**शिलांग।** मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने बांग्लादेश पुलिस के उन दावों को रविवार को सिरे से खारिज कर दिया कि इंकलाब मंच के नेता शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे भारतीय राज्य में दाखिल हो गए हैं। मेघालय में बीएसएफ के आईजी ओ पी उपाध्याय ने कहा कि ये दावे निराधार और भ्रामक हैं। उपाध्याय ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि किसी व्यक्ति ने हलुआघाट सेक्टर से मेघालय में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार की हो। मेघालय पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गारो पर्वतीय क्षेत्र में संदिग्धों की मौजूदगी के दावे की पुष्टि करने के लिए कोई जानकारी या खुफिया प्रमाण नहीं है। अधिकारी ने कहा कि स्थानीय पुलिस इकाइयों को इस तरह की किसी गतिविधि की सूचना नहीं मिली है।

## खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उनके निजी चिकित्सक ने यह जानकारी दी। कई स्वास्थ्य जटिलताओं से जूझ रही 80 वर्षीय खालिदा जिया 23 नवंबर से ढाका के एवरकेयर अस्पताल में उपचाराधीन हैं और उन्हें 11 दिसंबर को वेंटिलेटर पर रखा गया था। डॉ. ए.जेड.एम. जाहिद ने बताया कि यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी हालत में सुधार हुआ है। फिलहाल उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

# श्रीहरिकोटा में चार साल में तीसरे प्रक्षेपण पैड को तैयार करने का इसरो का लक्ष्य

- प्रक्रिया जारी, उपयुक्त कंपनियों की हो रही तलाश : पद्म कुमार

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र पर तीसरा प्रक्षेपण पैड विकसित करने की प्रक्रिया में है और वर्तमान में इसके लिए उपयुक्त कंपनियों की तलाश की जा रही है। यह जानकारी एक शीर्ष वैज्ञानिक ने दी है।

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर पूर्व में स्थिति श्रीहरिकोटा परिसर 175 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी को विभिन्न प्रक्षेपण यानों के जरिये उपग्रहों को कक्षा में पहुंचाने की सेवा मुहैया कराता रहा है। श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक और प्रख्यात वैज्ञानिक पद्मकुमार ईएस ने कहा कि अंतरिक्ष में विभिन्न कक्षाओं में 12,000-14,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले बड़े उपग्रहों को स्थापित करने की योजना पर आगे बढ़ने के लिए इसरो को बड़े प्रक्षेपण यानों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इसरो तीसरे प्रक्षेपण पैड की योजना बना रहा है।

पद्मकुमार ने कहा कि हमारी योजना चार साल में तीसरा लॉन्च पैड स्थापित कर संचालित करने की है। इसके लिए प्रक्रिया चल रही हैं। हम खरीद प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं और इस विशाल परियोजना के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए उपयुक्त कंपनियों की पहचान कर रहे हैं। इस केंद्र का परिचालन अक्टूबर 1971 में रोहिणी-125 रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुआ था।

# लॉकहीड मार्टिन भारत में बनाएगा सी130जे विमान का उत्पादन केंद्र

- भारतीय वायुसेना के लिए विमान को बताया उपयोगी

मैरिएटा (अमेरिका), एजेंसी

करीब 80 सैन्य परिवहन विमान खरीदे जाने की भारत की तैयारी के बीच अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने अपने सी-130जे सुपर हरक्यूलिस को सर्वश्रेष्ठ विकल्प के रूप में पेश करते हुए कहा है कि विमानों का एक अतिरिक्त बेड़ा 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के बीच सामरिक हवाई परिचालन में भारत को मजबूत ताकत प्रदान करेगा।

लॉकहीड मार्टिन के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि यदि लॉकहीड मार्टिन को मौका मिलता है, तो वह भारत में इस विमान के उत्पादन के लिए एक बड़ा केंद्र स्थापित करेगा और यह अमेरिका के बाहर इस तरह की पहली वैश्विक सुविधा होगी। अब तक लॉकहीड मार्टिन सी-130जे सुपर हरक्यूलिस श्रेणी के 560 से अधिक विमानों की आपूर्ति कर चुकी है, जिन्होंने 30 लाख से अधिक उड़ान घंटे पूरे किए हैं। यह अग्रणी सामरिक परिवहन विमान 23 देशों में 28 संचालकों को सेवा दे रहा है। भारतीय वायु सेना वर्तमान में 12 सी-130जे विमानों का संचालन करती है। भारत के अलावा क्वाड के तीन अन्य सदस्य देश-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान-भी सी-130जे का संचालन कर रहे हैं। लॉकहीड मार्टिन में हवाई गतिशीलता और समुद्री मिशन की उपाध्यक्ष पेट्रिशिया ट्रिश पेगन ने कहा कि सी-130जे सुपर हरक्यूलिस हर कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन और क्षमताएं प्रदान करता है। यह विमान भारत के लिए सबसे बेहतर विकल्प होगा।

भारतीय वायु सेना ने 2022 में सोवियत काल के पुराने एएन-32 और आईएल-76 विमानों के स्थान पर मध्यम परिवहन विमान खरीदने के लिए सूचना अनुरोध जारी किया था। भारतीय वायु सेना करीब 80 सैन्य परिवहन विमान खरीदने की योजना बना रही है



### भारत के लिए इसलिए खास है सुपर हरक्यूलिस

भारत के लिए सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान खास है क्योंकि यह दुर्गम इलाकों, ऊंची हवाई पट्टियों (जैसे लद्दाख) और खराब मौसम में भी सैनिकों, भारी उपकरणों और राहत सामग्री को पहुंचाने में सक्षम है, जिससे भारतीय वायुसेना की सामरिक एयरलिफ्ट और स्पेशल ऑपरेशन क्षमताएं कई गुना बढ़ जाती हैं, खासकर चीन सीमा और आपदा राहत कार्यों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। यह विमान अपने मल्टी-मिशन क्षमताओं के कारण सैन्य लॉजिस्टिक्स, खोज और बचाव और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी जैसे कार्यों में भी उपयोगी है। यह 17 हजार फीट ऊंची और ऊबड़-खाबड़ हवाई पट्टियों पर भी उतर सकता है, यह टैंक, मिसाइलें और 90 सैनिकों को ले जाने की क्षमता रखता है, जिससे सैनिकों और उपकरणों को तेजी से तैनात किया जा सकता है। इसे हवाई ईंधन भरने, समुद्री निगरानी और विशेष अभियानों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

## दक्षिण अफ्रीका में इमारत गिरी, तीन लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पश्चिम में स्थित सोवेटो उपनगर में रविवार तड़के दो मंजिला इमारत के ढहने से एक साल के बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गए और उनका उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि इमारत ढहने के समय उसके भीतर कुल छह लोग मौजूद थे, आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने मलबे के नीचे फंसे तीन घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

जोहान्सबर्ग आपातकालीन प्रबंधन सेवाओं के प्रवक्ता जोलिले खुमालो ने कहा कि इस दुखद घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जिनमें दो वयस्क महिलाएं और एक बच्चा शामिल था। मामले की जांच अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

# म्यांमा में सैन्य शासन के बाद पहले चुनाव को मतदान शुरू

- दो दौर पूरे होने पर जनवरी के अंत में आएंगे अंतिम परिणाम

यांगून, एजेंसी

म्यांमा में सैन्य सरकार की देखरेख में पहली बार हो रहे आम चुनाव के पहले चरण के लिए रविवार को मतदान जारी है। जनवरी के अंत में मतदान के दो और दौर पूरे होने के बाद ही अंतिम परिणाम पता चलेंगे। व्यापक रूप से यह संभावना जताई जा रही है कि 2021 में सेना के सत्ता पर काबिज होने के बाद से देश का शासन संभाल रहे जनरल मिन आंग ह्लाइंग राष्ट्रपति पद ग्रहण करेंगे।


सैन्य सरकार ने इस चुनाव को चुनावी लोकतंत्र की वापसी के रूप में प्रस्तुत किया है लेकिन आलोचकों का आरोप है कि यह चुनाव सैन्य शासन को वैध दिखाने के लिए किया जा रहा है। म्यांमा में फरवरी 2021 में सेना द्वारा आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार को सत्ता से हटाए जाने के बाद सैन्य शासन शुरू हुआ था। देश के सबसे बड़े शहर यांगून, राजधानी नेपीता और अन्य जगहों पर मतदाता विद्यालयों, सरकारी भवनों और धार्मिक इमारतों में मतदान कर रहे हैं। आलोचकों का तर्क है कि प्रमुख दलों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने और दमनकारी माहौल के कारण चुनाव परिणाम वैध नहीं होंगे। मतदान तीन चरणों में हो रहा है। रविवार को पहला चरण म्यांमा की कुल 330 टाउनशिप में से 102 में कराया जा रहा है। दूसरा चरण 11 जनवरी को और तीसरा चरण 25 जनवरी को होगा। अंतिम नतीजों की घोषणा फरवरी तक होने की उम्मीद है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 दिसंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 10 .12 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शिशिर।

**चन्द्रबल**-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-रेवती 07 .41 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** - आज परिवार में आंतरिक मतभेद उभर सकते हैं। अव्यवहारिक निर्णय लेने से नुकसान होगा। सरकारी कार्यों में मनोनुकूल परिणाम मिलने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बहुप्रतीक्षित कार्यों में कुछ विलंब हो सकता है। धन उधार देने से बचें। दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृष** - आज पड़ोसियों से संबंध खराब हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से मतभिन्नता हो सकती है। दवाइयों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। मेहनत से पीछे न हटें और अपना काम करते रहें।

**मिथुन** - आज का दिन काफी शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर सकते हैं। व्यापारियों को योजनाओं में सफलता मिलेगी। बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिलेगी। सेहत को लेकर समस्या दूर होगी। प्रेमी जन को आप आज कुछ उपहार दे सकते हैं।

**कर्क** - आज जीवनसाथी की बातों को महत्व अवश्य दें। नजदीकी संबंधों में संवादहीनता उत्पन्न हो सकती है। कार्यक्षेत्र में गलतियों को बार-बार न दोहरायें। यात्रा के दौरान असुविधाजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। गुस्से में आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**सिंह** - आज आपके सभी काम सफल होंगे। जीवनसाथी आपको अच्छा उपहार दे सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। यदि आप शॉपिंग कर रहे हैं तो उसमें आपको भारी छूट मिल सकती है। मित्र व संबंधी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कन्या** - आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। अपने शौक और मनोरंजन पर धन खर्च कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर सावधान रहेंगे। प्रेम संबंधों में परस्पर सम्मान की भावना का ध्यान रखें। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोग आपको भ्रमित कर सकते हैं।

**तुला** - आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। आप दूसरों की मदद को लेकर तत्पर रहेंगे। उत्तम भोजन का आनंद उठायेंगे। किसी शुभ कार्य को लेकर मन में शंका उत्पन्न हो सकती है। विपरीत लिंग के लोग आपसे आज काफी आकर्षित रहेंगे।

**वृश्चिक** - आज विदेश में व्यापार करने के अवसर मिलेंगे। जो लोग पहले से विदेश में काम कर रहे हैं उन्हें बड़े व्यापारिक अनुबंध मिल सकते हैं। परिजनों के साथ किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी देवस्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**धनु** - आज नई नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। घर में हास्य व मनोरंजन का माहौल रहेगा। किसी शुभ कार्य को लेकर मन में शंका उत्पन्न हो सकती है। जीवनसाथी के साथ पर्यटन पर जाने के लिये दिन उत्तम है।

**मकर** - आज अपनी पुरानी गलतियों को स्वीकारें व उसे दूर करने का प्रयास करें। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मन में अनिष्ट का भाव रहेगा। अपनी योजनाओं को दूसरों से शेयर न करें। किसी तरह की बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

**कुंभ** - आज परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं। जहां आवश्यक न हो वहां बोलने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है। आज आवश्यक न हो तो दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मीन** - आज धार्मिक क्रियाओं में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। मतभेदों को दूर करने में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में किसी तकनीक त्रुटि के दूर होने से राहत मिलेगी। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे।

## सुडोकू -16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | 6 | | | |
| | 1 | | 4 | | | | | 9 |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 9 | | 5 | | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 1 | | 3 | | 4 |
| 2 | | | 9 | 6 | | | | 7 |
| 4 | | 6 | | | 3 | | 1 | |
| | | | | | 5 | 6 | | |

### सुडोकू - 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |



"160 किमी प्रति घंटा मेरे लिए किसी भी विकेट से कहीं अधिक मायने रखता है। निश्चित तौर पर टीम सर्वोपरि होती है तथा विश्व कप (2003) जीतना, लगातार 16 टेस्ट जीतना। यह सर्वोच्च उपलब्धि है। इसके लिए ही तो खेल खेला जाता है।
–ब्रेट ली, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज

# भारतीय महिलाएं अब 4-0 से आगे चौथे टी-20 में भी श्रीलंका परास्त

## स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने खेलीं शानदार अर्धशतकीय पारियां

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी से भारत ने रविवार को यहां चौथे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 30 रनों से हराकर पांच मैच की सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने दो विकेट पर 221 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाया। जवाब में श्रीलंका निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 191 रन ही बना सका।

स्मृति ने शुरुआती तीन मैच में विफल रहने के बाद 48 गेंद की अपनी पारी में 11 चौकों और तीन छक्कों से 80 रन बनाए। शेफाली ने अपने लगातार तीसरे अर्धशतक के दौरान 46 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से 79 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की जो इस प्रारूप में भारत की ओर से किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है।

ऋचा घोष (16 गेंद में नाबाद 40) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 16) ने तीसरे विकेट के लिए 23 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को इस प्रारूप में उसके सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। टीम ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ दिसंबर 2024 में चार विकेट पर 217 रन बनाए थे। भारत ने अपनी पारी में 28 चौके और आठ छक्के मारे जो इस प्रारूप में टीम की ओर से सबसे अधिक बाउंड्री का नया रिकॉर्ड है। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिसके बाद स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने मेजबान टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। स्मृति ने माल्शा शेहानी (32 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में दो चौकों के साथ शुरुआत की और फिर काव्या काविंदी के अगले ओवर में भी लगातार दो चौके मारे।



रिकॉर्ड शतकीय भागेदारी के दौरान खुशी जाहिर करतीं स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा। एजेंसी

शेफाली ने भी रश्मिका सेवांडी और चामरी पर दो-दो चौके मारे जिससे भारत ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 61 रन बनाए। स्मृति 27 रन बनाते ही महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय और कुल चौथी बल्लेबाज बनीं। भारत की मिताली राज, इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स इससे पहले यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। स्मृति ने सबसे कम 281 पारियों में यह उपलब्धि हासिल करके नया रिकॉर्ड बनाया। शेफाली ने 11वें ओवर में निमाशा मीपागे (40 रन पर एक विकेट) पर दो चौके और एक छक्के के साथ सिर्फ 30 गेंद में लगातार तीसरा अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में टीम के रनों का शतक भी पूरा हुआ।

समृति ने भी अगले ओवर में रश्मिका की लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के के साथ 35 गेंद में 50 रन के आंकड़े को पार किया।शेफाली ने 16वें ओवर में निमाशा को उन्हीं की गेंद पर कैच थमाया जिससे भारत को पहला झटका लगा जबकि अगले ओवर में स्मृति भी कैच दे बैठीं। ऋचा ने निमाशा पर चौके से खाता खोलने के बाद उनके अगले ओवर में भी लगातार दो चौके मारे। उन्होंने 19वें ओवर में कविशा की लगातार गेंदों पर तीन छक्के और एक चौका मारकर 23 रन बटोरे और भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। हरनमप्रीत ने अंतिम ओवर में लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ भारत को उसके पिछले सर्वोच्च स्कोर के पार पहुंचा दिया।

## हाईलाइट

### भारत के लिए खेलने पर पाकिस्तानी खिलाड़ी आजीवन प्रतिबंध

**कराची।** पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत पर इस महीने की शुरुआत में एक निजी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने पर राष्ट्रीय महासंघ ने अनिश्चितकाल प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने शनिवार को आपातकालीन बैठक के बाद राजपूत पर प्रतिबंध लगाया। उन्हें महासंघ या अन्य संबंधित अधिकारियों से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना टूर्नामेंट में खेलने के लिए विदेश यात्रा करने का दोषी पाया गया। पीकेएफ के सचिव राणा सरवर ने कहा कि राजपूत को अनुशासनात्मक समिति के समक्ष अपील करने का अधिकार है। सरवर ने कहा कि महासंघ ने इस तथ्य पर गंभीरता से ध्यान दिया कि राजपूत न केवल बिना एनओसी के विदेश यात्रा पर गए, बल्कि उन्होंने भारत की एक टीम का प्रतिनिधित्व किया था।

### युवराज संधू ने टाटा ओपन खिताब जीता

**जमशेदपुर।** युवराज संधू ने रविवार को यहां टाटा ओपन 2025 गोल्फ टूर्नामेंट में एक स्ट्रोक की जीत के साथ पीजीटीआई में एक ही सत्र में सबसे ज्यादा सात खिताब जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। अठाईस साल के संधू (67-64-68-65) बीती रात संयुक्त बढ़त पर थे। उन्होंने आखिरी दौर में छह-अंडर 65 का कार्ड खेला जिसमें आखिरी होल पर जीत दिलाने वाली बर्डी शामिल थी। उन्होंने पीजीटीआई सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में कुल 20-अंडर 264 का स्कोर किया। चंडीगढ़ के रहने वाले संधू ने दो हफ्ते पहले सत्र की अपनी छठी जीत के बाद 2025 पीजीटीआई 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' का ताज पहले ही हासिल कर लिया था। संधू ने दिल्ली में उस खिताब के साथ 2022 से मनु गंडास के एक सत्र में छह खिताब के पिछले रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

## वर्ष 2026 के प्रमुख खेल

| तारीख | आयोजन | जगह |
|---|---|---|
| 9 जनवरी-5 फरवरी | विमेंस प्रीमियर लीग | नवी मुंबई और वडोदरा |
| 18 जनवरी-1 फरवरी | ऑस्ट्रेलियन ओपन (टेनिस) | मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया |
| 6-22 फरवरी | विंटर ओलंपिक्स | मिलान और कॉर्टिना डी 'एम्पेजो, इटली |
| 7 फरवरी-8 मार्च | आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप | भारत और श्रीलंका |
| 8 मार्च-6 दिसंबर | एफ 1 वर्ल्ड चैंपियनशिप | दुनिया भर में 24 रेस |
| 24 मई-7 जून | फ्रेंच ओपन (टेनिस) | पेरिस, फ्रांस |
| 26 मार्च-31 मई | इंडियन प्रीमियर लीग | घोषणा की जाएगी |
| 30 मई | यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल | पुस्कास एरिना, बुडापेस्ट |
| 11 जून-19 जुलाई | फीफा विश्व कप 2026 | USA, कनाडा और मैक्सिको |
| 29 जून-12 जुलाई | विंबलडन | लंदन, इंग्लैंड |
| 6 जुलाई-23 अगस्त | ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 | रियाद, सऊदी अरब |
| 23 जुलाई-2 अगस्त | कॉमनवेल्थ गेम्स | ग्लासगो, स्कॉटलैंड |
| 14-30 अगस्त | एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप | बेल्जियम और नीदरलैंड्स |
| अगस्त 30-13 अक्टूबर | यूएस ओपन (टेनिस) | न्यूयॉर्क, USA |
| 11-13 सितंबर | एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप | बुडापेस्ट, हंगरी |
| 19 सितंबर -4 अक्टूबर | एशियन गेम्स | आइची और नागोया, जापान |

# आर्सेनल शीर्ष पर बरकरार

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

आर्सेनल ने ब्राइटन के अंतिम समय में जोरदार पलटवार से बचकर 2-1 से जीत हासिल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला स्थान बरकरार रखा। लेकिन मैनचेस्टर सिटी और एस्टन विला भी उससे ज्यादा दूर नहीं हैं। शीर्ष स्थान के लिए इन तीन टीमों के बीच कड़ी टक्कर है।

तालिका में पहले और तीसरे स्थान के बीच केवल तीन अंकों का अंतर है। नॉटिंघम फॉरेस्ट पर 2-1 से जीत के बाद मैनचेस्टर सिटी ने कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था लेकिन इसके कुछ देर बाद आर्सेनल ने ब्राइटन को इसी अंतर से हराकर फिर से पहला स्थान हासिल कर दिया। वह मैनचेस्टर सिटी से दो अंक आगे है। एस्टन विला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। इस तरह से उसने सभी प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज करने का अपना सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है। आर्सेनल के अब 18 मैच में 42 जबकि मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 40 और एस्टन विला की 39 अंक हैं। लिवरपूल चौथे स्थान पर है लेकिन उसके 32 अंक हैं।

लिवरपूल ने आखिरी स्थान पर काबिज वॉल्वरहैम्प्टन के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल करके अपनी शानदार वापसी जारी रखी जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गया। वॉल्वरहैम्प्टन ने किसी एक सत्र की शुरुआत से सबसे लंबे समय तक बिना जीत के रहने का नया प्रीमियर लीग रिकॉर्ड बनाया।

# सूर्या और ऋत्विक ने खिताब जीते

## राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप

**विजयवाड़ा।** सूर्या करिश्मा तामिरी ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल और ऋत्विक संजीवी ने पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। विजयवाड़ा की 19 वर्षीय सूर्या ने लगभग एक घंटे तक चले महिला एकल फाइनल में तन्वी पत्री को 17-21, 21-12, 21-14 से हराया। वहीं पुरुष एकल फाइनल में ऋत्विक ने भरत को 21-16, 22-20 से शिकस्त दी। तन्वी ने पहले गेम के बीच में नियंत्रण बनाते हुए सूर्या को कई अनफोर्स्ड गलतियां कराईं। दूसरे गेम में 6-5 के स्कोर पर सूर्या का एक सर्विस रिटर्न नेट में गया जिसे सर्विस जज ने 'ऊंचाई की गलती' करार दिया जिससे सूर्या को राहत मिली।

# एमसीजी के क्यूरेटर ने कहा-पहले दिन 20 विकेट गिरने से था सदमे में

**मेलबर्न, एजेंसी**

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के मुख्य क्यूरेटर मैथ्यू पेज ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह 'सदमे की स्थिति में' थे और नीरस ड्रॉ से बचने के लिए तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिच तैयार की गई। इस मैच में शुरू से लेकर आखिर तक विकेटों की झड़ी लगी रही और मैच दो दिन में समाप्त हो गया।

इंग्लैंड ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। श्रृंखला के 2017 में खेले गए मैच के नीरस ड्रॉ के रूप में समाप्त होने बाद एमसीजी पिच में नई जान डालने के लिए नियुक्त क्यूरेटर पेज ने रविवार को स्वीकार किया कि पिच पर 10 मिमी घास छोड़ना जरूरत से ज्यादा साबित हुआ।



तीसरे अंपायर से बात करते एमसीजी के मुख्य क्यूरेटर (बाएं)। एजेंसी

इसके कारण केवल 142 ओवरों में 36 विकेट गिरे, जिसके चलते इस पिच ने खिलाड़ियों और अधिकारियों दोनों के कान खड़े कर दिए। पेज की रविवार को पत्रकारों से कहा पहले दिन के बाद मैं सदमे में था। हम निश्चित रूप से निराश हैं कि यह मैच केवल दो दिन तक चला। यह रोमांचक टेस्ट मैच था, लेकिन यह लंबी अवधि तक नहीं चला। हम इससे सबक लेंगे और अगले साल बेहतर विकेट तैयार करने की पूरी कोशिश करेंगे।

उन्होंने कहा मैं पहले कभी इस तरह के टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं रहा और उम्मीद है कि भविष्य में मैं फिर से कभी इस तरह के टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं रहूंगा। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 2011 के बाद पहला टेस्ट मैच जीता लेकिन इसके बावजूद उसके कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंदबाजों के लिए बेहद अनुकूल पिच की कड़ी आलोचना की थी। पेज ने कहा हम जानते हैं कि यह मैच हमारी योजना के अनुसार नहीं चला। हमें पूरे चार-पांच दिन तक बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बने रहने की उम्मीद थी ताकि इस मैच का रोमांचक अंत हो सके।

## 160 किमी प्रति घंटे की गति मेरे लिए रखती थी सबसे ज्यादा मायने : ली

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज ब्रेट ली तेज गेंदबाजी के प्रति इतने जुनूनी थे कि उन्होंने नौ साल की उम्र में ही 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार हासिल करने का लक्ष्य बना लिया था और जब तक उन्होंने यह जादुई आंकड़ा हासिल नहीं कर लिया तब तक उनके लिए कोई भी व्यक्तिगत उपलब्धि या सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के विकेट उखाड़ना कोई मायने नहीं रखता था।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए 49 वर्षीय ली ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन अपने इस सपने को साकार करने के लिए समर्पित कर दिया था। इसके लिए उन्होंने अपनी मां हेलेन को श्रेय दिया जो एक फर्राटा धाविका थीं और इस तरह से उनके पास रफ्तार का सौदागर बनने के लिए आवश्यक आनुवंशिक गुण थे। क्रिकेट डॉट कॉम एयू के अनुसार ली ने कहा वह (160 किमी प्रति घंटा) मेरे लिए किसी भी विकेट से कहीं अधिक मायने रखता है।

## साक्षात्कार

### ड्रैग फ्लिकर दीपिका सेहरावत ने कहा -अगले साल टीम करेगी अच्छा प्रदर्शन

# नया साल महिला हॉकी के लिए नई उम्मीद लाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए यह साल मैदान के भीतर और बाहर भले ही अच्छा नहीं रहा हो, लेकिन हॉकी इंडिया लीग के जरिये पांच महीने बाद मैदान पर वापसी को तैयार ड्रैग फ्लिकर दीपिका सेहरावत का मानना है कि नए साल में चीजें अच्छे के लिए बदलेंगी। अगस्त में एशिया कप के लिए रवानगी से एक दिन पहले आखिरी अभ्यास सत्र में पैर फिसलने के कारण टीम से बाहर हुई दीपिका ने स्वीकार किया कि बीते साल टीम अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन यह भी कहा कि नया साल नई उम्मीदें लेकर आएगा।

हॉकी इंडिया लीग के जरिये वापसी कर रही 22 वर्ष की इस फॉरवर्ड ने कहा नए साल में नई चीजें शुरू होंगी तो काफी कुछ बदलेगा। अगला



साल काफी अहम है जिसमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना सबसे पहली चुनौती है और 2026 में एशियाई खेल भी हैं। प्रो लीग में आखिरी स्थान पर रहने के अलावा एशिया कप के फाइनल में चीन से 1-4 से हारकर भारतीय महिला टीम ने बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल अगस्त में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका गंवा दिया। अब उसे मार्च में हैदराबाद में क्वालीफायर खेलना है जिसमें इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरूग्वे, वेल्स और आस्ट्रिया भी भाग लेंगे और शीर्ष तीन टीमें विश्व कप का टिकट कटायेंगी।

वर्ष 2025 में हॉकी इंडिया के सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाली दीपिका ने कहा हॉकी से दूर ये पांच महीने मेरे लिए बहुत कठिन थे। मुझे गुस्सा आता था और मैं रोती थी कि टीम से बाहर क्यो हूं क्योंकि एशिया कप के लिये मेरी तैयारी अच्छी थी। अब पूरी तरह फिट होकर वापसी कर रही हूं और अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़नी है। उन्होंने कहा हमें दिखाना है कि भारत की महिला हॉकी टीम भी किसी से कम नहीं है।टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद महिला हॉकी का ग्राफ जो ऊपर गया था, उसे फिर लौटाना है। पिछला साल अच्छा नहीं रहा लेकिन अगला साल नई सुबह लेकर आएगा।

### खिलाड़ी के लिए फिटनेस बहुत जरूरी

दीपिका ने कहा कि एक खिलाड़ी के लिये शारीरिक के साथ मानसिक फिटनेस भी बहुत जरूरी है और एचआईएल में उनकी टीम एसजी पाइपर्स ने इसमें उनकी काफी मदद की। उन्होंने कहा खिलाड़ी अगर मानसिक तौर पर रिलैक्स हो तो शारीरिक फिटनेस आ ही जाती है। हम खुश रहते हैं तो प्रदर्शन भी अच्छा होता है। मैं हॉकी इंडिया लीग के जरिये वापसी करना चाहती थी तो राष्ट्रीय टीम का शिविर खत्म होने के बाद एसजी पाइपर्स ने मेरे लिये जयपुर में 15 दिन के विशेष शिविर का इंतजाम किया और मुझ पर भरोसा जताया। इसी की वजह से मैं फिट होकर वापसी कर सकी हूं। अब चोट से पहले वाले फॉर्म में लौटकर उन्होंने ड्रैग फ्लिक भी शुरू कर दी है।

## 2025

## बैडमिंटन

# सेन, सात्विक, चिराग का अच्छा प्रदर्शन

## युवा शटलरों ने भी जगाई उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन के लिए वर्ष 2025 उतार-चढ़ाव वाला रहा, जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ियों को फॉर्म हासिल करने के लिए जूझना पड़ा, लेकिन लक्ष्य सेन का एक खिताब, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना और युवा खिलाड़ियों की शानदार प्रगति ने उम्मीद की किरण भी जगाई। भारतीय खिलाड़ियों को इस वर्ष फिटनेस से जुड़ी समस्याओं से भी जूझना पड़ा, जिसका असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ा। इस सत्र में भारतीय खिलाड़ियों की सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि सेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताबी जीत रही।

सेन ने 2023 में कनाडा ओपन के बाद पहली बार सुपर 500 खिताब जीता और पिछले साल दिसंबर में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 जीतने के बाद यह उनका पहला खिताब था। हांगकांग ओपन में वह उपविजेता रहे थे। सात्विक और चिराग ने सत्र की शुरुआत में चोट और बीमारी से जूझने के बावजूद भारत की प्रमुख युगल जोड़ी के रूप में अपनी स्थिति को फिर से स्थापित किया। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता,



चिराग शेट्टी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व लक्ष्य सेन। एजेंसी

हांगकांग ओपन और चीन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनकर साल का सकारात्मक अंत किया। किदाम्बी श्रीकांत ने इस सत्र में वापसी की झलक दिखाई लेकिन वह कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए। मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल में उपविजेता रहकर उन्होंने पुराने दिनों की याद दिलाई लेकिन लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म नहीं कर सके। सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली ने महिला युगल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

भारतीय बैडमिंटन में वर्ष 2025 में सबसे उत्साहजनक संकेत युवा पीढ़ी से मिले। 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने अमेरकी ओपन सुपर 300 जीता और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने जापान के कोदाई नाराओका, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू, चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन और कनाडा के ब्रायन यांग पर भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की, जिससे उनकी शानदार प्रगति का पता चलता है।



तन्वी शर्मा।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप में तन्वी ने रजत जीतकर सबका ध्यान खींचा

सोलह वर्षीय तन्वी शर्मा ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के एकल वर्ग में रजत पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। उन्होंने अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी जगह बनाई थी तथा सैयद मोदी इंटरनेशनल में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा को हराकर इस सत्र की सबसे शानदार जीत में से एक हासिल की। तन्वी ने गुवाहाटी मास्टर्स में उपविजेता रहकर वर्ष का समापन किया। उन्नति हुडा ने विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतकर विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर पहुंच गईं। चीन मास्टर्स में पीवी सिंधू पर उनकी जीत ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। गुवाहाटी मास्टर्स में संस्कार सारस्वत ने अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता।

### सीनियर खिलाड़ियों ने किया निराश



भारत के सीनियर खिलाड़ियों के लिए हालांकि वर्ष 2025 काफी हद तक निराशाजनक साबित हुआ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु तीन बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन उन्हें छह बार पहले दौर में और चार बार दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। साल की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग की समस्या ने उनके अभियान को बाधित किया, जिसके बाद पैर में चोट लगने के कारण उन्हें अक्टूबर के बाद सभी बीडब्ल्यूएफ प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेना पड़ा। वर्ष 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय के लिए यह सत्र और भी कठिन रहा। चोटों ने उनके प्रदर्शन को बुरी तरह प्रभावित किया। जनवरी में इंडिया ओपन में टखने की चोट और सितंबर में कोरिया ओपन में पसली की मांसपेशियों में लगी चोट के कारण वे नियमित रूप से अभ्यास नहीं कर पाए, जिससे उन्हें नौ बार दूसरे दौर से और आठ बार पहले दौर से बाहर होना पड़ा। भारत ने टीम प्रतियोगिताओं में भी निराशाजनक प्रदर्शन किया। एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप और सुदीरमन कप में भारत का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।